

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

लखनऊ । वर्षः 16 । अंकः 109 । मूल्यः ₹ 3.00/- । पेज : 12 । शुक्रवार । 31 जनवरी, 2025

### भगदड़ के बाद भी नहीं सुधरी पुलिसिंग

त्रिवेणी संगम में मची भगदड़ के बाद भी पुलिस ने कोई सबक नहीं लिया। कई करोड़ लोग प्रयागराज की सड़कों पर थे इसके बावजूद पर्याप्त संख्या में पुलिस बल नहीं दिखा। मेलाक्षेत्र समेत महानगर की प्रमुख सड़कों पर अव्यवस्थाओं का बोलबाला रहा।

### माइक से आवाज बहुत धीरी आ रही थी

सड़कों और पुलों पर चीटियों की तरह रेंग रही लाखों लोगों की भीड़ को निर्देश देने के लिए जिन माइक का उपयोग किया जा रहा था उनकी आवाज इतनी धीमी थी कि उनकी आवाज लोगों तक पहुंच ही नहीं रही थी और लोग घबराए हुए थे।

### लोग घबरा रहे, राहत मांग रहे

अव्यवस्थाओं का आलम बृहस्पतिवार को भी बरकरार रहा। स्थिति को नियंत्रित करने के नाम पर पुलिस प्रशासन श्रद्धालुओं को राहत दिलाने में तो नाकाम रहा, कारगुजारी दिखाने के लिए महानगर में खुली चाई नाशते की दुकानों तक को बंद कराता रहा।

# प्रयागराज में सिस्टम फेल, करोड़ों श्रद्धालु बेबस

## तीर्थराज प्रयाग में मौनी अमावस्या पर पुलिस-प्रशासन की लापरवाही का खामियाजा देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालुओं को उठाना पड़ा



- मुख्यमंत्री योगी के सुझाव के बावजूद कि मौनी अमावस्या पर कोई बंदोबस्त नहीं दिखा
- पुलिस-प्रशासन का अमला सामान्य दिनों की तरह ड्यूटी की औपचारिकताएं निभाता रहा
- श्रद्धालु जिंदगी, सुकून की सांस और रोटी-पानी तक के लिए तरसे

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

तीर्थराज प्रयाग में मौनी अमावस्या पर पुलिस-प्रशासन की लापरवाही का खामियाजा देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालुओं को उठाना पड़ा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सुझाव के बावजूद कि मौनी अमावस्या पर 6 करोड़ से अधिक श्रद्धालु स्नान करेंगे, पुलिस-प्रशासन का अमला सामान्य दिनों की तरह ड्यूटी की औपचारिकताएं निभाता रहा। माहाकुंभक्षेत्र में न सुविधाओं की व्यवस्था थी और न सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त। इसके चलते 30 लोगों की जान चली गई (सूत्रों के अनुसार संख्या अधिक) और कई लोग घायल हो गए।

### सड़कों पर खुले आसमान के नीचे सोने को मजबूर लोग

लगभग 10 करोड़ लोगों के प्रयागराज आने के करण महानगर में ठहरने की व्यवस्था भी चरमरा गई। इतनी बड़ी संख्या में होटल धर्मशाला हैं नहीं। जो होटल हैं भी वो पहले से बुक थे। लिहाजा श्रद्धालुओं को सर्द हवाओं के बीच पार्किंग में, सड़कों पर खुले में शॉल, दुपट्टा, चादर बिछाकर सोना पड़ा।

### बाहर से आए लाखों वाहन फंसे, लोग बेबस

त्रिवेणी संगम में भगदड़ के बाद महानगर में लाखों छोटे बड़े वाहन जहाँ के तहां खड़े रह गए। लोगों के दवा व अन्य जरूरी सामान उनके कार और बस में रखा रह गया, वो सड़कों पर रात गुजारते दिखे। लोग किसी भी हाल में प्रयागराज की सीमा से निकलना चाहते थे लेकिन छोटे बहनों को जाने का मौका नहीं मिला। यह अव्यवस्था बृहस्पतिवर को भी बनी रही।



### खाना भी नसीब नहीं हुआ

कई करोड़ लोग सड़कों पर आ जाने के कारण हर तरह की व्यवस्था चरमरा गई। वहीं, कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए छोटी दुकान, ठेले आदि बंद करा दिए गए। इससे श्रद्धालुओं की दिक्कत बढ़ गई। उन्हें खाने के लिए भटकना पड़ा। जो होटल, ढाबे खुले भी थे उनमें बहुत अधिक संख्या में भोजन के बंदोबस्त की व्यवस्था नहीं थी।

### न के बराबर रहे यातायात के साधन

जिस संख्या में मौनी अमावस्या पर श्रद्धालु प्रयागराज पहुंचे उन्हें रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड व अन्य स्थानों से माहाकुंभ ले जाने और वहां से वापस के लिए यातायात के पर्याप्त साधन नहीं थे। मेला क्षेत्र में कई किलोमीटर पैदल चल चुके लोग महानगर की सड़कों पर भी पैदल चलने को मजबूर रहे।

### बाइक, ई-रिक्शा, कार वाले वसूल रहे मुंहमांगी कीमत

बड़ी संख्या में पैदल भटक रहे थके-हारे लोगों की मजबूरी का फायदा स्थानीय लोगों ने उठाया। बाइक, ई रिक्शा और कार वालों ने दो किलोमीटर ले जाने के लिए 200 से 500 प्रति व्यक्ति के हिसाब से वसूले।

### लोगों की वापसी नहीं करा पा रहा प्रशासन

प्रशासन द्वारा ट्रेन और सरकारी बसों से लोगों की वापसी सूनिश्चित कराने के दावों के बीच बृहस्पतिवर को भी कई करोड़ लोग अपने घरों से दूर प्रयागराज में फंसे हुए हैं। इनमें ज्यादातर लोग अपने वहनों से आये हैं। लाखों बस और कार पार्किंग समय सड़कों के किनारे खड़ी हुई हैं। लोगों ने अपने बच्चों को बसों की सीट पर लिटाया हुआ है। खुद बेचारे बस के बाहर जमीन पर अनुमति मिलने और वापस लौटने का इंतजार कर रहे हैं।

### पुल, पैंटून पुल पर था मौत का मंजर

त्रिवेणी संगम में भाग की 12 घंटे बाद भी महानगर मे मेला क्षेत्र से बाहर श्रद्धालुओं की आवाजाही के लिए बनाए गए पैंटून पुल और पुल पर लाखों लोग फंसे से हु? थे। लोग किसी तरह वापस जाने के लिए आतुर थे। इस घबराई भीड़ को समझाने और नियंत्रित करने के लिए उनके बीच कोई पुलिस नहीं थी। कुछ समझदार लोग आपस में ही एक दूसरे को समझा कर स्थिति को नियंत्रित किए हुए थे।

### कहीं नहीं दिखे मेटल डिटेक्टर

आतंकी खतरों की आशंकाओं के बीच भी पुलिस प्रशासन ने माहा कुंभ मेले में सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक प्रबंध नहीं किए। दावे कुछ भी हों त्रिवेणी संगम की ओर जाने वाले रस्तों पर मेटल डिटेक्टर समेत कोई अन्य सुरक्षा उपकरणों से किसी श्रद्धालु की जांच नहीं की गई। जबकी दिन रात लाखों-करोड़ श्रद्धालु बैग और सिर पर बोरियों में सामान लादकर जाते रहे। इनमें कोई भी अराजक तत्व किसी तरह के बंब, बारूद का दुरूपयोग कर सकता था।

### क्यों नहीं रहा क्राउड मैनेजमेंट

पहले से इस बात की जानकारी होने के बावजूद कि मौनी अमावस्या पर कई करोड़ लोग प्रयागराज आएंगे क्राउड मैनेजमेंट के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया। भीड़ पूरी तरह अपने हाल पर और अनियंत्रित थी।

### हादसे के बाद हरकत में प्रशासन, डीजीपी-प्रमुख सचिव ने संभाली कमान

## वीवीआईपी पास रद्द, मेला क्षेत्र में वाहनों का प्रवेश बंद

- अब श्रद्धालुओं के आने और जाने के लिए अलग-अलग होंगे रास्ते
- महाकुंभ में फिलहाल चार फरवरी तक रहेगी यह नई व्यवस्था

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर बुधवार रात भगदड़ के बाद प्रशासन अलर्ट मोड पर है। डीजीपी और प्रमुख सचिव ने कमान संभाल ली है। गुरुवार सुबह डीजीपी प्रशांत कुमार और मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने महाकुंभ मेला क्षेत्र का जायजा लिया। दोनों अधिकारी उस जगह पहुंचे, जहां पर बुधवार रात भगदड़ मची थी। अफसरों ने ऊंचे मचान पर चढ़कर मेला क्षेत्र का जायजा भी लिया। मेला क्षेत्र में अब किसी भी तरह के वाहन की एंट्री नहीं होगी। अब श्रद्धालुओं के आने और जाने के लिए भी अलग-अलग रास्ते बनाए गए हैं। साथ ही वीवीआईपी पास को रद्द कर दिया गया है। यह नई व्यवस्था फिलहाल चार फरवरी तक के लिए है।

### 2019 के कुंभ में तैनात अफसरों को बुलाया

महाकुंभ में हादसे के बाद देश-दुनिया में हो रही किरकिरी से आहत सरकार ने उन अफसरों को भी बुलाया है, जिनकी साल 2019 के कुंभ में ड्यूटी थी। महाकुंभ की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए सरकार ने यह कदम उठाया है। जिन अधिकारियों को बुलाया गया है, उनमें आईएसएस आशीष गोयल और भानु गोस्वामी शामिल हैं।

### एक माह में रिपोर्ट सौंपेगा आयोग

योगी आदित्यनाथ की ओर से बनाए गए न्यायिक जांच आयोग में इलाहाबाद हाईकोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस हर्ष कुमार, पूर्व आईपीएस वीके गुप्ता और पूर्व आईएसएस डीके सिंह शामिल हैं। तीनों सदस्य महाकुंभ हादसे की जांच के बाद एक महीने के अंदर सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे। रिपोर्ट के आधार पर जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई तय की जाएगी। निलंबन से लेकर बर्खास्तगी जैसी कार्रवाई भी की जा सकती है।

### तीन सदस्यीय जांच कमेटी 31 को पहुंचेगी प्रयागराज

इधर महाकुंभ में हुए हादसे की जांच के लिए बनाई गई कमेटी के तीनों सदस्य लखनऊ स्थित कार्यालय में पहुंचे हैं और जांच की पहलुओं पर चर्चा की। जानकारी के अनुसार 31 जनवरी को सुबह 8 बजे न्यायिक आयोग के तीनों सदस्य प्रयागराज के लिए रवाना होंगे। दोपहर एक बजे जांच टीम के सदस्य प्रयागराज पहुंचेंगे और एक घंटे बाद दोपहर 2 बजे महाकुंभ मेला अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। टीम के सदस्य हादसा स्थल पर उन सभी पहलुओं की गहनता से जांच पड़ताल करेंगे जो हादसे के लिए जिम्मेदार हैं। यह आयोग दुर्घटना के पीछे कारण खोजने के साथ ही लापरवाही और जिम्मेदार लोगों को भी सामने लाएंगे। इसके अलावा, यह भी देखा जाएगा कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं।

### हादसे पर गरमा रही राजनीति

महाकुंभ हादसे को लेकर उत्तर प्रदेश में राजनीति भी गरमाने लगी है। विपक्ष ने सरकार को घेरना शुरू कर दिया है। विपक्ष हादसे के लिए सरकार पर नाकामी का ठीकरा फोड़ रहा है। वहीं सरकार कहा कहना है कि मामले में कोताई नहीं बरती जाएगी, जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए भी कार्य योजना तैयार की जाएगी।

## महाकुंभ क्षेत्र में किसी भी स्थान पर स्नान से मिलता है समान पुण्य, अखाड़ा परिषद ने समझाई महत्ता

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज



महाकुंभ स्नान के शुभमुहूर्त की बात सुनकर दूर-दराज से लोगों का प्रयागराज आने का क्रम जारी है। ऐसे में कुंभनगरी में श्रद्धालुओं की बेतहाशा भीड़ उमड़ पड़ी है। अधिकांश संगम के आसपास के घाटों में ही स्नान करना चाहते हैं। इस वजह से अच्छी खासी भीड़ यहां देखने को मिल रही है। संगम क्षेत्र में हादसे के बाद श्रीगोवर्धन पीठ के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती समेत अन्य सभी प्रमुख संत का कहना है कि मुहूर्त काल में कुंभनगरी में कहीं भी स्नान कर लेने से सर्वमंगलकारी फल मिलेगा। इसके लिए किसी विशेष क्षेत्र में स्नान की कोई आवश्यकता नहीं है। श्रीगोवर्धन पीठ के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती का कहना है कि गंगा में डुबकी लगाने से सर्वमंगलकारी फल मिलता है। त्रिवेणी में डुबकी लगाने का योग न हो तो भावना से फल मिल सकता है। यहां की जलवायु में त्रिवेणी का सन्निवेश है। यहां की हवा उसकी पवित्रता को लेकर बहती है। शंकराचार्य ने कहा कि कहीं भी स्नान करें, समान पुण्य फल मिलता है।

### जहां स्थान मिले, वहां स्नान करना चाहिए

वहीं, अखिल भारतीय दंडी स्वामी परिषद अध्यक्ष जगद्गुरु स्वामी महेशाश्रम ने भी गंगा स्नान को पुण्यकारी बताया। उन्होंने कहा कि परंपरा के मुताबिक, दंडी स्वामी अखाड़ों के साथ ही अमृत स्नान करते हैं। लेकिन, गंगा स्नान के महत्व को देखते हुए दंडी स्वामियों ने भी मौनी अमावस्या पर गंगा स्नान किया।

## महाकुंभ में फिर लगी आग, कई पंडाल चपेट में आए, कोई हताहत नहीं, डोम सिटी में भी उठीं लपटें

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

महाकुंभ के सेक्टर 22 छतनाग झूंसी में बने टेंट सिटी में बृहस्पतिवार को आग लग गई। आग लगने नके कारणों का पता नहीं चल सका है। जब तक लोग कुछ समझ पाते आगे ने विकराल रूप धारण कर लिया। टेंट सिटी के दर्जन भर से अधिक टेंट जलकर राख हो गए। राहत की बात यह रही कि हादसे में किसी की जान नहीं गई। सूचना पाकर दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इसी तरह नैनी में अरैल स्थित मेला क्षेत्र के सेक्टर नंबर 25 में डोम सिटी में भी बृहस्पतिवार को दिन में साढ़े चार बजे के करीब आग लग गई। सूचना मिलने पर कई दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। घटना की जानकारी होते ही बड़ी संख्या में अधिकारी मौके पर पहुंच गए।

# मौनी अमावस्या के महापर्व पर प्रयागराज रेल मण्डल ने रिकॉर्ड 222 से अधिक मेला स्पेशल ट्रेनों का किया संचालन

- प्रयागराज रेलवे ने 222 मेला स्पेशल ट्रेनों के साथ 360 से अधिक ट्रेनों का किया संचालन
- एनसीआर महाप्रबंधक और मण्डल रेल प्रबंधक कंट्रोल रूम से करते रहे निगरानी

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

सनातन आस्था के महापर्व महाकुम्भ के सबसे बड़े अमृत स्नान मौनी अमावस्या पर्व पर 8 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र त्रिवेणी में स्नान किया। पिछले कई दिनों से करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन प्रयागराज से हो रहा था। प्रयागराज रेल मण्डल ने श्रद्धालुओं के सुरक्षित और सुगम आवागमन के लिए बुधवार को रिकॉर्ड 222 मेला स्पेशल ट्रेनों के साथ 360 से अधिक ट्रेनों का संचालन किया। प्रयागराज रेलवे के सभी स्टेशनों से मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन पूरे दिन किया जाता रहा।

### नियमित ट्रेनों के साथ दौड़ीं रिकॉर्ड स्पेशल ट्रेनें

प्रयागराज रेल प्रशासन ने मौनी अमावस्या के अमृत स्नान पर्व पर श्रद्धालुओं के सुरक्षित और सुगम आवागमन के लिए विशेष प्रबंध किये थे। प्रयागराज रेल मण्डल और शहर के अन्य रेलवे स्टेशनों पर भी आश्रय स्थल, होल्डिंग एरिया के साथ आसान टिकट वितरण की व्यवस्था की गई थी। तीर्थयात्रियों के सुरक्षित प्रवेश और निकास के लिए जीआरपी और सिविल पुलिस की संयुक्त कार्ययोजना के अनुरूप कार्य किया गया। साथ ही करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं को सुरक्षित उनके गंतव्य स्टेशन तक पहुंचाने के लिए प्रयागराज रेल मण्डल ने रिकॉर्ड 222 मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया। रेल प्रशासन ने बताया कि नियमित ट्रेनों के साथ शहर के सभी स्टेशनों से 360 से अधिक ट्रेनें चलाई गईं।



### सभी स्टेशनों से चली स्पेशल गाड़ियां

प्रयागराज रेल प्रशासन ने बताया कि महाकुम्भ में मौनी अमावस्या के पर्व पर एनसीआर के प्रयागराज जंक्शन से 104, छिवकी से 23, नैनी से 17और सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन से 13 मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन हुआ। जबकि प्रयागराज परिक्षेत्र में एनआर के प्रयाग स्टेशन से 23, फाफामऊ स्टेशन से 05 और पूर्वोत्तर रेलवे के रामबाग स्टेशन से 09 तथा झूंसी स्टेशन से 28 स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया। शहर में एनसीआर के स्टेशनों से 05 विस्तारित ट्रेनें, 05 रिंगरेल, 03 लंबी दूरी की गाड़ियां और गैर टाइम टेबल की 69 ट्रेनें चलायी गई।

### सुबह से एक्टिव हुए होल्डिंग एरिया

प्रयागराज रेल प्रशासन ने बताया की सुबह 08 बजे के आस पास श्रद्धालुओं की संख्या जैसे ही बढ़नी शुरू हुई, खुसरोबाग स्थित होल्डिंग पॉइंट को ऑपरेट कर दिया गया था। सिविल पुलिस की मदद से श्रद्धालुओं को खुसरोबाग से गाइडेड तरीके से प्रयागराज स्टेशन ला कर उनके गंतव्य स्टेशन की ट्रेनों में बोर्ड कराया गया। एनसीआर के महाप्रबंधक उपेन्द्र जोशी वॉर रूम से और मंडल रेल प्रबंधक हिमांशु बडोनी कंट्रोल रूम से लगातार स्थिति की मानिटरिंग करते रहे।

# प्रयागराज महाकुंभ से लौटे लाखों श्रद्धालुओं ने मंदाकिनी में लगाई डुबकी

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



प्रयागराज महाकुंभ व मौनी अमावस्या में जनपद आई श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करते हुए पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने पूरा जोर लगा दिया। डीएम-एसपी ने लगातार भ्रमण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए श्रद्धालुओं की सुविधाओं को देखा। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए बेडी पुलिया, रामघाट, बरहा के हनुमान मंदिर, यूपीटी तिराहा सहित महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों पर लगातार भ्रमणशील होकर सुरक्षा में लगे सुरक्षा कर्मियों को मेले को सकुशल संपन्न करने के निर्देश दिए। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट व जोनल मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि कहीं पर भी भीड़ इकट्ठी न होने पाए। अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग को निर्देशित किया कि बैरिकेटिंग को टाइट रखें, जिससे कि नाविक किनारे पर न आ सके तथा श्रद्धालुओं को स्नान करने में परेशानी न हो। उन्होंने अधिशासी अधिकारी कर्वी को रामघाट पर सफाई व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। नाविको को निर्देशित किया कि कोई भी श्रद्धालु से अतिरिक्त पैसा न लें। उप जिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि निर्मोही अखाड़ा से फूड प्लाजा तक रोड़ पर अतिक्रमण करने वालों को नोटिस जारी करें। फूड प्लाजा के पास विकास प्राधिकरण की खाली पडी जमीन का नक्शा लेकर निरीक्षण करने को कहा। सीसी टीवी कैमरा का निरीक्षण करते हुए संचालित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने परिक्रमा मार्ग व रामघाट में आए श्रद्धालुओं से उनकी समस्याओं के बारे में जाना। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, पुलिस क्षेत्राधिकार राजकमल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### ड्रोन कैमरे से की गुई निगरानी

महाकुंभ 2025 प्रयागराज व अमावस्या मेला के दृष्टिगत जनपद में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने व मेले का सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर मेला क्षेत्र के यूपीटी तिराहे पर ड्रोन कैमरे से निगरानी करते हुए श्रद्धालुओं की भीड़ पर दृष्टि बनाए रखी गई।

### संयुक्त टीम ने चलाया जांच अभियान

महाकुंभ 2025 प्रयागराज व अमावस्या मेला में आए श्रद्धालुओं की भीड़ के दृष्टिगत एस चेक टीम, डॉग स्क्वॉयड व एलआईयू चित्रकूट की संयुक्त टीमों द्वारा मेला क्षेत्र के रामघाट सहित भीड़-भाड़ वाले स्थान में संदिग्ध वस्तुओं व व्यक्तियों की जांच की गई। साथ ही लोगों को संदिग्ध वस्तुओं को न छूने के लिए जागरूक किया।

### बिछड़ों को मिलाया

मेला क्षेत्र में ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा श्रद्धालुओं की भीड़ में बिछड़ी तीन महिलाओं व एक बालक को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया। जिसमें मेला क्षेत्र के भरतमिलाप मंदिर पर परिजनों से बिछडी इन्दु निम्बलांकर, लक्ष्मण पहाड़ी के पास परिजनों से बिछडी उर्मिला डेहरिया, कामतानाथ मंदिर में परिजनों से बिछडी कैलाशी पटेल को ड्यूटी पर तैनात जनसूचना सेल निरीक्षक जयप्रकाश उपाध्याय, उपनिरीक्षक अनूप शुक्ला, आरक्षी शुभम शुक्ला व महिला आरक्षी अंजली द्वारा सम्पर्क कर उनके परिवार के सुपुर्द किया गया। इसी प्रकार सात वर्षीय डुग्गू सिंह रजावत अपने माता-पिता से बिछड़ गया था, जिसे ड्यूटि पर तैनात उपनिरीक्षक उत्कर्ष सिंह, महिला आरक्षी रीता यादव, प्रियंका सिंह, आरक्षी विवेक कुमार द्वारा मोबाइल नंबर से संपर्क कर बच्चे को पिता प्रदीप सिंह रजावत के सुपुर्द किया गया।

# योगी जी! जिला पंचायत अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी में कर रहा भितरघात, विपक्षी दलों को दिला रहा लाभ

- जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल पर लोकसभा का टिकट न मिलने के कारण नाराज हो भाजपा प्रत्याशी को हराने का लगा आरोप
- पाल-पाल मैं हुईयों काल की तर्ज पर कार्य कर रहे जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल
- परत दर परत खुल रही जिला पंचायत अध्यक्ष की पोल
- जिला पंचायत अध्यक्ष रहते हुए किया भ्रष्टाचार-जांच जारी?
- ूसरे दलों के जिला पंचायत सदस्यों से सांठ-गांठ कर भ्रष्टाचार को दे रहे बढ़ावा
- भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने के लिए समर्थकों से लगवा रहे जातिवाद की दुहाई
- सोशल मीडिया में वायरल खबर

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



जिस भारतीय जनता पार्टी ने सुनील पटेल को जिला पंचायत अध्यक्ष बनाया वही जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल अब भारतीय जनता पार्टी की ही जडे खोद रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी से बांदा-चित्रकूट लोकसभा का टिकट न मिलने पर नाराज़ अपनी ही जाति वाले प्रत्याशी (आर के पटेल) का अंदर खाने विरोध किया। और उसका नतीजा ये रहा कि बबेरू विधानसभा में सांसद प्रत्याशी बुरी तरह हारा। जबकि सदर विधानसभा में, जहाँ प्रकाश द्विवेदी विधायक हैं वहां भाजपा प्रत्याशी (आर के पटेल) बढ़त पर रहे। सुनील पटेल के भारतीय जनता पार्टी भितरघात की शिकायत भी प्रदेश नेतृत्व में की गयी। जिस थाली में खाया उसी में छेद किया का सिलसिला अभी ख़त्म नहीं हुआ। जिला पंचायत में अधिशाषी अधिकारी और दूसरे दल के सदस्यों के साथ भ्रष्टाचार की इबारत लिखने लगे और भाजपा के सदस्यों को काम तक नहीं देने लगे तो सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, मंत्री रामकेश निषाद इत्यादि ने प्रश्न खड़े किए तो, बीच बैठक से भाग खड़े हुए। बता दें कि सुनील पटेल द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की जाँच चल रही है, अगर दोषी पाए गए तो वित्तीय अधिकार भी सीज हो जाएंगे। यही कारण है की जब सुनील पटेल चारो तरफ से घिरते नज़र आए तो शोशल मीडिया पर अपने समर्थको से जातिवाद की बात लिखवाने लगे। जबकि अपनी ही जात वाले प्रत्याशी की लोकसभा में खुद जडे खोदते रहे थे। वाह रे लालच, जिस पार्टी ने बनाया तुम उसी के न हुए, उल्टा पीड़ित होने का ढोंग रच रहे हो। जनता सब जानती है, समय आने पर जवाब मिलेगा?

# प्रसव के बाद महिला की मौत, लापरवाही का आरोप

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

- पति सर्वेश वर्मा ने गांव की आशा कार्यकर्ता सीमा से एंबुलेंस की मांग की, उसी दौरान घर में ही प्रसूता का हो गया प्रसव



**अतर्रा।** प्रसव के बाद महिला की हालत बिगड़ गई। इससे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने आशा कार्यकर्ता और अस्पताल स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

कोतवाली क्षेत्र के गुमाई गांव निवासी अनीता (22) को बुधवार को सुबह प्रसव पीड़ा होने पर पति सर्वेश वर्मा ने गांव की आशा कार्यकर्ता सीमा से एंबुलेंस की मांग की, उसी दौरान घर में ही प्रसूता का प्रसव हो गया। इससे अनीता की हालत बिगड़ गई। पति सर्वेश ने दोबारा आशा से साधन की मांग की। आरोप है कि आशा ने एंबुलेंस न होने की बात कहकर निजी साधन से अस्पताल आने के लिए उनसे कह दिया।

परिजन प्रसूता को ई रिक्शा से लेकर सीएचसी अतर्रा पहुंचे। पति सर्वेश के मुताबिक, सीएचसी में तैनात नर्स और आशा बहू ने 3500 रुपये की मांग की, न देने पर रेफर करने की बात कही। पति सर्वेश ने बताया कि रुपये देने के बाद भी सही इलाज नहीं हुआ और प्रसूता को घर वापस भेज दिया गया। घर में उसकी दोबारा हालत बिगड़ गई। वह उसे अस्पताल लेकर आ रहे थे रास्ते में उसकी मौत हो गई।

अनीता ने एक बेटी को जन्म दिया है। वह पूरी तरह से स्वस्थ है। दो साल पहले अनीता की शादी हुई थी। उसका मायका बबेरू के कोर्रही गांव में है। मृतका के माता-पिता का निधन हो चुका है। अनीता के भाई रामभवन को सूचना दी गई है, वह गुजरात से लौट रहा है। कोतवाली प्रभारी कुलदीप तिवारी ने बताया कि फिलहाल कोई तहरीर नहीं मिली है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# कांग्रेसियों ने लिया बापू के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिला कांग्रेस कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का बलिदान दिवस मनाया गया। कांग्रेसियों ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करे हुए उन्हें याद किया। साथ ही गोष्ठी का आयोजन कर राम धुन का गायन किया गया। गोष्ठी में कौंग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एडवोकेट ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सत्य और अहिंसा के पुजारी थे तथा हमेशा कमजोर वर्ग के लोगों की बात सुनते थे। इस दौरान सभी ने बापू के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर जिला महासचिव विजयमणि त्रिपाठी, अरुण गुप्ता, महेंद्र सिंह, सविता पाल, रावेंद्र सिंह पटेल, कल्याण सिंह पटेल, विनीत गांधी, योगेंद्र आदि मौजूद रहे।

# अपर जिला जज ने किया राजकीय संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के द्वारा जारी कार्ययोजना के अनुक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्रकूट के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने गुरुवार को राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अपर जिला जज ने राजकीय संप्रेक्षण गृह गल्लामण्डी कसहाई रोड से नवीन भवन एसडीएम कालोनी गांधीगंज में शिफ्ट होने पर कमरों का वर्गीकरण नहीं पाया। साथ ही पाया कि नवीन राजकीय संम्प्रेक्षण गृह में बालकों की पूर्ण रूप से व्यवस्था स्थापित नहीं हो पायी है, बालकों का आयु के अनुरूप अलग-अलग कमरों में वर्गीकरण लम्बित है तथा पीने के लिए साफ पानी की भी व्यवस्था नहीं है। बालकों ने बताया कि कई माह से अन्तर्वस्त्र भी उपलब्ध नहीं कराये गये हैं तथा गीजर आदि भी लगना बाकी है। इस पर अपर जिला जज ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह अधीक्षक को निर्देश दिए कि प्राथमिक आवश्यकता वाली वस्तुओं के लिए अविलम्ब कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बालकों को दैनिक रूप से डायरी लिखने के लिए भी प्रेरित किया।

इस दौरान राजकीय सम्प्रेक्षण गृह चित्रकूट में आवासित बाल अपचारियों को विधिक जानकारी के लिए लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से अपने मुकदमों की पैरवी के लिये निःशुल्क अधिवक्ता के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि यदि किसी बाल अपचारी के पास अधिवक्ता उपलब्ध न हो तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से अपने वाद की पैरवी के लिए निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकता है। इस मौके पर निरीक्षण के संस्था प्रभारी बीर सिंह, किशोर न्यायबोर्ड के सदस्य शिवशंकर त्रिपाठी, काउन्सलर आदि मौजूद रहे।

# विवाहिता की दहेज हत्या के मामले में विवाहिता की पति, सास-ससुर व ननद को सजा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

गर्भवती विवाहिता की दहेज हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने मृतका के सास, ससुर और पति को 14-14 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही मृतका की ननद को भी 12 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता गोपाल दास ने बताया कि मऊ क्षेत्र के ताड़ी गांव के निवासी ज्ञानचन्द्र ने मऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में ज्ञानचन्द्र ने बताया कि उसने अपनी बेटी गीता की शादी बीती छह मई 2019 को शिवपुर गांव के निवासी हनुमान के साथ की थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन उसकी बेटी से दहेज में एक लाख रुपये और लाने की मांग करने लगे। साथ ही मांग को लेकर उसके साथ मारपीट करने लगे। इसके चलते वह गीता को अपने गांव ताड़ी ले आया, किंतु ससुरालीजन उसे आकर दोबारा उत्पीड़न न करने का वादा करके वापस ले गए। इसके बाद बीती 23 गई 2020 की शाम चार बजे गीता ने बताया कि उसे बहुत मारा है। इसकी सूचना मिलने पर वह मौके पर गया, जहां चिकित्सक ने बताया कि गंभीर हालत के चलते गीता को प्रयागराज रिफर कर दिया गया है। वहां जाने पर गीता ने उसे बताया कि ससुरालीजनों ने उस पर मिट्टी का तेज डालकर उसे जलाया था। इलाज के दौरान उसकी गर्भवती बेटी का गर्भपात हो गया और 30 मई 2020 को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद गुरुवार को त्वरित न्यायालय के अपर सत्र न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर मृतका गीता के पति हनुमान, ससुर गंगा उर्फ गंगादीन व सास रामदुलारी को 14-14 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। इसी प्रकार मृतका की ननद गुडिया को 12 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही प्रत्येक आरोपी को 12,000-12,000 रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया।

## एसपी ने दी बापू को श्रद्धांजलि

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह द्वारा गुरुवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शहीद दिवस के रूप में मनाई गई। इस दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं स्वतन्त्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया गया। इसी प्रकार जनपद के समस्त थाना/चैकी कार्यालयों में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर पुलिस कार्यालय में पुलिस उपाधीक्षक प्रज्ञान अजेय कुमार शर्मा, प्रधान लिपिक अनिल मोहन शुक्ला, प्रभारी आंकिक, अमृतलाल सरोज, पीआरओ प्रवीण सिंह, प्रदीप पाल आदि मौजूद रहे।

## आवेदन 15 तक

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में मत्स्य विभाग के अंतर्गत प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की विभिन्न मात्स्यिकी परियोजनाओं के लाभ से जनमानस को आच्छादित करने के लिए एक फरवरी से आवेदन किए जाएंगे, जिसकी अंतिम तिथि 15 फरवरी है। बताया कि योजनांतर्गत परियोजनाओं का विवरण, इकाई लागत, आवेदन की प्रक्रिया, आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले अभिलेख, विस्तृत विवरण विभाग के पोर्टल पर उपलब्ध है। इससे सम्बन्धित जानकारी के लिए मत्स्य विभाग के जनपदीय कार्यालय कालूपुर पाही में किसी भी कार्य दिवस पर संपर्क किया जा सकता है।

# लापता बीए की छात्रा का झाड़ियों में मिला शव, मचा हड़कंप

**छात्रा के परिजनों ने अपहरण के बाद दुष्कर्म कर हत्या करने का लगाया आरोप**

**जन एक्सप्रेस । उरई**



एट कोतवाली क्षेत्र में बीए प्रथम वर्ष की लापता छात्रा का सड़क किनारे झाड़ियां में शव मिलने से हड़कंप मच गया। परिजनों ने छात्रा का अपहरण कर, दुष्कर्म के बाद हत्याकर शव फेंकने का आरोप लगाया है।

कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम निवासी 19 वर्षीय बीए प्रथम की छात्रा पिछले दो साल से अपने फूफा एट थाना क्षेत्र के एक गांव में रहकर पढ़ाई कर रही थी। बुधवार को वह चुर्खी थाना क्षेत्र के ग्राम नसीरपुर में परीक्षा देने गई थी और शाम 5.45 पर उसने किसी दूसरे के मोबाइल से बुआ के लड़के को फोन कर बताया कि वह समोसे लेकर घर आ रही है। लेकिन उसके बाद से वह लापता हो गई। परिजनों ने काफी खोजबीन की और पता न चलने पर पुलिस को सूचित किया। गुरुवार सुबह जब ग्रामीण खेतों की ओर जा रहे थे, तब उन्हें कोंच-एट को जोड़ने वाले अमीटा लिंक रोड पर सड़क किनारे झाड़ियों में छात्रा का शव मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फॉरेंसिक टीम की मदद से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। फिलहाल छात्रा के गले में निशान है और उसके कान भी फटे हुए हैं, जो उसकी अपहरण के बाद हत्या होना बता रहे है। उधर मेडिकल कॉलेज के पोस्टमार्टम हाउस में छात्रा के परिजनों ने हत्या से पहले उसके साथ रेप होने की आशंका जताई है। सीओ देवेंद्र पचौरी ने बताया कि एट थाने में देर रात को छात्रा की गुमशुदगी दर्ज की गई थी और उसकी तलाश की जा रही थी। फिलहाल फोरेंसिक टीम की मदद से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं, पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। घटना का खुलासा करने में एसओजी, सर्विलांस व फोरेंसिक टीम साथ ही थाना पुलिस लगी हुई है।

# पिरामल संस्था के कार्यों की बीएसए ने की समीक्षा



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पिरामल संस्था द्वारा स्कूलों में किए गए कार्यों की समीक्षा बैठक गुरुवार को जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें बीएसए ने संस्था के कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने संस्था द्वारा किये गए कार्यों जानकारी ली एवं सभी को निर्देशित किया कि प्रत्येक स्तर पर विद्यालयों को निपुण बनाने में सहयोग करें तथा ग्राम्य स्तर पर अभिभावकों को भी विद्यालय के लिए प्रेरित करें। कहा कि नियमित तौर पर मासिक प्रगति आख्या बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कराएं। साथ ही संस्था के फेलो विद्यालय स्तर पर गतिविधि आधारित शिक्षण, छात्रों की उपस्थित, एफएलएन किट का उपयोग एवं बच्चों के लिए विद्यालय में भयमुक्त वातावरण पर विशेष ध्यान दें। संस्था प्रबंधक अनिल शुक्ल ने निर्देशित सुझावों का स्वागत करते हुए अग्रिम बैठक में रिपोर्ट देने की बात कही। इस मौक प्रोग्राम लीडर गरिमा, प्रिया, गाँधी फेलो गौरव, सत्यश्री, प्रतिक्षा, अभिमन्यु आदि मौजूद रहे।

# पुण्यतिथि पर बापू को किया गया याद



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय स्थित गांधी उद्यान में राष्ट्रपति महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुलगुरु ने प्रशासनिक भवन के सम्मुख स्थित गांधी उद्यान में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें हार्दिक नमन किया। इस दौरान कुलगुरु प्रोफेसर डॉ भरत मिश्रा सहित ग्रामोदय विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियो, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने दो मिनट का मौन धारण कर सामूहिक श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो. नंदलाल मिश्र ने किया। इस मौके पर कुलसचिव, अधिष्ठातागण आदि मौजूद रहे।

# पुण्यात्माओं की शांति के लिए पेंशनरों ने किया हवन-पूजन

**जन एक्सप्रेस । उरई**



सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक गुरुवार को जिलाध्यक्ष हरगोविंद दयाल श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संगठन कार्यालय विकास भवन में संपन्न हुई। जिसका संचालन अंगद सिंह राजावत ने किया। बैठक में एजेंडानुसार बिंदुओं पर चर्चाएं हुई, जिन्हें आज की कार्यवाही में अंकित किया गया। बैठक में सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित कर महाकुंभ प्रयागराज में मौनी अमावस्या पर्व पर भगदड़ हादसे में दिवंगत पुण्यात्माओं की महाशांति हेतु पेंशनरों द्वारा पुरोहित शैलेन्द्रजी सहित विकास भवन स्थित मंदिर प्रांगण में शांति पाठकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि हवन पाठ में ईश्वर से हवन आहुति देकर प्रार्थना की गई कि दिवंगत पुण्यात्माओं को महा शांति देते हुए प्रभावित परिजनों को धैर्य प्रदान करें। हवन श्रद्धांजलि कार्यक्रम में रामेश्वर दयाल कुशवाहा, नानक चंद राजपूत, अनिल कुमार श्रीवास्तव, प्रहलाद, मंगल सिंह निरंजन, शिवनाथ कुशवाहा, गीता पंचाल, शोभा शर्मा, अखिलेश खरे, अनिल कुमार यज्ञिक, आशुतोष मिश्रा, जयराम कुशवाहा, हरिराम ओमरे, सुल्तान अलम खान, सुंदर लाल द्विवेदी, डॉ रामप्रकाश द्विवेदी मोतीलाल प्रजापति, दयाशंकर वर्मा, रामशंकर शर्मा, चंद्र शेखर वर्मा, धन पाल प्रजापति आदि उपस्थित समस्त पेंशनरों ने श्रद्धांजलि हवन पाठ सभा में भाग लिया एवं राजस्व विभाग की समस्या निस्तारण हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 08 फरवरी को समस्या समाधान बैठक की जाएगी। जिसमें पैंशन प्रतिनिधि मंडल भागीदारी करेगा।

# मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों ने लगाया चिकित्सा शिविर

**जन एक्सप्रेस । उरई**



शहर के कालपी रोड़ स्थित राजकीय मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य डॉ. अरविन्द त्रिवेदी के कुशल मार्गदर्शन में विभिन्न विभाग के चिकित्सा शिक्षकों, चिकित्सकों एवं कर्मचारियों के द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने हेतु दो दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। उक्त चिकित्सा शिविर में चिकित्सकों के द्वारा विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं समस्त विद्यार्थियों को स्वस्थ रहने हेतु अच्छे खान-पान के बारे में बताया एवं टीबी रोग की तथा अन्य संक्रामक रोगों की रोकथाम हेतु समस्त जानकारी दी। शिविर में इस चिकित्सा महाविद्यालय के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग के चिकित्सकों के द्वारा छात्राओं का परीक्षण कर पसर्नल हाइजीन के सम्बन्ध में जागरूक किया एवं मानसिक रोग विभाग के चिकित्सकों के द्वारा विद्यार्थियों का मानसिक परीक्षण कर काउन्सिलिंग की है। डॉ. हिना रहमान, डॉ. कालज मिश्रा के द्वारा अध्ययनरत् छात्राओं को भविष्य के लिए मार्गदर्शित करने हेतु कैरियर काउन्सिलिंग भी की गई। दो दिवसीय चिकित्सा शिविर में इस चिकित्सा महाविद्यालय के चिकित्सा शिक्षक दन्तरोग विभाग, डॉ. धीरेन्द्र कुमार मानसिक रोग, डॉ. रामेन्द्र पचौरी, डॉ. अल्फान्स थॉमस, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. अमित कुमार, डॉ. रविशंकर, डॉ. ऋषिराज सिंह एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहें।



### अमेरिका में हादसा: सैन्य हेलीकॉप्टर से...

वाशिंगटन के निकट रोनाल्ड रीगन राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते समय बुधवार को एक यात्री विमान सेना के एक हेलीकॉप्टर से टकरा गया। हादसे में किसी के भी बचने की संभावना कम ही बताई जा रही है। टक्कर के बाद दोनों विमान और हेलीकॉप्टर का मलबा पोटोमैक... पढ़ें पेज 12 पर...

# सीएम योगी ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

- बापू की शिक्षाएं और उनका त्यागमय जीवन विश्व शांति का मार्ग प्रशस्त करते हैं: सीएम
- सीएम योगी ने बच्चों के साथ बापू को दी स्वरांजलि

जन एक्सप्रेस। लखनऊ





मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर जीपीओ स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान बच्चों ने बापू की पुण्यतिथि पर स्वरांजलि दी। सीएम योगी भी बच्चों के साथ स्वरांजलि में हिस्सा लिया। इसी के साथ ही उन्होंने महात्मा गांधी को याद करते हुए अपने एक्स अकाउंट पर लिखा स्वाधीनता आंदोलन के महानायक, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर उन्हें शत-शत नमन! श्रद्धेय बापू की शिक्षाएं और उनका त्यागमय जीवन विश्व शांति का मार्ग प्रशस्त करते हैं। आइए, बापू के दिखाए सत्य, अहिंसा व स्वदेशी के मार्ग पर चलकर हम सभी नए भारत-विकसित भारत के निर्माण हेतु संकल्पित हों। सीएम योगी ने बच्चों के साथ स्वारांजलि में हिस्सा लिया। इस दौरान बच्चों 'रघुपति राघव राजाराम...', वैष्णव जन तो तेने कहिये जे पीड़ परायी जाणे रे...' जैसे गीतों को मधुर स्वर में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के बाद सीएम योगी ने बच्चों के साथ फोटो भी खिंचाई। इस दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, राजेश्वर सिंह, अमरेश कुमार, विधान परिषद सदस्य लाल जी प्रसाद निर्मल आदि गणमान्य लोगों ने भी बापू को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की है।

# पानी टंकी लगाने को लेकर अधिकारीयों और ग्रामीणों के बीच खींचतान

- अधिकारियों द्वारा काफी देर समझाने के बाद माने ग्रामीण

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

ग्राम पंचायत फतेहगंज में जल कल योजना के तहत पानी की टंकी लगाने का प्रस्ताव 2022 में पास हुआ था, जिसके बाद खेल मैदान की जमीन पर बोर लगा दिया गया जब पानी टंकी लगने के लिए काम शुरू किया गया तो यहां के स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया कि टंकी को बंजर की जमीन पर लगाया जाए, जिसे लेकर काफी समय तक अधिकारीयों ने और ग्रामीणों के बीच माथा पची होती रही है, बहुत देर तक अधिकारियों द्वारा समझाने के बाद ग्रामीणों की सहमति बनी की टंकी को स्थापित बंजर की जमीन पर किया जाएगा, इस दौरान नायब तहसीलदार आस्था पांडे की उपस्थिति में खुशहालगंज कानूनगो अशोक कुमार वर्मा की टीम लेखपाल अशोक यादव, विनय कुमार, क्षेत्रीय लेखपाल सुनील कुमार के द्वारा बंजर जमीन को चिन्हित कर जल निगम को दे दिया गया।



### खेल मैदान की जमीन चिन्हित, पाया गया कब्जा

फतेहगंज में पानी टंकी बनने के लिए जब खसरा संख्या 168 रकबा 0.3160 खेल मैदान की जमीन चिन्हित की गई तो इस दौरान खेल मैदान की करीब एक बिस्वा जमीन पर एक निजी पैलेस नाम रवि पैलेस का हिस्सा बना है।

### प्रॉपर्टी डीलरों ने बंजर भूमि पर कब्जा कर निकाला रास्ता।

बंजर भूमि चिन्हित करने के दौरान क्षेत्रीय अधिकारियों ने बताया कि बंजर भूमि पर क्षेत्रीय प्रापर्टी डीलरों ने कब्जा कर बेचने का काम किया साथ ही बंजर भूमि खसरा संख्या 171 रकबा एक बिस्वा, 172 रकबा करीब 10 बिस्वा में से रास्ता भी निकाला गया।

### टंकी बनने के लिए दी गई जमीन से रास्ता बंद

ग्रामीणों की सहमति से जल निगम को दी गई टंकी बनने के लिए बंजर जमीन पर जब जेसीबी मशीन से खुदाई का काम शुरू हुआ तो प्रापर्टी डीलरों द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जा कर जो रास्ता बनाया गया था वह बंद हो गया।

# शहीद दिवस: शहीद स्मारक पर सीएम योगी ने सुने भजन, दीपदान कर दी श्रद्धांजलि

- सीएम योगी ने स्वतंत्रता संग्राम में वीरगति प्राप्त अमर शहीदों को किया नमन
- मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्वलित कर गोमती मैया की पूजा-अर्चना
- कलाकारों ने श्रीराम स्तुति की दी मनमोहक प्रस्तुति

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



शहीद दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ स्थित गोमती नदी के तट पर बने शहीद स्मारक स्थल पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में वीरगति प्राप्त अमर शहीदों को भी नमन किया और गोमती नदी में दीपदान कर राष्ट्र की एकता व शांति के लिए प्रार्थना की। इस विशेष अवसर पर भजन संध्या का भी आयोजन किया गया, जिसमें भक्तिमय वातावरण बना रहा। भजन गायकों ने श्रीराम स्तुति 'श्रीराम चंद्र कृपालु भज मन', 'वैष्णव जन तो तेने कहिए' और 'रघुपति राघव राजा राम' जैसे भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां दीप प्रज्वलित किया फिर गोमती मैया की पूजा-अर्चना भी की। इस दौरान कैबिनेट मंत्री संजय निषाद, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, योगेश शुक्ल, जय देवी, ओपी श्रीवास्तव, विधान परिषद सदस्य लाल जी प्रसाद निर्मल आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

## बीकेटी एसडीएम ने अकड़रिया कलां गांव में बुजुर्ग महिलाओं, असहाय, व्यक्तियों को कंबल किये वितरण



- एसडीएम बोले, सभी को इस कड़कड़ाती ठंड से बचने की है जरूरत

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ जिले के बक्शी का तालाब तहसील एसडीएम सतीश चंद्र त्रिपाठी इस कड़कड़ाती ठंड भयानक सर्दी की शीत लहर में प्रतिदिन तहसील से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में कंबल का वितरण करते रहते हैं। बीकेटी एसडीएम सतीश चंद्र त्रिपाठी जब कभी भी किसी गांवो अन्य जगह किसी सरकारी काम से जाते हैं तो वह रास्ते गांव में कंबल वितरण जरूर करते हैं। गुरुवार सायं 6 बजे अकड़रिया कलां गांव निवासी समाजसेवी भुवनेश्वर द्विवेद्वी उर्फ बच्चा महाराज के चक्की के पास में बीकेटी एसडीएम सतीश चन्द्र त्रिपाठी ने अकड़रिया कलां गांव के बुजुर्ग, असहाय, जरूरतमंदों को कंबल वितरण किये।

इस दौरान बीकेटी एसडीएम सतीश चन्द्र त्रिपाठी, समाजसेवी भुवनेश्वर द्विवेद्वी उर्फ बच्चा महाराज, महेश्वर लोधी , सतीश उर्फ संतोष पुरी बाबा, कन्हैयालाल लोधी उर्फ लल्लू, छुटकाये लोधी,मुनई रावत, डलाऊ रावत, अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।



## सूचना आयुक्त और गौ सेवा आयोग अध्यक्ष ने किया एग्रीज प्रोजेक्ट स्टाल का अवलोकन

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री राज्य गौ सेवा आयोग अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता, जसवंत सिंह और रमाकान्त उपाध्यक्ष ने इंदिरा प्रतिष्ठान में एग्रीज प्रोजेक्ट स्टाल का अवलोकन किया। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंदिरा प्रतिष्ठान में यूपी एग्रीज उत्तर प्रदेश एग्रीकल्चर ग्रोथ एण्ड रूरल एण्टरप्राइज ईको-सिस्टम स्ट्रेंथनिंग परियोजना का शुभारम्भ किया था। यहां लगाए गए विभिन्न स्टालों का निरीक्षण करने के बाद डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने बताया कि यह संयोग है कि जिस समय प्रयागराज में महाकुंभ चल रहा है,उसी समय लखनऊ में योगी आदित्यनाथ द्वारा यूपी एग्रीज परियोजना का शुभारम्भ किया गया। वैसे भी किसानों की आय दोगुनी करना सरकार का लक्ष्य रहा है। नीम कोटिंग खाद की व्यवस्था की गई। इसका उत्पादन बढ़ाया गया। इससे किसानों को आसानी से खाद उपलब्ध होने लगी। मृदा परीक्षण व ड्रिप सिंचाई अभियान चलाया गया। इससे कृषि लागत में कमी आई।अनेक लम्बित सिंचाई योजनाओं पर कार्य शुरु किया गया। कई योजनाएं पूरी हुई। किसानों को अबतक का सर्वाधिक समर्थन मूल्य प्रदान किया गया। किसान सम्मान निधि के माध्यम से उनको आर्थिक सहायता देने की योजना लागू की गई। फसल बीमा को व्यवहारिक बनाया गया।

## अयोध्या के दो धार्मिक स्थलों के पर्यटन विकास के लिए 02 करोड़ स्वीकृत

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

पवित्र नगरी अयोध्या में भगवान श्रीराम के विराजमान होने के बाद देश विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक दर्शनार्थ आ रहे हैं। श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हो रही है। इसके दृष्टिगत अयोध्या के आसपास स्थित धार्मिक स्थलों पर बुनियादी सुविधायें विकसित की जा रही हैं। अयोध्या के लिए लगभग 02 करोड़ रूपये की दो पर्यटन विकास योजनायें स्वीकृत की गयी हैं। इस धनराशि में से 01 करोड़ 20 लाख रूपये अवस्थापना सुविधाओं के लिए जारी कर दिये गये हैं। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अयोध्या के मसूदा विकासखंड के ग्राम अबानपुर सरोहा में ग्रामीण पर्यटन के अंतर्गत थीमेटिक गेट एवं पर्यटन सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इसके लिए एक करोड़ रुपए स्वीकृत हुए हैं, जिसमें 60 लाख रुपए जारी किए जा चुके हैं। स्वीकृत राशि में यात्री शेड, कॉमन टॉयलेट, सैन्ड स्टोन फ्लोरिंग, स्टोन बेंच, गेट, साइनेज एवं सोलर लाइट का कार्य व पर्यटक सुविधाएं आदि विकसित की जाएंगी।

## पूर्व विधायक गोमती यादव ने महोना सड़क हादसे में मृतक के परिजनों से की मुलाकात, की आर्थिक मदद



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ जिले की बीकेटी विधानसभा के पूर्व विधायक गोमती यादव ने महोना नगर पंचायत महोना में हुए दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में मृतक स्व संजू पुत्र रामनारायण,स्व दिनेश पुत्र सत्यनारायण, स्व शिवा पुत्र अमरेश के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदनाएं व्यक्त की। वहीं इस दौरान समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक गोमती यादव ने इस दुख की घड़ी में तीनों मृतक के परिजनों को आर्थिक सहयोग में 11-11 हजार रुपए देकर हर सम्भव मदद का आश्वाशन दिया है। इस दौरान गोमती यादव पूर्व विधायक समाजवादी पार्टी, अशफाक गाज़ी, अन्य समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता व परिजन मौजूद रहें।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर वृक्षराज फाउंडेशन की ओर से लगाए गए पौधे

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



महात्मा गांधी भारत के स्वतंत्रता संग्राम के सबसे प्रभावशाली नेताओं में से एक थे। उनका पूरा नाम मोहनदास करमचंद गांधी था लेकिन गांधी जी को सम्मान से ÷राष्ट्रपिता÷ कहा जाता है। इसके अलावा उन्हें बापू और महात्मा की उपाधि भी दी गई है। आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के मौके पर वृक्षराज फाउंडेशन ने शहीद स्मारक वा लखनऊ के अलग अलग स्थानों पर पौधे लगाया। इस दौरान संकल्प भी लिया कि देश में बढ़ रहे प्रदूषण को रोकने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर उस पर नियंत्रण करेंगे। वृक्षराज फाउंडेशन की ओर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर पहले श्रंद्धाजलि दी गई उसके बाद अच्छी वायु के लिए जगह जगह वृक्षारोपण भी किया गया। देश में बढ़ रहे प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के साथ साथ उत्तर प्रदेश में बढ़ रहे प्रदूषण को देखते त्त्ह्न की रोकथाम के लिए वृक्षराज फाउंडेशन ने गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के मौके पर इसकी शुरुआत की है। इसके साथ ही लोगों से आग्रह भी किया है कि भारत में बढ़ रहे प्रदूषण को रोकने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाया जाए। इस मौके पर वृक्षराज फाउंडेशन की ओर से शहीद स्मारक वा लखनऊ के अलग अलग स्थानों पर फलदार, छायादार वृक्षों के पौधे भी लगाए गए। इस मौके पर वृक्षराज फाउंडेशन की अध्यक्ष शिल्पी श्रीवास्तव ने कहा जिस तरह भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने **एक पेड़ मां के नाम** लगाने एवं उसकी देखभाल करने की अपील की थी हम उसी तर्ज पर इस अभियान को बढ़ाने की कोशिश करेंगे और इससे एक अच्छा वातारण भी आने वाले समय में देखने को मिलेगा। इस मौके पर वृक्षराज फाउंडेशन की अध्यक्ष शिल्पी श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष मंजुला श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव के साथ फाउंडेशन के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

# जैन विद्या शोध संस्थान के स्थापना दिवस पर 06 जैन विभूतियां होंगी सम्मानित

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

- जैन संस्थान की गतिविधियों को सकारात्मक एवं लोककल्याणकारी बनाने पर विशेष जोर-जयवीर
- कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह जैन विद्वानों को सम्मानित करेंगे

संस्कृति विभाग के अधीन जैन विद्या शोध संस्थान का 34वां स्थापना दिवस समारोह 31 जनवरी को पूर्वान्ह 11 बजे आयोजित किया गया है। इस अवसर पर 06 जैन विद्वान विभूतियों को निजी सहभागिता के आधार पर जैन विद्वानों को विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जायेगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह जैन विद्वानों को सम्मानित करेंगे।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि तीर्थंकर ऋषभदेव सम्मान से प्रो. राजा राम जैन, नोएडा, तीर्थंकर महावीर अहिंसा सम्मान से डॉ. पत्रिका जैन, लखनऊ, आचार्य कुन्दकुन्द सम्मान से डॉ. सचिन्द्र जैन, मंगलायतन, अलीगढ़, भरत चक्रवर्ती सम्मान से डॉ. ज्योति जैन, मुजफ्फरनगर, गणेश प्रसाद वर्णी श्रुत आराधक सम्मान से डॉ. पंकज जैन भोपाल और श्रुत संवर्धन सम्मान से जैन अमन अकलंक को सम्मानित किया जाएगा। निजी सहयोग से पहली बार संस्कृति विभाग के जैन संस्थान द्वारा तीर्थंकर महावीर मोक्षकल्याणक वर्ष 2024 सम्मान प्रारंम्भ किया गया है। ये सम्मान प्रति वर्ष प्रदेश के जैन धर्म-संस्कृति के विद्वानों को प्रदान किया जाएगा, जो जैन धर्म, संस्कृति और विद्या के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। तीर्थंकर ऋषभदेव सम्मान के तहत स्मृति चिह्न, अंगवस्त्र के साथ एक लाख रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी। तीर्थंकर महावीर अहिंसा सम्मान और आचार्य कुन्दकुन्द सम्मान के अंतर्गत स्मृति चिह्न, अंगवस्त्र के साथ 51-51 हजार रुपये की धनराशि दी जाएगी। भरत चक्रवर्ती सम्मान के अंतर्गत स्मृति चिह्न, अंगवस्त्र के साथ 31 हजार रुपये तथा गणेश प्रसाद वर्णी श्रुत आराधक सम्मान और श्रुत संवर्धन सम्मान के अंतर्गत स्मृति चिह्न, अंगवस्त्र के अलावा 21-21 हजार रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी। सम्मान समारोह में युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न विद्यालयों के छात्रों के बीच प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा।

## बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला गोमती नगर जनकल्याण महासमिति की बैठक में हुए शामिल

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। लखनऊ जिले के बीकेटी विधानसभा विधायक योगेश शुक्ला ने गुरुवार दोपहर लखनऊ के विक्रांत खण्ड गोमती नगर में ए0एन पाण्डेय के आवास पर गोमती नगर जनकल्याण महासमिति की बैठक में शामिल हुए। इस दौरान विधायक योगेश शुक्ला ने बैठक में महासमिति के पदाधिकारियों को गंभीरता से सुना तथा कार्यवाहीं हेतु आश्वस्त कराया है। वहीं इस अवसर पर जनकल्याण महासमिति के महासचिव राघवेंद्र शुक्ला, महासमिति के अध्यक्ष बीके सिंह, एके नायर, एसबी त्रिपाठी, शिवनायक उपाध्याय,श्याम उपाध्याय, धर्मेंद्र सोनी, जीडी यादव, विवेक शुक्ला सहित अन्य गणमान्य जन मौजूद रहें हैं।

## उत्तर प्रदेश के ग्रामीण युवाओं का हुनर देखेगा देश

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तत्वावधान में आगरा में दो दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना 2.0 और आरएसईटीआई 2.0 के अंतर्गत कार्यशाला में आठ राज्यों के प्रतिनिधि कौशल विकास के नए आयामों पर मंथन कर रहे हैं।कार्यशाला की अध्यक्षता ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त सचिव पंकज यादव ने की। इस अवसर पर मिशन निदेशक अभिषेक सिंह, एमडी सीईओ, एसआरएलएम एसएसडीएम, आरएसईटीआई और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में उत्तर प्रदेश सहित अन्य आठ राज्य केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड और लद्दाख के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।डीडीयूजीकेवाई के अंतर्गत संचालित योजनाओं में ग्रामीण युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण, आधुनिक कक्षाएं, लैब, आवास, भोजन, प्रशिक्षण सामग्री और यूनिफॉर्म जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं।


**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूची सं. | Catg-SMU-1-2025 |
| कार्य का विवरण | Allotment of Catering Stall at Various stations of Lucknow Division for a period of five (05 years) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.01.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.02.25 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.02.25 at 11:10 hrs. |
| वेबसाईट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

330/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक / फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य / उ.रे. |
| नीलामी सूची सं. / लॉट सं. | PnU-LKO-BSB-WRL-105-24-1 (Pay and Use-Lounges/Waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.01.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.02.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.02.2025 at 12:30 hrs. |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

322/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# महोना दुर्घटना में मृतक व चोटिल व्यापारी परिवारजनों से संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के मुखिया ने की मुलाक़ात

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



लखनऊ जिले की महोना नगर पंचायत में हुई दुर्घटना को लेकर संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के मुखिया राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडे ने महोना में मृतक व घायल व्यापारियों के परिवार जनों से मुलाक़ात की। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत महोना में दिनांक 28/1 रात 9ः25 बजे हृदय विदारक दुर्घटना घटित हुई जिसमे कुर्सी रोड कुम्हरावां की तरफ से लापरवाही से तेज स्पीड से आ रहे कंटेनर न0 यूके 08 सीके 6948 ने महोना में पांच पक्की दुकानों को मलबे में बदल दिया और इस घटना में धनेश उम्र 22 वर्ष, संजू उम्र 21वर्ष महोना,शिवा उम्र 16 वर्ष निवासी मुशपिपरी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और नीरज चौरसिया व मुन्ना चौरसिया पुत्रगण कृष्ण चौरसिया बुरी तरह घायल हो गए, जिनका प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है, इस घटना की जानकारी संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के संयुक्त सचिव मनोज कुमार रावत ने दी तथा वर्तमान में महोना के सभासद द्वारा भी संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडेय को दिया तो सूचना उपरांत अपनी टीम के साथ बीकेटी इकाई अध्यक्ष वेदरत्न सिंह उपाध्यक्ष कौशल शुक्ला उपाध्यक्ष विनोद कुमार अवस्थी वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह मिडिया प्रभारी राजकुमार गुप्ता प्रदेश मीडिया प्रभारी के साथ पीड़ित परिवारीजनों के घर पर पहुंच कर मुलाकात कर सत्वना दी की इस दुख की घड़ी मैं संगठन आपके साथ है अध्यक्ष के घटनास्थल पर पहुंचते ही आसपास के व्यापारियों का जमावड़ा लग गया पीड़ित परिवार सहित सभी व्यापारियों ने बताया कि इससे पहले यहां पर और कई घटनाएं हो चुकी हैं क्षेत्रीय जितने भी जिम्मेदार लोग हैं हम सभी लोगों ने स्पीड ब्रेकर बनवाने के लिए कहा लेकिन हम लोगों की बात सुनी नहीं गई अगर पहले स्पीड ब्रेकर बन जाता तो शायद इतनी बड़ी घटना न होती दुकान के अंदर भरे हुए सामान काउंटर के अंदर रखा हुआ पैसा व्यापारी सहित इस घटना में सब कुछ चला गया सभी व्यापारियों ने उत्तर प्रदेश सरकार से मांग की है की उचित मुआवजा के रूप में हर एक मृतक परिवार को 50-50 लाख एवं घायल व्यापारी को 25 -25 लाख सरकार द्वारा दिया जायें। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडे ने व्यापारियों से कहा है कि आप की मांगों को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जायेगा और निश्चित तौर पर मुख्यमंत्री आप लोगों की हर संभव मदद करेंगें।

# कुंभ में भगदड़: प्रयाग से लौटे लोगों ने बयां किया मंजर, हादसे के बाद दर्दनाक हुए हालात, घंटों बाद मिले साथी

जन एक्सप्रेस । अयोध्या



महाकुंभ से लौटकर अयोध्या दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रयागराज के हालात की जानकारी दी। बहुत सारे लोग बिना स्नान किए ही लौट आए। जो स्नान कर पाए उन्हें अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए जूझना पड़ा। कुछ श्रद्धालु ट्रेन में ही 10 से 11 घंटे तक फंसे रहे, क्योंकि ट्रेन विलंब से आ रही है। वहीं श्रद्धालुओं को 25 किलोमीटर तक पैदल चलने को विवश होना पड़ा।

बिहार के छपरा निवासी उत्तम सिंह ने बताया कि वे ट्रेन में करीब 11 घंटे फंसे रहे। भगदड़ की वजह से कुछ ट्रेनों को डायवर्ट कर दिया गया है, जिससे ट्रेनें विलंब से पहुंच रही हैं। वे जिस ट्रेन में थे वह 11 घंटे विलंब से पहुंची थी। ट्रेन में लंबे समय तक फंसे रहने से घबराहट हो गई थी। मेला क्षेत्र में पहुंचे तो स्थिति सामान्य थी, लेकिन संगम तट की ओर नहीं जाने दिया जा रहा था। दिल्ली निवासी कौशल तो बिना स्नान किए ही वापस लौट आए। बताया कि जिस समय भगदड़ हुई हम लोग एक कैंप में रुके हुए थे। भगदड़ की बाद स्थिति बिगड़ गई। मौनी अमावस्या पर इतनी भीड़ थी कि पैदल चलना भी मुश्किल था, हमारी हिम्मत नहीं हुई, बिना स्नान किए ही लौट आए हैं।

गोंडा निवासी विजय मिश्र बोले कि ट्रेन देर से मिल रही है। काफी दूरी तक पैदल चलना पड़ रहा है। कानपुर से आए अंकित ने बताया कि वीआईपी प्रोटोकाल के चलते भगदड़ जैसे हालात बने। लोग बेरिकेडिंग पार कर कूदने लगे थे, जिससे स्थिति अनियंत्रित हो गई। हालांकि जल्द ही स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया, फिलहाल अभी हालात ठीक हैं।

**मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर संगम तट पर हुई भगदड़ के बाद मौके पर बिखरा सामान**

प्रयागराज से लौटे आकाश, शिववर्धन, अभिजीत, विनायक व केदार भगदड़ के बाद नौ घंटे तक मेला क्षेत्र में फंसे रहे। आकाश ने बताया कि स्थिति भयावह थी। सेक्टर नंबर छह पर एक नाला था, उसमें तीन-चार महिलाओं का शव पड़ा था। उधर से ही भीड़ गुजर रही थी, चीख-पुकार मची थी। लोग लापता हुए अपनों की तलाश कर रहे थे। वहां करीब डेढ़ घंटे तक फंसे रहे। इसी बीच भीड़ में हम एक दूसरे से बिछड़ गए। तीन-चार घंटे बाद बिछड़े साथी मिले। पार्किंग 25 किलोमीटर दूर थी, पैदल चलकर पहुंचे थे। प्रयागराज से अयोध्या तक 200 किमी की दूरी तय करने में आठ घंटे लग गए। मुंबई निवासी गिरीश व श्रीकांत प्रयागराज से लौटकर रामलला के दर्शन करने पहुंचे थे। बताया कि पांच बजे फ्लाइट है। रामलला के दर्शन करने में समय लगेगा, अयोध्या की धरती को प्रणाम कर ही वापस जा रहे हैं। बताया कि वे 29 की सुबह 5:30 बजे प्रयागराज पहुंचे। गंगाघाट तक आराम से पहुंच गए थे, लेकिन संगम तट तक इस समय पहुंचना मुश्किल है। संगम की ओर जाने वाले सारे रास्ते बंद कर दिए गए हैं। पुल नंबर 18 से गंगा तट पहुंचे लेकिन निकासी पुल नंबर 19 से हुई। पार्किंग तक पहुंचने के लिए करीब 25 किलोमीटर पैदल चलना पड़ा।

# घूसखोरी पर लगाम लगाने के लिए दफ्तरों में लग रहे सीसीटीवी कैमरे

जन एक्सप्रेस । अमेठी



सरकारी कार्यालयों में फैले भ्रस्टाचार पर लगाम लगाने कि कवायद शुरू हो गई है। एसडीएम अमेठी और मुसाफिरखाना के आदेश पर पहले तो पूरे तहसील में पोस्टर लगाए गए।अब पूरे तहसील को सीसीटीवी कैमरों से लैस किया जा रहा है। एसडीएम के चेम्बर से लेकर सभी कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। ये सभी कैमरों वाइस रिकार्डिंग और नाइट विजन से युक्त हैं। बीते दिनों तहसीलों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार की शिकायत अधिकारियों को मिल रही थी। तहसील में फैले इसी भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए एसडीएम अमेठी एवं मुसाफिरखाना के निर्देश पर कुछ दिन पहले पूरे तहसील में पोस्टर लगाए गए। तो अब पूरे तहसील में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं।

एसडीएम के चेम्बर से सभी कार्यालयों को सीसीटीवी कैमरे से लैस किया जा रहा है। तहसील में 16 कैमरों वाला डीवीआर लगाया जा रहा है।अभी एसडीएम चेम्बर से लेकर सभी अधिकारियों के कमरों में 12 कैमरे लगाए जा रहे है। ये सभी कैमरे वाइस रिकार्डिंग वाले हैं। एसडीएम अमेठी आशीष सिंह ने कहा कि सभी अधिकारियों के कमरे, हाल और अभिलेखागार में कैमरे लगाए जा रहे हैं।सभी कैमरे वाइस रिकार्डिंग वाले है।अगर तहसील में कोई घूस लेता और देता है,तो उसकी पूरी रिकार्डिंग कैमरे में कैद होगी।

# डिलीवरी के दौरान जननांग में फंसा बच्चा, बच्चे की मौत

## परिजनों ने डॉक्टरों पर लगाया लापरवाही का आरोप

जन एक्सप्रेस । अमेठी



सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों की लापरवाही से एक नवजात की जान चली गई।डिलीवरी के दौरान बच्चा जननांग में ही फस गया।लेकिन डॉक्टरों ने ऑपरेशन नहीं किया। और महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।वहां डॉक्टर ना मिलने पर परिजन महिला को प्रतापगढ़ ले गए।जहां एक निजी अस्पताल में ऑपरेशन कर बच्चा निकाला गया।लेकिन अगले दिन बच्चे की जान चली गई।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जनपद के विकास खंड संग्रामपुर अंतर्गत तारापुर गांव की निवासी ओजस्वी सिंह को पेन के बाद सीएचसी ले जाया गया।अस्पताल में डॉक्टरों ने दर्द को गैस से होने की बात कहकर उसे नजर अंदाज कर दिया।लेकिन दर्द बढ़ता रहा।दूसरे दिन महिला को फिर से अस्पताल लाया गया।जहां कुछ घंटों बाद डिलीवरी शुरू की गई।लेकिन बच्चा पूरी तरह बाहर नहीं आ पाया।और महिला की हालत बिगड़ने लगी।रात करीब ग्यारह बजे डॉक्टरों ने हाथ खड़े कर दिए।और महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।वहां भी डॉक्टर न मिलने पर महिला को प्रतापगढ़ के निजी अस्पताल में ले जाना पड़ा।जहां ऑपरेशन किया गया।बच्चे की हालत खराब होने के बाद उसे एनआईसीयू में रखा गया।लेकिन अगले दिन बच्चे की मौत हो गई।महिला के पति इंद्र कुमार ने अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई है।वहीं सीएमओ अंशुमान सिंह ने डॉक्टरों की लापरवाही से इनकार करते हुए कहा कि यह एक कॉम्प्लिकेटेड केस था।और समय पर रिफर किया गया था।

## अमरेंद्र पाल को राष्ट्रीय समाज पार्टी का जिला प्रभारी बनाया गया

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

रायबरेली राष्ट्रीय समाज पक्ष पार्टी ने



अमरेंद्र पाल को रायबरेली जनपद का जिला प्रभारी बनाया है जिससे रायबरेली के पाल समाज में खुशी की लहर दौड़ गई खुशियां जताने वालों में वरिष्ठ भाजपा नेता शिवसागर पाल ने शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए बताया कि उनके बन जाने से पार्टी मजबूत होगी पार्टी को नई दिशा और गति मिलेगी इनके प्रभारी बनने पर शंकरपाल मनीष देव्पल रामकुमार पाल रामनिवास गंगासागर पाल फौजी ग्राम प्रधान गोविंदपुर अशोक कुमार पाल अल्पेश कुमार पाल रामसमुझ पाल रामनरेश पाल आदि लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# समाजवादी पार्टी सरकार में हुआ जनपद का विकास: इं. वीरेन्द्र यादव

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



विधानसभा क्षेत्र रायबरेली के सेक्टर डिघिया के कुमारगंज में पीडीए चर्चा कार्यक्रम में जनपंचायत को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव ने कहा कि रायबरेली जनपद के विकास को गति देने का कार्य समाजवादी पार्टी की सरकारों में हुआ है जहां नेता जी मुलायम सिंह यादव की सरकार में रेल कोच कारख़ाना स्थापित करने, शहर को चौबीस घण्टे बिजली देने का काम हुआ वहीं अखिलेश यादव की सरकार में एम्?स बनाने के लिए ज़मीन देने, दर्जनों पॉवर स्टेशन बनाने एवं नये चिकित्सालय स्थापित करने का काम हुआ परंतु बीजेपी सरकार में कोई भी परियोजना रायबरेली के विकास के लिए नहीं दी। इस अवसर पर आलोक कुमार, आरपी यादव, शशिकांत शर्मा, ओपी यादव, हसीन अहमद, नीलेश यादव, कल्लू चौधरी, शुभम लोहिया, आशुतोष यादव,राजेंद्र यादव राम प्रसाद प्रमुख आदि ने भी पीडीए पर विचार व्यक्त किया।

इस अवसर पर सैंकड़ों लोग एवं महिलायें व किसान उपस्थित रहे सभी को पीडीए पर्चा वितरित किया गया। जनपद रायबरेली के हरचंदपुर विधानसभा क्षेत्र हरचंदपुर के खानपुर खुष्टी में आमजनों महिलाओं से पीडीए चर्चा करते हुए पूर्व ब्लॉक प्रमुख जितेंद्र सिंह, सेक्टर प्रभारी दिलीप यादव पवन पासवान विधानसभा अध्यक्ष राकेश यादव सहित अनेकों पदाधिकारी गण विधानसभा क्षेत्र सलोन के सेक्टर टिकारी में पीडीए चर्चा कार्यक्रम ब्लॉक अध्यक्ष आदर्श यादव, सेक्टर प्रभारी राजेंद्र वर्मा की अगुवाई में संपन्न हुआ जिसमें पीडीए पर्चा देकर समाजवादी पार्टी की नीतियों पर चर्चा किया। उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कहा नहीं चाहिए भाजपाविधानसभा क्षेत्र उँचाहार के सेक्टर गोडा में पीडीए कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विधानसभा अध्यक्ष जगदेव यादव, ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश पासी की अगुवाई में कार्यक्रम हुआ।

# एनटीपीसी ऊंचाहार परिसर में आतंकी हमले के लिए आयोजित की गई मल्टी एजेंसी मॉकड्रिल

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



ऊंचाहार एनटीपीसी ऊंचाहार परिसर में चिन्मय विद्यालय में एक मल्टी एजेंसी मार्क ड्रिल आयोजित की गई मार्कड्रिल सीआईएसफ एनटीपीसी ऊंचाहार इकाई राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल स्थानीय पुलिस खुफिया ब्यूरो चिन्मय विद्यालय स्कूल प्रबंधन एनटीपीसी ऊंचाहार प्रबंधन और एनटीपीसी ऊंचाहार विभाग जैसे अस्पताल सुरक्षा और मानव संसाधन विभाग द्वारा एक संयुक्त अभियान था इस मार्कड्रिल में स्कूल में आतंकवादी हमले का अनुकरण किया गया जिसके बाद उपरोक्त सभी एजेंसियों द्वारा नागरिकों की सुरक्षा और खतरे को बेहतर करने के लिए अच्छी तरह से संबंधित आपातकालीन प्रक्रिया को अंजाम दिया गया मार्कड्रिल के बाद डी ब्रीफिंग सत्र का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों और पर्यवेक्षकों ने अपने अनुभव साझा किया इस मार्कड्रिल में एनटीपीसी ऊंचाहार के प्रोजेक्ट हेड मनदीपसिंह छाबड़ा महाप्रबंधक ओ एंड एम रवि प्रकाश अग्रवाल सीआईएसफ यूनिट के डीसी अजय त्रिपाठी चिन्मय स्कूल के प्रिंसिपल मनीष स्वामी ऐसी सीआई एस एफ रामफल और आर एस सिरोही डॉक्टर मधु सिंह सीएमओ जितेंद्र कुमार एजीएम सुरक्षा डॉक्टर दिशा अवस्थी डीजीएम ऐच आर एसडी आर एफसे सतीश कुमार पुलिस क्यू आर टी एसपी रायबरेली से यशवीर सिंह यूपी पुलिस से इंस्पेक्टर संजय और इंस्पेक्टर बजेश मिश्रा ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

## आयुष मंत्री बोले- यूपी के गौरव हैं प्रयागराज, काशी और अयोध्या जैसे महातीर्थ

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** पहुंचे प्रदेश के आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ को लेकर कहा कि उत्तर प्रदेश के हर निवासी का यह गौरव है कि प्रयागराज उनके पास है। काशी उनके पास है। अयोध्या उनके पास है। यह भारत का गौरव है कि ऐसे महातीर्थ उसके पास हैं। जो विदेशी हैं, दूसरे धर्म के मानने वाले हैं, वो सोचते हैं कि कैसे कोई आस्था, कोई धर्म, कोई अध्यात्म की ताकत करोड़ों लोगों को किसी एक जगह पर इस कड़ाके की ठंड में नदी के तट पर निवास करने, स्नान करने और पूजा पाठ में लीन रहने की ऊर्जा प्रदान करती है। प्रयागराज महाकुंभ सिर्फ स्नान ही नहीं है, सारे धार्मिक आयोजन वहां दिन रात अनवरत चलते रहते हैं। भंडारे चलते रहते हैं। करोड़ों लोगों के रहने और खाने का इंतजाम किया गया है।

# मॉडर्न कोच फैक्ट्री लालगंज में हरित ऊर्जा की दिशा में बढ़ते कदम, रूफटॉप सोलर पैनल का उदघाटन

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



लालगंज आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना आरेडिका ने हरित ऊर्जा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। आरेडिका के विद्युत विभाग में सामग्री परीक्षण प्रयोगशाला (मैटरियल टेस्टिंग लैबोरेट्री) की छत पर 157.5 किलोवाट के रूफटॉप सोलर पैनल की स्थापना की गई है। इस नवनिर्मित रूफटॉप सोलर पैनल का उद्घाटन महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा द्वारा उच्चाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। आरेडिका के प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता हरीश चन्द्र ने बताया कि नवनिर्मित रूफटॉप सोलर पैनल के निर्माण से आरेडिका का कुल सोलर ऊर्जा क्षमता 3.92 मेगावाट हो गयी है। इस संयंत्र की स्थापना से रेलवे राजस्व की बचत होगी साथ ही कार्बन फुट प्रिन्ट जैसे मानकों में कमी आएगी एवं हरित ऊर्जा तथा स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन में वृद्धि होगी। इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक राजीव खण्डेलवाल, प्रधान वित्त सलाहकार बीएल मीना, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता हरीश चन्द्र, और प्रधान मुख्य सुरक्षा अधिकारी रमेश चन्द्र, एसडीजीएम एवं सीवीओ अकमल बदूद सहित उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अलावा, आरेडिका में रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें रेलवे कर्मियों एवं उनके परिवार के सदस्यों ने रक्तदान कर किसी अनजान व्यक्ति की जान बचाने का पुण्य कार्य किया।

# जनपद के ऑथराइज्ड डीलर बॉम्बे ऑटोमोबाइल्स के प्रतिष्ठान पर हीरो की नई स्कूटर डेस्टिनी की लॉन्चिंग



जन एक्सप्रेस । रायबरेली

हीरो मोटोकॉर्प के ऑथराइज्ड डीलर बॉम्बे ऑटोमोबाइल्स के प्रतिष्ठान पर हीरो की नई स्कूटर डेस्टिनी 125 मॉडल की लॉन्चिंग उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष अतुल कुमार गुप्ता द्वारा की गई। प्रतिष्ठान के जीएम मोहित गुप्ता ने बताया कि कंपनी द्वारा हीरो डेस्टिनी 125 मॉडल पेश किया गयास्कूटर की दुनिया में अब तक का सबसे ज्यादा फीचर्स वाला स्कूटर है क्योंकि इसमें सबसे ज्यादा लंबी सीट। यह 125सीसी हीरो स्कूटर तीन वेरिएंट और पांच कलर ऑप्शन में उपलब्ध है। 59 किलोमीटर का माइलेज स्कूटर में डिस्क ब्रेक के साथ 5 साल की वारंटी और पांच सर्विस फ्री जो आपको बेहतर सुविधा और टेंशन फ्री राइड देता है। न्यू हीरो डेस्टिनी 125 तीन वेरिएंटः वीएक्स, जेडएक्स, और जेडएक्स प्लस में उपलब्ध है। वीएक्स वेरिएंट तीन कलर- इटरनल व्हाइट, रीगल ब्लैक और ग्रोवी रेड में उपलब्ध है, वहीं जेडएक्स वेरिएंट दो कलर- कॉस्मिक ब्लू और मिस्टिक मेजेंटा, जबकि जेडएक्स प्लस कॉपर क्रोम असेंट के साथ इटरनल व्हाइट और रीगल ब्लैक कलर में उपलब्ध है, इसको स्कूटर का हीरो कहते हैंइस मौके पर प्रोपराइटर राजेंद्र गुप्ता कंपनी के अधिकारी प्रतीक अग्निहोत्री चंद्र प्रकाश गुप्ता संदीप जैन अनूप खन्ना आनंद गुप्ता उपस्थित रहे।

## व्यापारी नेता मुकेश रस्तोगी ने प्रयागराज महाकुम्भ में भगदड़ से हुई मौतों पर दी श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रदेश संगठन मंत्री मुकेश रस्तोगी ने प्रयागराज महाकुम्भ में भगदड़ से हुई मौतों पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की हैश्री रस्तोगी ने कहा कि अव्यवस्थाजन्य हादसे में श्रद्धालुओं के हताहत होने का समाचार बेहद दुःखद है। उन्होंने हादसे में हाहत हुए सभी लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है श्री रस्तोगी ने उत्तर प्रदेश की योगी सरकार से अपील की है कि भगदड़ में घायल हुए श्रद्धालुओं की सरकार अच्छे से अच्छा इलाज कराये, मृतको के शवों को चिन्हित करके उनके परिजनों को सौपने और उनके निवास स्थान तक भेजने का प्रबंध करे, जो लोग बिछड़ गये हैं, उन्हें मिलाने के लिए त्वरित प्रयास किए जायें एवं महाकुम्भ में हेलीकाप्टर का सदुपयोग करते हुए निगरानी बढ़ायी जाए श्री रस्तोगी ने श्रद्धालुओं से भी अपील की है कि वह इस कठिन समय में संयम और धैर्य से काम लें और शांतिपूर्वक अपनी तीर्थ यात्रा सम्पन्न करे।

# अयोध्या पहुंचीं डिंपल , बोलीं- महाकुंभ हादसा दुर्भाग्यपूर्ण, सरकार बढ़ाए मुआवजा राशि

जन एक्सप्रेस । अयोध्या



मिल्कीपुर में रोड शो के लिए डिंपल यादव अयोध्या पहुंचीं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ हादसा दुर्भाग्यपूर्ण है। कहा कि मुआवजा राशि बढ़ाई जाए। यूपी के अयोध्या में मिल्कीपुर सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर सियासत गर्म है। इसी कड़ी में गुरुवार को समाजवादी पार्टी की स्टार प्रचारक सांसद डिंपल यादव रोड शो करने अयोध्या पहुंची। उन्होंने महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर उतरकर मीडिया से बातचीत की।

इस मौके पर सांसद डिंपल यादव ने कहा कि मिल्कीपुर चुनाव में समाजवादी पार्टी के पक्ष में माहौल है। हम वहां पर भारी मतों के अंतर से जीत दर्ज करेंगे। प्रयागराज महाकुंभ हादसे पर कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है। हमारी संवेदना उन परिवारों के साथ है, जिन्होंने अपनों को खोया है। ईश्वर से प्रार्थना है कि जो घायल हैं वे जल्द स्वस्थ हों। उन्होंने प्रदेश की योगी सरकार से कहा कि मुआवजे की राशि बढ़ाई जाए। जिनकी मौत हुई है, उनके शव परिजनों को जल्द सौंप दिए जाएं। इसके पहले एयरपोर्ट पहुंचने पर सपा सांसद का पूर्व मंत्री पवन पांडेय, जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव और सांसद अवधेश प्रसाद के नेतृत्व में बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। सपा सांसद एयरपोर्ट से रोड शो के लिए मिल्कीपुर रवाना हो गई हैं।



### किसान पर हमले के बाद से...

खेत में मटर तोड़ रहे किसान पर हमले के बाद से तेंदुआ आबादी के निकट गन्ने के खेतों में डेरा जमाए हुए हैं। देर शाम तक वन कर्मियों को तेंदुआ की लोकेशन नहीं .....

▸ शेष पेज 10 पर...

# 3 दिन से लापता सातवीं की छात्रा का खेतों में मिला शव





**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

महाराजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत तीन दिन से लापता बच्ची का शो गुरुवार सुबह खेतों में पड़ा हुआ मिला है। बच्ची के शरीर पर गहरी चोटों के निशान हैं और कपड़े भी अस्त-व्यस्त अवस्था में मिले हैं। ईट भट्ठे के पास से गुजर रहे ग्रामीणों ने पुलिस और परिजनों को शव मिलने की सूचना दी। परिजनों ने बताया कि बच्चे सोमवार शाम को घर से निकली थी। उसके बाद से वह घर वापस नहीं लौटी थी। स्थानीय थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटनास्थल से पुलिस की टीम ने शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस रेप के बाद हत्या के आशंका जाता रही है। फॉरेंसिक टीम ने ईट भट्ठे से कई साक्ष्य बरामद किए हैं। कानपुर पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के साथ-साथ पुलिस महकने के आल्हा अधिकारी मौके पर पहुंचे। सूत्रों के मुताबिक महाराजपुर के एक गांव के रहने वाले एक परिवार की सबसे छोटी बेटी उम्र लगभग 12 वर्ष जो कि गांव के ही कॉन्वेंट विद्यालय में कक्षा 8 में पढ़ती थी। सोमवार शाम को किसी काम से घर से बाहर निकली थी। बेटी जब तेरा श्याम तक घर वापस नहीं लौटी तो परिवार में मां पिता दो बड़ी बहनें और छोटे भाई को चिंता हुई। परिजनों ने आसपास के घरों में पूछताछ की। लेकिन बेटी का कहीं कोई पता नहीं चला। कहीं पर भी न मिलने पर गांव के बाहर खेतों और नदी के आसपास उसकी तलाश की गई। रात भर परिजन और ग्रामीण बच्ची को ढूंढते रहे। इसके बाद परिजनों ने पुलिस में किशोरी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। काफी खोजबीन की लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चल सका। तीन दिन बाद गुरुवार के सुबह गांव के बाहर एक ईंट भट्ठे के पास से गुजर रहे ग्रामीणों को अरहर के खेत में बच्ची का शव मिला। ग्रामीणों ने परिजनों और पुलिस को घटना की जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद क्षेत्रीय पुलिस ने घटना की संदिग्धता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को घटनास्थल पर बुलाया और घटना स्थल से अहम साक्ष्य इकट्ठा किए हैं। बच्ची का शव मिलने के बाद से मां भाई बहनों का रो-रो कर बुरा हाल है। बच्ची को हस्त व्यस्त और खून से लथपथ देखकर पिता और मां बार-बार बेहोश हो जा रहे थे। महाराजपुर थाना प्रभारी संजय कुमार पांडे के अनुसार पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। चौकी स्थिति से पुलिस रेप कर हत्या के आशंका जता रही है। मृतक किशोरी के शरीर पर गंभीर छोटे और खरोच के निशान मिले हैं। बच्चों के कपड़े भी फटे हुए थे। घटना की सूचना मिलती ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। फॉरेंसिक टीम और फील्ड यूनिट टीम को मौके पर बुलाया गया है। इसके अलावा डॉग स्क्वायड भी मौके पर पहुंचा। पुलिस मामले की हर एंगल से जांच पड़ताल कर रही है। बच्ची के शोक की बरामदगी के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस जल्द से जल्द अपराधियों को पकड़ने का प्रयास करेगी।

### साक्ष्य के आधार पर होगी कार्रवाई

सूचना मिलते ही कानपुर पुलिस कमिश्नर कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की। उन्होंने बच्ची के परिजनों से मिलकर हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। जांच के दौरान ज्वाइंट सीपी हरीश चंदर, डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह, शाहिद आला अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस कमिश्नर ने अफसर को घटना के जल्द खुलासा करने की दिशा निर्देश दिए हैं। वही डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। पूछताछ के लिए पड़ोस के गांव के कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस घटना के हर एंगल की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और घटना स्थल पर मिले साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी। घटना में शामिल दोशियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## गैंगस्टर ने एचएएल कर्मचारी से मांगी 10 लाख की रंगदारी



**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

चकेरी थाना क्षेत्र में एक मकान कब्जाने और उसे छोड़ने के एवज में 10 लाख की रंगदारी मांगने के मामले में एचएएल कर्मी ने कुख्यात गैंगस्टर पप्पू स्मार्ट समेत 8 के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। गैंगस्टर पप्पू स्मार्ट सपा नेता पिंटू सेंगर की हत्या में मुख्य आरोपी रहा है। वह वर्तमान समय में जेल में बंद है। पुलिस के मुताबिक अन्य आरोपियों की मामले में तलाश की जा रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। एचएएल कॉलोनी रामादेवी चकेरी के रहने वाले संजय यादव ने कुख्यात गैंगस्टर असीम उर्फ पप्पू स्मार्ट समेत 8 के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। उसका आरोप है कि उसकी पत्नी के पप्पू स्मार्ट से अवैध संबंध हो गए थे। वही उसका बेटा हर्षित भी पप्पू के गिरोह में शामिल हो गया था। इस कारण संजय ने पत्नी और बेटे से अपने सारे संबंध समाप्त कर लिए थे। संजय के मुताबिक 17 दिसंबर 2024 को जब वो एचएएल कॉलोनी स्थित अपने घर गया तो उसका दरवाजा खुला देख चौक गया। अंदर से पत्नी की रिश्तेदार कन्नौज के भखरौली गांव की रहने वाली अमित यादव निकली। संजय के मुताबिक पत्नी के जरिए अमिता भी पप्पू स्मार्ट के संपर्क में आ गई थी। उसने कहा कि यह घर संजय की पत्नी और पप्पू स्मार्ट ने दिया है और कहां की इसकी देखरेख करनी है। संजय के मुताबिक अमिता खुद अपने गांव में बेहद बदनाम है। लोगों को झूठे मुकदमे में फंसा कर ब्लैकमेल कर पैसे ऐंठने के कई मामले इसके खिलाफ चल रहे हैं। जब संजय ने अमिता का विरोध किया तो उसने किसी को फोन लगा दिया।

### बाइक सवार लोगों ने पिस्तौल तानकर धमकाया

संजय के मुताबिक अमिता के फोन के थोड़ी देर बाद दो मोटरसाइकिल सवार जिम एक पर आमिर बिच्छू और मोहम्मद जैन कालिया तथा दूसरी पर दो अन्य लोग आ पहुंचे। इन लोगों ने संजय से कहा कि मकान हमारा है। अगर तुमको वापस चाहिए तो हमको 10 लाख रुपए दो वरना इस मकान को भूल जाओ। संजय के मुताबिक उसने शातिरों से पुलिस में जाने की बात कही। तो आमिर बिच्छू ने दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार दोनों युवकों से कहा कि हैदर रिजवान इसको यही गोली मार दो। दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार दोनों लोग उतरे और अपनी कमर में खुशी हुई पिस्टल निकालकर तान दी। इसके बाद संजय डर के मारे वहां से चला गया।

मामले में चकरी इंस्पेक्टर संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि तहरीर के आधार पर असीम उर्फ पप्पू स्मार्ट, आमिर बिच्छू, मोहम्मद जैन कालिया, मिनेश उर्फ मीनू यादव, हर्षित यादव, हैदर, रिजवान और अमिता यादव के खिलाफ अवैध वसूली समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। मामले में आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## चुन्नीगंज से कानपुर सेंट्रल तक भूमिगत मेट्रो स्टेशनों में लगाई गईं वेंडिंग मशीन



**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (यूपीएमआरसी) ने गुरुवार को चुन्नीगंज से कानपुर सेंट्रल तक पांचों भूमिगत स्टेशनों में 40 वेंडिंग मशीनें, ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन गेट लगा दिए, जबकि जनवरी में सेंट्रल तक मेट्रो ट्रेन दौड़ाने का दावा किया था। मेट्रो रेल के एमडी सुशील कुमार ने कॉरिडोर-1 और 2 का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मेट्रो की टीम मोतीझील से कानपुर सेंट्रल तक यात्री सेवा के विस्तार के लिए जुटी है। आने वाले दिनों में कानपुर सेंट्रल तक मेट्रो ट्रेनों का नियमित ट्रायल रन किया जाएगा। ट्रांसपोर्टनगर से नौबस्ता तक सभी स्टेशन, ट्रैक निर्माण का काम तेजी से चल रहा है। कॉरिडोर-2 (सीएसए- बर्रा-8) में रावतपुर से कंपनी बाग चौराहा के पास डिपो, रैंप तक अप-लाइन की पहली सुरंग बन चुकी है।

## सचेंडी हाईवे पर थार में लगी आग, छात्र बाल-बाल बचे





**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

सचेंडी के किसान नगर हाईवे के नीचे सर्विस रोड पर गुरुवार को एक थॉर कार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते कार धू-धूकर जल उठी। कार मैं मौजूद छात्रों ने कूद कर अपनी जान बचाई। आग लगने पर किस नगर के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। लोगों ने जल्दी गाड़ी का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया।

सूत्रों के मुताबिक पनकी रोड कल्याणपुर सेक्टर 2 के रहने वाले मनधीर सिंह व रोहित सिंह एमएससी के छात्र हैं। दोनों कानपुर देहात के रामस्वरूप सिंह डिग्री कॉलेज में पढ़ाई कर रहे हैं। गुरुवार को दोनों छात्र परीक्षा देने के लिए कॉलेज गए हुए थे। परीक्षा देकर वह वापस लौट रहे थे। इसी दौरान दोपहर लगभग 1ः00 बजे उनकी थार कार झटका देकर रुक गई।

### अचानक निकाला इंजन से धुआं, और मिनटों में लग गई आग

छात्रों के मुताबिक गाड़ी के रोकने के बाद जब तक वह कुछ समझ पाए बोनट से दुआ उठने लगा और कुछ ही मिनटों में आंख की लपटे दिखाई देने लगी। दोनों छात्रों ने गाड़ी से कूद कर अपनी जान बचाई। इसी दौरान क्षेत्रीय ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर जलती हुई कर का वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। सचेंडी पुलिस के मुताबिक दोनों छात्र सही सलामत हैं। फायर ब्रिगेड ने आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

## किशोरी को भगा ले जाने वाले युवक को 5 साल की कैद



**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

शादी का झांसा देकर किशोरी को बहला फुसला कर लें जाने वाले युवक को एडीजे -13 कोर्ट ने दोषी करार देते हुए 5 साल कैद की सजा सुनाई है। वर्ष 2014 में युवक किशोरी को घर से भगा ले गया था। उसे दौरान किशोरी घर पर अकेली थी। 10 साल बाद पीड़िता को न्याय मिला।

महाराजपुर थाने के रहने वाली पीड़िता ने बताया कि 4 जुलाई 2014 को उसकी 14 वर्षीय बेटी घर पर अकेली थी।

इस दौरान महाराजपुर के बौसर गांव के रहने वाले कमल यादव उसके घर पहुंचा और उसकी बेटी को शादी का झांसा देकर बहला फुसला कर भाग कर ले गया।

काफी तलाश के बाद भी कोई पता न चलने पर उन्होंने 12 जुलाई को महाराजपुर थाने में कमल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### 1 माह सूरत में आरोपी ने पीड़िता को रखा था

पीड़िता ने कोर्ट में बताया कि आरोपी उसे दिल्ली ले गया था। जहां 2 से 3 दिन रहने के बाद वह उसको सूरत ले गया। जहां आरोपी ने उसके साथ एक माह तक रेप की घटना को अंजाम दिया। रिपोर्ट दर्ज होने की जानकारी पर आरोपी ने सरेंडर कर दिया था। मामला एडीजे-13 सुरेंद्र पाल सिंह की कोर्ट में ट्रायल पर था।

### 6 गवाह कोर्ट में किए गए थे पेश

विशेष लोक अभियोजक चंद्रकांत शर्मा ने बताया कि अभियोजन पक्ष की ओर से मामले में छह गवाह पेश किए गए थे। कोर्ट ने सबूतों के अभाव में पास्को एक्ट में दोष मुक्त करार दिया। वही किशोरी को भाग ले जाने के आप कोर्ट ने दोषी करार देते हुए 5 साल कैद व 6 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

## वीर सपूतों को याद कर 2 मिनट का रखा मौन

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों की स्मृति में कलेक्ट्रेट सभागार में आज सुबह 11 बजे दो मिनट का मौन धारण किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि यह दिन हमें उन शहीदों की याद दिलाता है जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहूति दे दी। हमें उन वीर सपूतों की कुर्बानी को हमेशा याद रखना चाहिए जिन्होंने अपने परिवारों को छोड़कर देश को आजाद करने में अपने प्राणों को न्योछावर कर दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर डॉ. राजेश कुमार, अपर जिला अधिकारी वित्त राजस्व, राजेश कुमार, अपर जिला अधिकारी न्यायिक चंद्रशेखर सहित कलेक्ट्रेट के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें।

## शिवराजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य कर्मियों ने ली कुष्ठ रोग मुक्त समाज की शपथ

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवराजपुर में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर अधीक्षक डॉ अनुज दीक्षित, कुष्ठ रोग पर्यवेक्षक आर पी मयंक व आशा संघ की अध्यक्ष आशा कुशवाह की मौजूदगी सभी स्वास्थ्य कर्मियों और आशा बहुओं ने राष्ट्रपिता को श्रद्धासुमन अर्पित किए और जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशानुरूप जिले को कुष्ठ रोग मुक्त बनाने की शपथ ली। इस अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य कर्मी और आशा बहुएं घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करेंगे और कुष्ठ रोग से पीड़ित लोगों को खोज कर उनका स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएंगे और और उनके प्रति समाज में कोई भेदभाव न हो उसके लिए लोगों को जागरूक करेंगे।

## आईआईटी कानपुर में इंजीनियर छात्रा का हुआ यौन शोषण



**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

आईटी कानपुर में डेढ़ महीने के अंदर ही यौन उत्पीड़न का एक और मामला सामने आया है प्रोजेक्टर मैनेजर ने साइबर सिक्योरिटी से जुड़े प्रोजेक्ट के लिए काम करने वाली इंजीनियर का यौन उत्पीड़न किया। पीड़िता की तहरीर पर कल्याणपुर थाने में 2 दिन पहले रिपोर्ट दर्ज की गई है। पीड़िता नॉर्थ ईस्ट की रहने वाली है। किस दर्ज कर पुलिस ने पीड़िता का बुधवार को मेडिकल कराया। पुलिस पूरे मामले की गोपनीयता के साथ जांच पड़ताल कर रही है। अभी तक आरोपी को अरेस्ट नहीं किया गया है। पुलिस का कहना है कि मजिस्ट्रेट की बयान दर्ज होने के बाद आरोपी को अरेस्ट किया जाएगा।

सूत्रों के मुताबिक नॉर्थ ईस्ट की रहने वाली युवती आईआईटी कानपुर के साइबर सिक्योरिटी के एक प्रोजेक्ट में बतौर इंजीनियर एंपली है। ज्योति ने आरोप लगाया की उसके प्रोजेक्ट मैनेजर शुभम मालवीय ने उसका यौन उत्पीड़न किया। वह 1 साल से शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बना रहा है। जब उसने शादी के लिए कहा तो वह मुकर गया। शादी करने का दबाव डालने पर उसके साथ मारपीट की और उसे धमकाया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी मूल रूप से इंदौर का रहने वाला है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने जब उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी तो उसने मामले की जानकारी आईआईटी प्रशासन को दी। रिपोर्ट दर्ज करने के लिए कल्याणपुर थाने में तहरीर दी।

### आईआईटी प्रशासन ने जांच पड़ताल के लिए टीम का किया गठन

आईआईटी प्रशासन की ओर से मामला सामने आने के बाद पूरे मामले की जांच के लिए एक कमेटी गठित कर दी गई है। वहीं दूसरी तरफ कल्याणपुर पुलिस ने तहरीर मिलते ही आरोपी शुभम मालवीय के खिलाफ शादी का जहां शादी कर यौन उत्पीड़न करने धमकी देने और मारपीट करने की धारा में एफआईआर दर्ज की है।

### डेढ़ महीने के भीतर दर्ज हुई दूसरी रिपोर्ट

आईआईटी कानपुर में डेढ़ महीने के भीतर यह दूसरा मामला सामने आया है। आईआईटी की एक रिसर्च स्कॉलर ने भी 12 दिसंबर 2024 को कल्याणपुर थाने में शादी का झांसा देकर यौन उत्पीड़न करने की रिपोर्ट एसीपी मोहसिन के खिलाफ दर्ज कराई थी। मामले की जांच के लिए पुलिस कमिश्नर ने एसआईटी का गठन किया था।

# मुस्ता गांव में तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बाइक सवार पिता घायल, पुत्र की दर्दनाक मौत

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के शिवराजपुर थाना अंतर्गत मुश्ता गांव में बाइक सवार पिता अपने पुत्र को एक तेज रफ्तार लोडर ने टक्कर मार दी। हादसे में बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई और युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। मुश्ता गांव निवासी विष्णु गौतम का 8 वर्षीय पुत्र अर्पित कक्षा 2 का छात्र था। वह जगदीशपुर गांव स्थित एक निजी विद्यालय में पढ़ता था। उसके पिता प्रतिदिन की भांति गुरुवार सुबह उसे बाइक से विद्यालय छोड़ने जा रहे थे। तभी गांव के हलवाई टोला में सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार लोडर नहीं उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में छात्र अर्पित की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और उसके पिता विष्णु गौतम गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घटना के बाद लोडर चालक लोडर चालक मौके से भाग निकला पुलिस ने लोडर सहित चालक को गिरफ्तार कर लिया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से घायल को उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में उसे कानपुर के लिए रेफर कर दिया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक छात्र का शव को चार घंटे बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। थाना प्रभारी निरीक्षक अमन सिंह के मुताबिक मामा की तहरीर पर लोडर चालक के खिलाफ गैर इरातन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# राजस्थान में बैठी पत्नी ने पति के खाते से तीन लाख रूपये उड़ाए, रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**




राजस्थान में बैठी पत्नी ने बैंक मैनेजर से सांठगांठ कर पति के खाते से तीन लाख रुपये पार कर दिए। मामला संज्ञान में आने के बाद पति ने एचडीएफसी बैंक के मैनेजर, पत्नी समेत अन्य के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। चकेरी के कृष्णानगर निवासी भरत भट्ट का पत्नी दिव्या के साथ सिविल लाइंस स्थित एचडीएफसी बैंक में ज्वाइंट खाता है। खाते में 2.60 लाख रुपये कैश और 42 हजार रुपये की एफडी अटैच थी। भरत के अनुसार पिछले कई माह से उनका पत्नी के साथ मनमुटाव चल रहा है। इसका पारिवारिक वाद कानपुर कोर्ट में चल रहा है। तलाक का मामला विचाराधीन है। इसके चलते उनकी पत्नी राजस्थान के जयपुर स्थित अपने मायके में रह रही है। भरत ने बताया कि बैंक अधिकारियों को जब इस संबंध में जानकारी दी तो उन्होंने उनके ज्वाइंट खाते में डेबिट फ्रीज लगा दिया था। आरोप है कि इसके बाद भी उनकी पत्नी दिव्या, सास नीलम, ससुर राजकुमार भाटिया, साले करन ने जयपुर के एचडीएफसी शाखा के बैंक मैनेजर के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेजों के सहारे उनके खाते से रुपये निकाल लिए। इसके बाद खाता बंद करा दिया। थानाप्रभारी जगदीश पांडेय ने बताया कि मामले में पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पत्नी को बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया जाएगा या फिर टीम जयपुर जाकर बयान दर्ज करेगी।

## सेंट्रल स्टेशन पर बढ़ी भीड़, 81 स्पेशल ट्रेनों से भेजे गए यात्री

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**



महाकुंभ के लिए शहर से स्पेशल ट्रेनों की भरमार जरूर है, फिर भी कई रूटों के यात्रियों को ट्रेनों के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। बुधवार शाम से गुरुवार शाम तक 81 स्पेशल ट्रेनों से यात्री प्रयागराज और विभिन्न रूटों पर भेजे गए। सभी ट्रेनें फुल होकर गईं। प्रयागराज और दिल्ली, झांसी रूट के यात्री स्टेशन पर ट्रेनों का इंतजार करते दिखे।

स्टेशन अधीक्षक अवधेश द्विवेदी ने बताया मौनी स्नान करके श्रद्धालुओं के लौटने का सिलसिला बुधवार देर रात तक रहा। इनमें बड़ी संख्या में दिल्ली, राजस्थान और मध्य प्रदेश के यात्री थे। देर रात 12 से दो बजे के बीच प्रयागराज से कुछ और मेमू यात्रियों को वापस लेकर लौटीं तो प्लेटफॉर्म नंबर दो और तीन पर काफी भीड़ हो गई।

इस पर सीटीएम आशुतोष सिंह मौके पर पहुंचे और तत्काल दो मेमू दिल्ली और झांसी रूट के लिए मंगवाकर रवाना कीं।

बीते 24 घंटे में 50 स्पेशल ट्रेनों, 31 मेमू से लगभग दो लाख यात्री प्रयागराज गए। प्रयागराज से 17 मेमू गाड़ियों से यात्री सेंट्रल स्टेशन पहुंचे। डिप्टी सीटीएम ने बताया कि महाकुंभ के लिए हर समय ट्रेन उपलब्ध हैं।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (आई/सी) उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर, हरियाणा–135002, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, केवल निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से ई–निविदाएं आमंत्रित करता है–

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | पावर कारों में बैटरी शुरू करने के लिए आइसोलेशन स्विच का प्रतिस्थापन (पीबी आइटम नंबर 1273/22-23, 689/23-24, डब्ल्यूबी 477/24-25)." | | |
| निविदा प्रकार | खुला | बोली प्रणाली | एकल पैकेट प्रणाली |
| निविदा विक्रय समापन तिथि | 21.02.2025 प्रातः 11:30 बजे। | निविद अपलोड करने की तिथि एवं समय | 29.01.2025 18:41 बजे |
| पूर्व–बोली आवश्यक है | नहीं | आज तक प्री–बिड क्वेरी | ना |
| विज्ञापन मूल्य | रू 78,16,393/– सभी कर जीएसटी आदि सहित | निविदा अनुभाग | टेंडर एवं वर्क्स/इलेक्ट्रिकल शाखा जगाधरी वर्कशॉप। |
| अग्रिम धन | रू 1,56,300/– | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा दस्तावेज लागत | Nil अप्रैल 2022 के भाग–I खंड संख्या 3 के अनुसार | समापन की अवधि | 12 माह |
| बोली आरंभ तिथि | 07.02.2025 | बोली समाप्ति तिथि | 21.02.2025 प्रातः 11:30 बजे। |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | उसके बाद किसी भी समय निविदा को बंद किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को उद्घाटन के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है। | | |
| वेबसाइट | www.ireps.gov.in पर जाएं | | |

56–डब्ल्यू/विधुत/24–25/टी/21/आरएसपी/आइसोलेशन स्विच

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 327/25

▸ पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# गांवों की खुशहाली मापने के लिए बनाएं नए मानदंड

**इन आंकड़ों से ग्रामीण इलाकों में बढ़ती खुशहाली की तसवीर सामने आती है। दिलचस्प यह है कि इस आंकड़े में खाने-पीने के अलावा की चीजों पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में यह खर्च 60 और 53 प्रतिशत रहा। इसका मतलब साफ है कि अब ग्रामीण इलाकों में भी वाहन, कपड़े, बिस्तर, जूते, मनोरंजन एवं टिकाऊ आदि सामानों पर खर्च बढ़ा है। इससे साफ है कि उपभोक्तावाद ने ग्रामीण इलाकों पर भी जोरदार दस्तक दी है। वैसे ऑनलाइन स्टोर से गांवों में खरीददारी बढ़ी है और उनके डिलीवरी एजेंटों की बाइकें अब ग्रामीण इलाकों का भी खूब चक्कर लगा रही हैं।**

*दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था वाले अपने देश की पहचान उसके गांव रहे हैं। देश सिर्फ ग्रामीण संस्कृति और कृषि व्यवस्था के लिए ही नहीं, सहकार और शिल्पकारी के लिए भी वैश्विक पहचान रखते रहे हैं। सोने की चिड़िया कहे जाने वाले दौर में भी भारतीय कृषि और आर्थिकी के आधार गांव ही रहे। यह बात और है कि अंग्रेजी शासन के दौरान से भारतीय गांवों का पतन शुरू हुआ। इसके बाद भारतीय गांव गरीबी और मजबूरी के पर्याय माने जाने लगे। लेकिन घरेलू उपयोग और खर्च के ताजा सर्वेक्षण की रिपोर्ट बता रही है कि गांवों की आर्थिक तस्वीर बदलने लगी है। भारत सरकार के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से घरेलू उपयोग और खर्च के लिए कराए गए सर्वेक्षण के अनुसार शहरी और ग्रामीण इलाकों में घरेलू खर्च का जो पहले अंतर रहता था, वह लगातार घटता चला गया है। अगस्त 2023 से जुलाई 2024 के दौरान किए गए सर्वेक्षण के मुताबिक, ग्रामीण और शहरी भारत में प्रति व्यक्ति औसत मासिक खर्च 4,122 रुपये और 6,996 रुपये हो गया है। जबकि पहले यानी 2022 से 2023 के बीच यह खर्च क्रमशः 3,773 रुपये और 6,459 रुपये थाय़ यानी शहरी और ग्रामीण भारत की प्रति व्यक्ति खर्च दर में बड़ा अंतर था। मोटे तौर पर यह आंकड़ा बता रहा है कि हाल के दिनों में ग्रामीण इलाकों में आर्थिक समृद्धि पहले की तुलना में बढ़ी और उस लिहाज से खर्च भी बढ़ा है। 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की 68 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है, जबकि 32 प्रतिशत आबादी शहरों में है। स्वाधीन भारत में विशेषकर उदारीकरण के बाद जिस तरह का विकास मॉडल हमने अपनाया, उसमें शहरी विकास पर सबसे ज्यादा फोकस रहा, ग्रामीण विकास या तो रस्मी रहा या फिर उस पर फोकस शहरों की तुलना में कम रहा। शहरों की ओर रोजगार और जीवन सुविधाएं केंद्रित होती चली गईं। शिक्षा के भी बेहतर अवसर गांवों की तुलना में शहरों की ओर बढ़ते गए। इस लिहाज से ग्रामीण क्षेत्रों से सबसे ज्यादा पलायन रोजगार और शिक्षा के लिए हुआ। फिर जिन परिवारों के पास सहूलियतें बढ़ीं, उन परिवारों ने अपनी हैसियत और बजट के लिहाज से मुफीद पाए जाने वाले शहरों की ओर रहने के लिए रूख किया। यही वजह है कि शहरी और ग्रामीण आबादी का जो अनुपात आबादी के समय था, वह आज बदल चुका है। आजादी के वक्त तकरीबन 80 फीसद से ज्यादा लोग गांवों में रहते थे, अनुमान है कि वह घटते-घटते अब साठ और पैंसठ फीसद के बीच आ गई है। रिकॉर्ड पर ग्रामीण आबादी का इतना बड़ा हिस्सा भले ही गांवों में बसता हो, लेकिन हकीकत यह है कि इसमें एक बड़ा हिस्सा शहरों में रोजी-रोटी और शिक्षा के लिए कभी शौकिया तो कभी मजबूरीवश रहने को मजबूर है। इसलिए रिकॉर्ड की तुलना में वास्तविक ग्रामीण आबादी अब और भी कम हो चुकी है। घरेलू खर्च के इस नए आंकड़े को देखते वक्त हमें इस संदर्भ पर भी ध्यान देना होगा। बहरहाल हमें यह भी ध्यान देना होगा कि ग्रामीण इलाकों में खाद्यान्न विशेषकर गेहूं और चावल पर खर्च में निजी या पारिवारिक खर्च में कमी आई है। इसकी वजह यह है कि सरकार की ओर से तमाम तरह की योजनाएं और सामाजिक कल्याण कार्यक्रम चल रहे हैं। मुफ्त खाद्यान्न योजना समेत कई अन्य सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों के जरिये मुफ्त में मिल रही चीजों की कीमतों को ध्यान में रखें तो घरेलू खर्च के ये आंकड़े ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए क्रमशः 4,247 रुपये और 7,078 रुपये हो जाते हैं।*

## एक्सप्रेस आलेख

**वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में रोजगार के अधिक से अधिक अवसर निर्मित करने वाले उद्योगों को भी कुछ राहत प्रदान की जा सकती है क्योंकि आज देश में रोजगार के करोड़ों नए अवसर निर्मित करने की महती आवश्यकता है। विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग को विशेष सुविधाएं प्रदान की जा सकती हैं। हां, साथ में तकनीकी आधारित उद्योगों को भी बढ़ावा देना होगा क्योंकि वैश्विक स्तर पर भी हमारे उद्योगों को हमें प्रतिस्पर्धी बनाना है। ग्रामीण इलाकों में आज भी भारत की लगभग 60 प्रतिशत आबादी निवास करती है अतः कृषि क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र में कुटीर एवं लघु उद्योगों पर अधिक ध्यान इस बजट के माध्यम से दिया जाएगा।**

# वित्तीय वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट से मिल सकती हैं कई सौगातें



प्रह्लाद सबनानी

**केरल, पंजाब, हिमाचल प्रदेश एवं दिल्ली की स्थिति हम सबके सामने है। इस प्रकार की योजनाओं को चलाने के कारण इन राज्यों के बजटीय घाटे की स्थिति दयनीय स्थिति में पहुंच गई है। पंजाब तो किसी समय पर देश के सबसे सम्पन्न राज्यों में शामिल हुआ करता था परंतु आज पंजाब में बजटीय घाटा भयावह स्थिति में पहुंच गया है। जिससे ये राज्य आज पूंजीगत खर्चों पर अधिक राशि व्यय नहीं कर पा रहे हैं।**

वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली छमाही (अप्रेल-सितम्बर 2024) में भारत की आर्थिक विकास दर कुछ कमजोर रही है। प्रथम तिमाही (अप्रेल-जून 2024) में तो सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर गिरकर 5.2 प्रतिशत के निचले स्तर पर आ गई थी। इसी प्रकार द्वितीय तिमाही (जुलाई-सितम्बर 2024) में भी सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 5.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। इससे वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह वृद्धि दर घटकर 6.6 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है, जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत की रही थी। वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम छमाही में आर्थिक विकास दर के कम होने के कारणों में मुख्य रूप से देश में सम्पन्न हुए लोक सभा चुनाव है और आचार संहिता के लागू होने के चलते केंद्र सरकार के पूंजीगत खर्चों एवं अन्य खर्चों में भारी भरकम कमी दृष्टिगोचर हुई है। साथ ही, देश में मानसून की स्थिति भी ठीक नहीं रही है। केंद्र सरकार ने हालांकि मुद्रा स्फीति पर अंकुश लगाने में सफलता तो अर्जित कर ली है परंतु उच्च स्तर पर बनी रही मुद्रा स्फीति के कारण कुल मिलाकर आम नागरिकों, विशेष रूप से मध्यमवर्गीय परिवारों, की खर्च करने की क्षमता पर विपरीत प्रभात जरूर पड़ा है और कुछ मध्यमवर्गीय परिवारों के गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे परिवारों की श्रेणी में जाने का खतरा उत्पन्न हो गया है। किसी भी देश में मध्यमवर्गीय परिवारों की जितनी अधिक संख्या रहती है, उस देश की आर्थिक विकास दर ऊंचे स्तर पर बनी रहती है क्योंकि मध्यमवर्गीय परिवार ही विभिन्न प्रकार के उत्पादों (दोपहिया वाहन, चारपहिया वाहन, फ्रिज, एयर कंडीशनर जैसे उत्पादों एवं नए फ्लेट्स एवं भवनों आदि) को खरीदने पर अपनी आय के अधिकतम भाग का उपयोग करता है। इससे आर्थिक चक्र में तीव्रता आती है और इन उत्पादों की बाजार में मांग के बढ़ने के चलते इनके उत्पादन को विभिन्न कम्पनियों द्वारा बढ़ाया जाता है, इससे इन कम्पनियों की आय एवं लाभप्रदता में वृद्धि होती है एवं देश में रोजगार के नए अवसर निर्मित होते हैं। भारत में पिछले कुछ समय से मध्यमवर्गीय परिवारों की व्यय करने की क्षमता पर विपरीत प्रभाव पड़ा है अतः दिनांक 1 फरवरी 2025 को केंद्र सरकार की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन से अब यह अपेक्षा की जा रही है कि वे वित्तीय वर्ष 2025-26 के केंद्र सरकार के बजट में मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए विशेष रूप से आय कर में छूट की घोषणा करेंगी। देश के कई अर्थशास्त्रियों का तो यह भी कहना है कि न केवल आय कर में बल्कि कारपोरेट कर में भी कमी की घोषणा की जानी चाहिए। इनफोसिस के संस्थापक सदस्यों में शामिल श्री मोहनदास पई का तो कहना है कि 15 लाख से अधिक की आय पर लागू 30 प्रतिशत की आय कर की दर को अब 18 लाख से अधिक की आय पर लागू



**विभिन्न राज्यों द्वारा चलायी जा रही फ्रीबीज की योजनाओं पर भी अब अंकुश लगाए जाने चाहिए। इन योजनाओं से देश के आर्थिक विकास को लाभ कम और नुक्सान अधिक होता है। केरल, पंजाब, हिमाचल प्रदेश एवं दिल्ली की स्थिति हम सबके सामने है।**

करना चाहिए। आय कर मुक्त आय की सीमा को वर्तमान में लागू 7.75 लाख रुपए की राशि से बढ़ाकर 10 लाख रुपए कर देना चाहिए। आयकर की धारा 80सी के अंतर्गत किए जाने निवेश की सीमा को भी 1.50 लाख रुपए की राशि से बढ़ाकर 2 लाख रुपए कर देना चाहिए। मकान निर्माण हेतु लिए गए ऋण पर अदा किए जाने वाले ब्याज पर प्रदान की जाने वाली आयकर छूट की सीमा को 2 लाख रुपए से बढ़ाकर 3 लाख रुपए किया जाना चाहिए। फरवरी 2025 माह में ही भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मोनेटरी पोलिसी की घोषणा भी होने जा रही है। भारतीय रिजर्व बैंक से अब यह अपेक्षा की जा रही है कि वे रेपो दर में कम से कम 25 अथवा 50 आधार बिंदुओं की कमी तो अवश्य करेंगे। क्योंकि, पिछले लगातार लगभग 24 माह तक रेपो दर में कोई भी परिवर्तन नहीं करने के चलते मध्यमवर्गीय परिवारों द्वारा मकान निर्माण एवं चार पहिया वाहन आदि खरीदने हेतु बैंकों से लिए गए ऋण की किश्त की राशि का बोझ बहुत अधिक बढ़ गया है। बैकों से लिए गए इस प्रकार के ऋणों एवं माइक्रो फाइनैन्स की किश्तों की अदायगी में चूक की घटनाएं भी बढ़ती हुई दिखाई दे रही हैं। अब मुद्रा स्फीति की दर खाद्य पदार्थों (फलों एवं सब्जियों आदि) के कुछ महंगे होने के चलते ही उच्च स्तर पर आ जाती है जबकि कोर मुद्रा स्फीति की दर तो अब नियंत्रण में आ चुकी है। खाद्य पदार्थों की मंहगाई को ब्याज दरों को उच्च स्तर पर बनाए रखकर कम नहीं किया जा सकता है। अतः भारतीय रिजर्व बैंक को अब इस ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में सम्पन्न हुए लोक सभा चुनाव के चलते देश में पूंजीगत खर्चों में कमी दिखाई दी है। इसीलिए अब लगातार यह मांग की जा रही है कि देश में वन नेशन वन इलेक्शन कानून को शीघ्र ही लागू किया जाना चाहिए क्योंकि बार बार देश में चुनाव होने से केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा आचार संहिता के लागू होने के चलते अपने बजटीय खर्चों को रोक दिया जाता है जिससे देश का आर्थिक विकास प्रभावित होता है। अतः वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए लोक सभा में पेश किए जाने वाले बजट में पूंजीगत खर्चों को बढ़ाने पर गम्भीरता दिखाई जाएगी। हालांकि वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट में 7.50 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्चों का प्रावधान किया गया था, वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में 10 लाख करोड़ रुपए एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में 11.11 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्चों का प्रावधान किया गया था। अब वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कम से कम 15 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्चों का प्रावधान किये जाने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इससे देश में धीमी पड़ रही आर्थिक गतिविधियों को तेज करने में सहायता मिलेगी और रोजगार के करोड़ों नए अवसर भी निर्मित होंगे, जिसकी वर्तमान समय में देश को अत्यधिक आवश्यकता भी है। विभिन्न राज्यों द्वारा चलायी जा रही फ्रीबीज की योजनाओं पर भी अब अंकुश लगाए जाने के प्रयास किए जाने चाहिए। इन योजनाओं से देश के आर्थिक विकास को लाभ कम और नुक्सान अधिक होता है। केरल, पंजाब, हिमाचल प्रदेश एवं दिल्ली की स्थिति हम सबके सामने है। इस प्रकार की योजनाओं को चलाने के कारण इन राज्यों के बजटीय घाटे की स्थिति दयनीय स्थिति में पहुंच गई है। पंजाब तो किसी समय पर देश के सबसे सम्पन्न राज्यों में शामिल हुआ करता था परंतु आज पंजाब में बजटीय घाटा भयावह स्थिति में पहुंच गया है। जिससे ये राज्य आज पूंजीगत खर्चों पर अधिक राशि व्यय नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि इन राज्यों की न तो आय बढ़ रही है और न ही बजटीय घाटे पर नियंत्रण स्थापित हो पा रहा है। पिछले कुछ समय से भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी कम हो रहा है। यह सितम्बर 2020 तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद का 4.3 प्रतिशत था जो अब गिरकर सकल घरेलू उत्पाद का 0.8 प्रतिशत के स्तर तक नीचे आ गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में इस विषय पर भी गम्भीरता से विचार किया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2019 के बजट में कोरपोरेट कर की दरों में कमी की घोषणा की गई थी, जिसका बहुत अच्छा प्रभाव विदेशी प्रत्यक्ष निवेश पर पड़ा था और सितम्बर 2020 में तो यह बढ़कर सकल घरेलू उत्पाद का 4.3 प्रतिशत तक पहुंच गया था। अब एक बार पुनः इस बजट में कोरपोरेट कर में कमी करने पर भी विचार किया जा सकता है।

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | द्वितिया 13:58 तक |
| नक्षत्रः | शतभिषा 28:06 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | शुक्रवार |
| योगः | वरीघा, 15:25 |
| सूर्योदयः | 07:09 |
| सूर्यास्तः | 17:53 |
| चंद्रमाः | कुंभ राशि में |
| राहुकालः | 11:10-12:31 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | माघ |
| शुभ मुहूर्तः | 12:09 - 12:52 |

## जन एक्सप्रेस

**छोड़ रहे सब बाण !**

*वादे और दावे का ।*
*छोड़ रहे सब बाण ।।*
*चल रही जो खबरें ।*
*है उसका प्रमाण ।।*
*अपने अपने पाले में ।*
*है करने का काल ।।*
*एक दूसरे से शुरू ।*
*है अभी सवाल ।।*
*हम ही हैं शुभचिंतक ।*
*याद है दिलाया ।।*
*रखना थोड़ा धैर्य ।*
*है उनका सफाया ।।*
*चालू है प्रचार ।*
*है यही निचोड़ ।।*
*ना जब तक परिणाम ।*
*हम ही हैं बेजोड़ ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# हरी सब्जियों के खाने से आपको पर्याप्त मात्रा में मिलता है आयरन



**शरीर** में कमजोरी और खून की कमी होने पर डॉक्टर आपको हरी पत्तेदार सब्जियों को खाने की सलाह देते हैं। आयरन हमारे शरीर के लिए एक महत्वपूर्ण खनिज है, जो हीमोग्लोबिन के निर्माण में सहायक होता है। यह ब्लड में ऑक्सीजन को शरीर के विभिन्न हिस्सों तक पहुंचाने में मदद करता है। लेकिन आयरन को शरीर में पूरी तरह से अवशोषित करने के लिए सिर्फ आयरन-युक्त खाद्य पदार्थ खाना पर्याप्त नहीं है। इसके लिए हमें अपनी डाइट में आयन के अवशोषण को बढ़ाने वाले आहार को शामिल करना चाहिए। इससे हरी सब्जियों से आपको पर्याप्त मात्रा में आयरन मिलता है।

**खट्टे फल:** खट्टे फलों में विटामिन सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो आयरन के अवशोषण को बढ़ाने में सहायक होता है। हरी सब्जियों के साथ हल्का नींबू खाने से आयरन के अवशोषण में मदद मिलती है। विटामिन सी नॉन-हीम आयरन को घुलनशील बनाता है, जिससे शरीर इसे आसानी से अवशोषित कर लेता है।

**टमाटर:** टमाटर में लाइकोपीन और विटामिन ष्ट अधिक मात्रा में होते हैं। यह हरी सब्जियों में मौजूद आयरन के अवशोषण को बढ़ाता है। हरी सब्जियों के साथ टमाटर का सलाद बनाएं या टमाटर का सूप लें।

**दही:** दही प्रोबायोटिक्स का अच्छा स्रोत है, जो आंतों की सेहत को बेहतर बनाता है और पोषक तत्वों के अवशोषण में मदद करता है। आयरन युक्त हरी सब्जियों के साथ दही का सेवन कर सकते हैं।

**अदरक और लहसुन:** अदरक और लहसुन न केवल खाने का स्वाद बढ़ाते हैं, बल्कि आयरन के अवशोषण को भी बेहतर बनाते हैं। इसके लिए आप हरी सब्जियों में अदरक और लहसुन का प्रयोग कर सकते हैं।

**नट्स और बीज:** बादाम, अखरोट, कद्दू के बीज, और सूरजमुखी के बीज आयरन और विटामिन ष्ट के अच्छे स्रोत हैं। आप इन्हे हरी पत्तेदार सब्जियों के सलाद के साथ मिलाकर सेवन कर सकते हैं। आयरन हमारे शरीर के लिए अत्यंत आवश्यक खनिज है, और इसे प्रभावी रूप से अवशोषित करने के लिए सही खाद्य पदार्थों का चयन करना जरूरी है। हरी सब्जियों के साथ खट्टे फल, दही, गुड़, और फर्मेंटेड फूड्स जैसे खाद्य पदार्थ आयरन के अवशोषण को बढ़ाने में मदद करते हैं। इन सरल उपायों को अपनाकर आप न केवल अपने आयरन स्तर को सुधार सकते हैं, बल्कि अपने स्वास्थ्य को भी बेहतर बना सकते हैं।

## एक्सप्रेस विशेष

# शिक्षा में क्रांति : अब असफलता नहीं बनेगी बाधा



प्रो. आर के जैन

**यह नीति न केवल छात्रों को प्रेरित करेगी बल्कि उनके सीखने के अनुभव को अधिक प्रभावी बनाएगी। मध्यप्रदेश सरकार का यह निर्णय राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों के अनुरूप है, जो समावेशी और गुणात्मक शिक्षा को बढ़ावा देता है।**

**यह छात्रों को आत्मविश्वास की नई ऊंचाईयों के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने का प्रोत्साहन देगा, उनका शैक्षणिक और व्यावसायिक भविष्य अधिक सुरक्षित, सुदृढ़ और सुनिश्चित होगा। शिक्षा के क्षेत्र में ये अद्भुत सुधार न केवल मध्यप्रदेश को, बल्कि संपूर्ण राष्ट्र को एक नई दिशा और दृष्टि प्रदान करेंगे। जब यह नीति अपनी पूर्णता में स्थापित होगी, तो यह छात्रों के लिए अनगिनत संभावनाओं के द्वार खोलेगी।**

**मध्यप्रदेश** की शिक्षा क्षेत्र में एक नवीन युग का सूर्योदय हो रहा है, जहां सरकार की दूरदर्शी नीतियां विद्यार्थियों के स्वर्णिम भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर रही हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) ने एक ऐसी क्रांतिकारी परीक्षा नीति को मंजूरी दी है, जो शिक्षा की दुनिया में एक नए अध्याय को पलटने के लिए तैयार है। इस नीति के अंतर्गत, अब असफलता के दरवाजे पर खड़े छात्रों को पूरे वर्ष की प्रतीक्षा की कड़ी नहीं झेलनी पड़ेगी; उन्हें मात्र चार महीने के भीतर ही परीक्षा का दूसरा अवसर मिलेगा। यह निर्णय, विद्यार्थियों के कीमती समय को बचाते हुए, उनकी शैक्षणिक यात्रा को अधिक सशक्त, उत्साहवर्धक और सफलता के नए शिखरों तक ले जाएगा। इस पहल का सबसे महत्वपूर्ण पहलू, छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर इसका सकारात्मक प्रभाव है। पूर्व में पूरक परीक्षा की व्यवस्था विद्यार्थियों पर अत्यधिक दबाव डालती थी, जिससे उनका आत्मविश्वास प्रभावित होता था। अब, यह नया प्रावधान उन्हें अपनी गलतियों से शीघ्र सीखने और आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान करेगा। इससे न केवल उनका आत्मबल बढ़ेगा, बल्कि वे अपनी शैक्षणिक यात्रा को और अधिक गंभीरता से लेने के लिए प्रेरित होंगे। एक अन्य उल्लेखनीय विशेषता यह है कि छात्र अपनी शैक्षणिक प्रगति को बेहतर बनाने के लिए सभी विषयों में पुनः परीक्षा दे सकते हैं। यदि कोई विद्यार्थी अपने प्राप्त अंकों से संतुष्ट नहीं है, तो उसे स्वयं को सुधारने का एक और अवसर प्राप्त होगा। इससे शिक्षा प्रणाली में प्रतिस्पर्धात्मकता और गुणवत्ता का स्तर बढ़ेगा। यह नीति न केवल छात्रों को प्रेरित करेगी बल्कि उनके सीखने के अनुभव को अधिक प्रभावी बनाएगी। मध्यप्रदेश सरकार का यह निर्णय राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के उद्देश्यों के अनुरूप है, जो समावेशी और गुणात्मक शिक्षा को बढ़ावा देता है। यह बदलाव शिक्षा में पारदर्शिता और व्यावहारिकता लाने में सहायक सिद्ध होगा, जहां छात्र केवल पास होने के लिए नहीं, बल्कि वास्तविक ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्रेरित होंगे। यह सुधार समाज के सभी वर्गों के लिए विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध होगा। आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के छात्र, जो विभिन्न कारणों से अपनी शिक्षा में बाधाओं का सामना करते हैं, इस नीति के लागू होने पर अपनी क्षमताओं को सिद्ध करने का सुनहरा अवसर प्राप्त करेंगे। इससे शिक्षा में समानता को बल मिलेगा और समाज के हर तबके के छात्रों को उनकी योग्यता के अनुसार आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। सरकार द्वारा लागू यह नीति शिक्षा को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रखकर इसे एक जीवन-परिवर्तक अनुभव बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह विद्यार्थियों को उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने का मार्ग प्रशस्त करेगी और शिक्षा को समाज के सभी वर्गों के लिए सुलभ बनाएगी। इस पहल के साथ, मध्यप्रदेश न केवल शैक्षिक क्षेत्र में एक नया मानदंड स्थापित करेगा, बल्कि अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणा बनेगा। शिक्षकों और अभिभावकों के लिए भी यह बदलाव राहतकारी सिद्ध होगा। अब वे अपने बच्चों को बिना अनावश्यक वर्ष गँवाए शिक्षा पूर्ण करते देख सकेंगे। यह प्रणाली शिक्षा व्यवस्था में एक नई ऊर्जा का संचार करेगी, जहां छात्रों के हितों को प्राथमिकता दी जाएगी और उन्हें करियर में सफल होने के लिए अधिक अवसर प्रदान किए जाएंगे। इस सुधार से विद्यार्थियों को अपनी कमजोरियों पर कार्य करने का पर्याप्त समय मिलेगा, जिससे वे अधिक आत्मनिर्भर बनेंगे। यह नीति शिक्षा की गुणवत्ता को एक नई ऊंचाई पर ले जाने में सहायक होगी, क्योंकि छात्र अब सीखने को एक गंभीर प्रक्रिया के रूप में अपनाएंगे। इससे परीक्षा प्रणाली का स्वरूप भी बदलेगा, जहां परीक्षा केवल अंक प्राप्ति का माध्यम न होकर, सीखने का एक सशक्त साधन बनेगी। मध्यप्रदेश की यह नीति, शिक्षा के मंदिर में एक ऐसा क्रांतिकारी विस्फोट लाने की सामर्थ्य रखती है जो अभूतपूर्व है। यह न केवल परीक्षा प्रणाली को अधिक समृद्ध और तीक्ष्ण बनाएगी, बल्कि विद्यार्थियों की मानसिक दृढ़ता को भी उच्चतम शिखर तक पहुंचाएगी। इसके साथ, यह छात्रों को आत्मविश्वास की नई ऊंचाईयों के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने का प्रोत्साहन देगा, उनका शैक्षणिक और व्यावसायिक भविष्य अधिक सुरक्षित, सुदृढ़ और सुनिश्चित होगा। शिक्षा के क्षेत्र में ये अद्भुत सुधार न केवल मध्यप्रदेश को, बल्कि संपूर्ण राष्ट्र को एक नई दिशा और दृष्टि प्रदान करेंगे। जब यह नीति अपनी पूर्णता में स्थापित होगी, तो यह छात्रों के लिए अनगिनत संभावनाओं के द्वार खोलेगी, जिससे वे अपने अंदर छुपी प्रतिभा को निखारकर अपने सपनों को हकीकत में बदलने की शक्ति प्राप्त कर सकेंगे। मध्यप्रदेश देश के अन्य राज्यों के लिए एक प्रेरणादायी उदाहरण बन सकता है।

# लापता किशोरी के साथ देहरादून ले जाकर की दरिंदगी, बाद में प्रेमी ने कर दी हत्या





**जन एक्सप्रेस । सुनहरा/अख्तर अली**





**लखीमपुर/निघासन/खीरी।** पढ़ुआ थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी को दूसरे समुदाय का युवक पांच दिन पहले प्रेम-प्रसंग में बहला-फुसला कर ले गया। गुरुवार को किशोरी का शव उत्तराखंड की राजधानी देहरादून के जंगल में पड़ा मिला। पुलिस के अनुसार किशोरी के साथ पहले दुष्कर्म किया गया। उसके बाद हत्या कर शव को जंगल में फेंक दिया गया। पुलिस ने प्रेमी समेत छह आरोपियों को हिरासत में लिया है।मृतका के पिता ने बताया कि 25 जनवरी शाम करीब पांच बजे उनकी 17 वर्षीय पुत्री लापता हुई थी। तलाश के बाद परिवारवालों को जब पता नहीं चला तब पीड़ित पिता ने थाने में 11 लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी। मामला दूसरे समुदाय का होने के कारण पुलिस हरकत में आई और सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से बाइक पर बैठी किशोरी और उसके प्रेमी की पहचान की। उसके बाद पुलिस को नजीमाबाद तक बाइक की लोकेशन मिली रामनगर जंगल से बरामद हुआ शव जांच में जो तथ्य सामने आए उसके आधार पर ढखेरवा चौकी इंचार्ज संदीप यादव अपनी टीम के साथ देहरादून पहुंचे। वहां पर रामनगर थाने के नेहवाला स्थान से किशोरी के प्रेमी छोटू उर्फ आसिफ समेत छह लोगों को दबोच लिया। उनकी निशानदेही पर रामनगर जंगल से किशोरी का शव बरामद किया। किशोरी के चेहरे और गले पर निशान थे। कपड़े भी फट गए थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका के पिता ने आरोप लगाया कि आरोपी युवक उनकी बेटी का धर्मांतरण कराना चाहते थे। बेटी ने मना किया था। इससे नाराज आरोपियों ने बेटी से पहले दुष्कर्म किया। उसके बाद उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। पढ़ुआ थाना इंचार्ज निराला तिवारी ने बताया कि मामले में आसिफ, सलमान, रजब, जुबेर समेत छह लोगों को हिरासत में लिया गया है।

## युवक का दुधवा नेशनल पार्क में पेड़ से लटका मिला शव

**जन एक्सप्रेस । पलिया कलां खीरी**

कोतवाली तिकुनिया क्षेत्र के गांव दीपनगर के निकट दुधवा नेशनल पार्क के जंगल में एक युवक का शव लटका देखे जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। तमाम ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव नीचे उतरवाया। शव की पहचान कोतवाली चंदन चौकी के गांव ढखैनी निवासी 28 वर्षीय चुन्ना के रूप में हुई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ग्राम पंचायत कड़िया के मजरा दीपनगर निवासी कुछ ग्रामीण जंगल की तरफ गए थे। इसी बीच उनकी नजर पेड़ से लटक रहे एक युवक पर पड़ी। उसके गले में रस्सी का फंदा कसा हुआ था। युवक का शव लटका देखे जाने की खबर मिलते ही तमाम लोग मौके पर पहुंच गए और सूचना तिकुनिया पुलिस को दी। मौके पर बेलरायां चौकी इंचार्ज अभिषेक यादव मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव नीचे उतारा। शव की पहचान कोतवाली चंदन चौकी के पड़ोसी गांव ढखैनी निवासी चुन्ना पुत्र भिखू के रूप में हुई है। बताया जाता है कि चुन्ना दीपनगर में एक फार्म हाउस पर नौकरी करता था। चौकी प्रभारी ने बताया कि मामला आत्महत्या प्रतीत हो रही है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत की सही वजह पता चल सकेगी। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

## बजाज चीनी मिल खंभारखेड़ा ने बसंतकालीन गन्ना बुवाई में जागरूकता हेतु ग्राम मझरा में आयोजित किया वृहद किसान सम्मेलन

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**




खंभारखेडा बजाज चीनी मिल खंभारखेड़ा द्वारा ग्राम मझरा में बसंतकालीन गन्ना बुवाई के संबंध एक वृहद कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद, शाहजहांपुर के पूर्व वैज्ञानिक डॉ. वी.सी. जादौन, कृषि विज्ञान केंद्र मझरा से डॉ0 संजय कुमार पाण्डेय एवं डॉ. विवेक कुमार, चीनी मिल खंभारखेड़ा के महाप्रबंधक (गन्ना) श्री पुष्पेंद्र ढाका, उप महाप्रबंधक (गन्ना) वीरेंद्र सिंह, सहायक महाप्रबंधक (गन्ना) राजेंद्र सिंह, वरिष्ठ अधिकारी (गन्ना) आनंद शुक्ला व गोविंद यादव), प्रगतिशील कृषक सहित सैकड़ों की संख्या में किसान उपस्थित रहे।डॉ. वी.सी. जादौन ने किसानों को प्रति इकाई गन्ना उत्पादन बढ़ाने हेतु उपयुक्त प्रजातियों के चयन, वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाने के महत्व को रेखांकित किया पंक्ति-दूरी न्यूनतम 4 फीट रखने, तथा मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों के संतुलित उपयोग की सलाह दी। इसके अतिरिक्त, किसानों को गन्ने की स्वीकृत किस्मों, बीज उपचार (थायोफिनेट मिथाइल द्वारा), भूमि उपचार (ट्राइकोडर्मा द्वारा), सिंगल बड विधि से गन्ना पौध तैयार करने, ट्रेंच विधि से गन्ना बुवाई, जैविक एवं रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग, तथा पेड़ी गन्ना प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं। कृषि विज्ञान केंद्र मझरा से आए डॉ0 विवेक कुमार द्वारा गन्ने की फसल में लगने वाले कीट एवं रोगों की रोकथाम के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र मझरा से आए डॉ.संजय कुमार पाण्डेय द्वारा गन्ने की फसल में सहफसली खेती के महत्व एवं वर्तमान में इसकी उपयोगिता तथा इससे होने वाले लाभों पर विस्तृत जानकारी दी। महाप्रबंधक (गन्ना) पुष्पेंद्र ढाका ने किसानों को आगाह किया कि किसी भी परिस्थिति में प्रतिबंधित या अस्वीकृत प्रजातियों की बुवाई न करें। बसंतकालीन गन्ना बुवाई से पूर्व बीज को फफूंदनाशक एवं कीटनाशक से उपचारित कर, खेत को ट्राइकोडर्मा से शोधित करने के उपरांत दो आँख वाले टुकड़ों की बुवाई करें। उन्नतशील गन्ना प्रजातियों (को.0118, को.15023, को. लख.14201, को. शा.13235, को.लख.16202, को. शा.17231, तथा जलप्लावित क्षेत्रों हेतु को.शा. 13231, को. 98014 एवं को.लख.94184) का चयन कर ट्रेंच विधि द्वारा बुवाई करने की सलाह दी गई।इस अवसर पर चीनी मिल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवधेश कुमार गुप्ता का संदेश भी किसानों को सुनाया गया, जिसमें उन्होंने बसंतकालीन गन्ना बुवाई ट्रेंच विधि (4 फीट) अथवा दूरी विधि (3 से 3.5 फीट) से करने पर जोर दिया, जिससे गन्ने के उत्पादन में वृद्धि होगी। उन्होंने यह भी बताया कि चीनी मिल ने गत सत्र का संपूर्ण गन्ना मूल्य भुगतान कर दिया है तथा वर्तमान सत्र के गन्ना मूल्य भुगतान की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। किसानों को सलाह दी गई कि वे अपना गन्ना कोल्हुओं/खांडसारियों पर न बेचें, बल्कि अपना बेसिक कोटा मजबूत करें, जिससे आगामी पेराई सत्र में अधिक लाभ प्राप्त हो सके।

## कुंभी चीनी मिल में ओवर हाइट ट्रैकों की वजह से लगता है जाम

**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी**




कुंभी चीनी मिल द्वारा लगातार ओवरलोडिंग एवं ओवर हाइट वाहनों पर लगाम लगाने की कोशिश की जा रही है, ऐसा प्रेस नोट चीनी मिल द्वारा जारी किया जाता है, लेकिन वास्तविक हकीकत में चीनी मिल के अंदर ट्रकों में इतना बैगास भरा जाता है कि गेट छोटा पड़ जाता है और ट्रक उसमें फंस जाता है। चीनी मिल को चाहिए कि गेट थोड़ा और ऊंचा करवा दे। अब सवाल यह उठता है कि जब यह ट्रक रोड पर गुजरता है तो उस पर किसी भी प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी की कोई भी नजर क्यों नहीं पड़ती है, इसी ऊंचाई के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं लेकिन इन हादसों से सबक लेने वाला कोई नहीं है।

बताते चलें कि रविवार की शाम 4.00 बजे चीनी मिल से निकलने वाला बैगास का भरा ट्रक इतना ऊंचा था कि वह गेट में फंस गया और घंटों फंसा रहा उसके पीछे ट्रकों कों की लंबी लाइन लगी रही। इस सीन को अपने कमरे में कैद किया अगर किसी को विश्वास ना हो तो चीनी मिल जाकर सीसीटीवी कैमरे चेक कर सकता है प्रशासन को चाहिए कि इस तरीके से ओवरलोडिंग पर लगाम लगाने की जरूरत है। ओवरलोडिंग होने के कारण ही आए दिन हादसे होते रहते हैं और ट्रक पलट जाते हैं जिस कारण कभी दो लोग मर जाते हैं तो कभी चार लोग, इसी के साथ ओवरलोडिंग गन्ने की भी कुछ वीडियो फुटेज भी साझा कर रहा हूं।कुछ समय जिलाधिकारी ने ओवरलोडिंग एवं ओवर हाइट ट्रकों पर पूर्णतया लगाम लगाने का प्रयास किया था लेकिन वह सिर्फ दो दिनों तक चलकर कागजों पर ही सिमट कर रह गया है। इस संबंध में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक कुंभी अजीत सिंह से वार्ता करने पर बताया की आज संडे है कल अभियान चला कर कार्यवाही की जाएगी। लेकिन वह कार्यवाही सिर्फ कागजों पर ही सिमट कर रह गई है।

## सीडीओ खफा, मनरेगा कार्य में मिली अनियमिताएं, सचिव का रोका वेतन



**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**

मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने गुरुवार को विकास खण्ड बेहजम की ग्राम पंचायत गौरिया में चल रहे कार्य होलिका दहन स्थल से विशम्भर के खेत तक भूमि विकास कार्य के निरीक्षण में कई कमियां पाई और संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही भी की। निरीक्षण के दौरान सीडीओ अभिषेक कुमार को मौजूद महिला मेट ने एनएमएमएस के विषय में कोई जानकारी नही दी जा सकी। महिला मेट के पास उपलब्ध पत्रावली में मस्टर रोल नही लगा था। बाद में मस्टर रोल मंगाया गया। मस्टर रोल 27.01.2025 से 09.02.2025 तक का है। केवल 27 व 28 जनवरी, 2025 की उपस्थिति भरी थी। 29 व 30 जनवरी, 2025 की उपस्थिति दर्ज नही की गई थी।

सीडीओ के पूछने पर महिला मेट ने बताया कि एनएमएमएस में तकनीकी समस्या के कारण उपस्थिति अपलोड नही हो पाई। महिला मेट को पुनः ट्रेनिंग देने और यदि व ठीक से कार्य न कर पाये तो उसे हटाने के निर्देश दिये गये। मनरेगा प्रोजेक्ट पर जियो टैग स्थल से कार्य न शुरु कराने और सीआईबी बोर्ड न लगा होने के सम्बन्ध में सम्बन्धित सचिव से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश खण्ड विकास अधिकारी को दिये गये। मौके पर कार्य का पर्यवेक्षण न करने के लिये तकनीकी सहायक अजीत सिंह पटेल का मानेदय रोकने एवं सचिव शोभिता श्रीवास्तव का वेतन रोकने के आदेश दिये गये।

## समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक ने सेक्टर स्तरीय पी.डी.ए. जन पंचायत गांवों में चौपाल लगाई

**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी।** बृहस्पतिवार को समाजवादी पार्टी 139 विधानसभा से पूर्व विधायक विनय तिवारी ने क्षेत्र के तत्वाधान में सेक्टर स्तरीय पी.डी.ए. जनपंचायत कार्यक्रम के तहत गोला विधानसभा के ग्राम बस्तौली, हजरतपुर में अपने सभी सम्मानित सेक्टरवासियों के साथ पी.डी.ए. जनपंचायत में चौपाल लगा कर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के द्वारा चलाए गए अभियान और विपक्ष में माहिती भूमिका के बारे में बताया गया। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी के हाथों को मजबूत करने की अपील की, पूर्व एमएलसी शशांक यादव ने आने वाले 2027 में पी.डी.ए. की भागीदारी वाली सरकार बनने की चौपाल कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं एवं जनता से अपील की। इस मौके पर पूर्व विधायक विनय तिवारी, पूर्व एमएलसी शशांक यादव, प्रदेश सचिव कयूम खां, जिला उपाध्यक्ष विजय पाठक, विधानसभा अध्यक्ष शेर सिंह यादव, प्रभात गुप्ता, सेक्टर प्रभारी श्री कांत तिवारी, आदित्य तिवारी, हरमेल सिंह, हेम सिंह यादव, आदि सम्मानित कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## महात्मा गांधी ने स्वाधीनता आंदोलन को चरमोत्कर्ष पर पहुंचाया

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

महात्मा गांधी के बलिदान दिवस पर गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सेनानी भवन के सभागार में सेनानी उत्तराधिकारियों ने एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूज्य बापू की पुण्य तिथि मनाई। कार्यक्रम की शुरुआत सेनानी भवन परिसर में स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से की गई। उसके बाद सेनानी भवन के सभागार में संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए संगठन के संरक्षक एवं पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी ने कहा कि महात्मा गांधी का जन्म 02 अक्टूबर 1869 को गुजरात के पोरंबर में हुआ था। उन्होंने देश के स्वतंत्रता आंदोलन को चरमोत्कर्ष पर पहुंचाया। किंतु आंदोलन को अहिंसात्मक बनाए रखा । उन्होंने लंदन जाकर कानून की पढ़ाई की। दक्षिण अफ्रीका में उन्होंने नस्लीय भेदभाव का सामना किया। उन्हें देश की जनता ने बापू और महात्मा से संबोधित किया । गांधी जी ने असहयोग, अहिंसा और शांतिपूर्ण प्रतिकार को अंग्रेजों के खिलाफ शस्त्र के रूप में उपयोग किया। समाजसेवी सुफियान अली ने कहा कि गांधी ने कहा था कि हिन्दू और मुसलमान इस देश की दो आंखे हैं। उन्होंने देश को स्वतंत्र कराने में सभी धर्म जाति भाषा क्षेत्र के बंधन को तोड़ते हुए सभी का सहयोग लिया। उन्होंने अपना पहला सत्याग्रह 1917 में बिहार के चम्पारण जिले से शुरू किया। उन्होंने स्वदेशी स्वराज और छुआछूत जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाई। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गोपाल कृष्ण गोखले महात्मा गांधी के गुरु थे। विचारक रामरूप मिश्रा ने कहा कि गांधी जी का पूरा जीवन आंदोलनों के भेंट चढ़ता रहा। असहयोग आंदोलन, दांडी यात्रा और भारत छोड़ो आंदोलन उनमें से मुख्य है । उन्होंने कहा कि गांधी जी का मानना था किसी भी समस्या का समाधान हिंसा से नहीं बल्कि सत्य और अहिंसा के द्वारा किया जा सकता है। उनकी सोच और विचारधारा ने न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व को प्रभावित किया। उनके अथक प्रयास से 1947 में देश को अंग्रेजों से मुक्ति मिली।

देश प्रगति के रास्ते पर बढ़ा, इसी बीच नाथूराम गोडसे नामक व्यक्ति ने उनसे वैचारिक भिन्नता रखने के कारण 30 जनवरी 1948 को प्रार्थना सभा पर उन्हें गोली मार दी। इस तरह एक महान सूर्य का अस्त हो गया।

अंत में सेनानी उत्तराधिकारियो ने उन्हें नम आंखों से श्रद्धा सुमन अर्पित किया और कार्यक्रम समाप्त किया। कार्यक्रम में यशुवेंद्र यादव, देव मणि शुक्ल, बशीर अहमद, अवनींद्र पांडे, आशुतोष मिश्रा, वेद प्रकाश सिंह सहित तमाम गांधीवादी लोग उपस्थित रहें।

## सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण कार्यक्रम विषय पर काव्य व विचार गोष्ठी आयोजित

**जन एक्सप्रेस । बहराइच।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद की स्थानीय इकाई के तत्वावधान में सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण विषय पर काव्य सृजन के लिए प्रेरित होने के उद्देश्य से एक काव्य व विचार गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी की अध्यक्षता विनोद कुमार पांडेय की ने की। शहर के छोटी बेरिया मंदिर, पुलिस लाइन, बहराइच में आयोजित इस कार्यक्रम का संयोजन श्रवण कुमार द्विवेदी के द्वारा किया गया। संचालन महामंत्री रमेश चन्द्र तिवारी ने किया। जनपद के प्रसिद्द कवि राम सँवारे द्विवेदी चातक, आर डी शर्मा, राधाकृष्ण पाठक, गुलाब चन्द्र जायसवाल, गयाप्रसाद मिश्र मधुकर, अयोध्या प्रसाद शर्मा नवीन, अमर सिंह, आदि श्रोता प्रेमियों ने इस कार्यक्रम में काव्य पाठ अथवा वक्तव्य से सहयोग प्रदान किया।

## एसएमएएम एवं इन सीटू योजनान्तर्गत 04 फरवरी तक कृषि यन्त्रों की बुकिंग करा सकते हैं कृषक

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

एसएमएएम योजनान्तर्गत कृषि यन्त्रों जैसे रोटावेटर, पावर आपरेटेड वेफ कटर, कम्बाईन हारवेस्टर विद एस.एम.एस., हैरो, कल्टीवेटर, स्ट्रारीपर, किसान ड्रोन, कस्टम हायरिंग सेन्टर की खरीद पर ग्रामीण उद्यमी को 40 प्रतिशत तथा फार्म मशीनरी बैंक एफ.पी.ओ. को 80 प्रतिशत अनुदान देय है। इसी प्रकार इन सीटू योजनान्तर्गत ग्रामीण उद्यमी को कस्टम हायरिंग सेन्टर की खरीद पर 80 प्रतिशत तथा सुपर सीडर, बेलिंग मशीन, स्ट्रारेक, सेल्फ प्रोपेल्ड रीपर कम बाईन्डर पर 50 प्रतिशत का अनुदान देय है। इच्छुक व्यक्ति विभागीय पोर्टल एग्रीदर्शन डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन पर 04 फरवरी 2025 तक बुकिंग कर सकते हैं। पोर्टल पर जनपदवार व ब्लाकवार लक्ष्य प्रदर्शित हो रहा है।

उप निदेशक कृषि ने बताया कि इच्छुक कृषक लैपटॉप, डेस्कटॉप, ऐण्ड्रायड मोबाइल अथवा किसी भी जनसेवा केन्द्र के माध्यम से विभागीय पोर्टल पर जाकर किसान कार्नर में योजना का चयन कर उपलब्धता जांचने के बाद रिपोर्ट टाईप में जाकर जिला या ब्लाक सेलेक्ट करते हुए कृषि यंत्र का चुनाव कर बुकिंग कर लाभ उठा सकते है। कृषकों को सुझाव दिया गया है कि बुकिंग के लिए स्वयं के अथवा निकट सम्बन्धी के मोबाइल का उपयोग करके ही कृषि यन्त्रों की बुकिंग करें।

## लगातार सामाजिक न्याय को कमजोर कर रही भाजपा सरकार

- समाजवादी लोहिया वाहिनी की पड़ा चौपाल में सरकार के खिलाफ वक्ताओं ने बांधा समां

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**



समाजवादी लोहिया वाहिनी की ओर से गुरुवार को विधानसभा पयागपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ग्राम पंडित पुरवा में पीडीए चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीडीए प्रभारी विधानसभा पयागपुर जिला उपाध्यक्ष रामजी यादव रहे। विशिष्ट अतिथि जिला महासचिव सुनील निषाद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राममिलन गौतम ने की। जबकि संचालन दीपक चौहान ने किया। इस अवसर पर बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों पर चर्चा करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार सामाजिक न्याय को कमजोर कर रही है। लेकिन समाजवादी पार्टी और पीडीए मिलकर बाबा साहब के संविधान को बचाने और हर वर्ग को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मुख्य अतिथि सुनील निषाद ने कहा डॉ. अंबेडकर ने हमें जो अधिकार संविधान के माध्यम से दिए, भाजपा सरकार उन्हें खत्म करने पर तुली हुई है। लेकिन समाजवादी पार्टी और पीडीए इस अन्याय के खिलाफ संघर्षरत हैं। अखिलेश यादव जी ही वह नेता हैं जो सामाजिक न्याय की इस लड़ाई को जीत सकते हैं। पीडीए प्रभारी रामजी यादव जी ने कहा भाजपा ने बाबा साहब के नाम का उपयोग तो किया, लेकिन उनके विचारों और संविधान को कुचलने का काम किया। आज पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों को शिक्षा, रोजगार और न्याय से वंचित किया जा रहा है। समाजवादी पार्टी इस संघर्ष को आगे बढ़ाएगी और अखिलेश यादव जी के नेतृत्व में इस अत्याचारी सत्ता को उखाड़ फेंकेगी। कार्यक्रम आयोजक दीपक चौहान जी ने कहा बाबा साहब ने हमें संविधान दिया, लेकिन उसे बचाने की जिम्मेदारी हमारी है। अखिलेश यादव जी ही बाबा साहब के सच्चे अनुयायी हैं, जो समाज के हर तबके को न्याय और समानता दिलाने का कार्य कर रहे हैं। अन्य वक्ताओं ने भी अपनी आवाज़ बुलंद की और बताया कि समाजवादी सरकार में पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों के लिए सबसे अधिक योजनाएं चलाई गईं। शिक्षा और रोजगार में बराबरी के अवसर दिए गए। गरीबों को मुफ्त इलाज और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं।भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे अन्याय के खिलाफ हर स्तर पर संघर्ष किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्ति कौशल जैसवाल, लक राम चौहान, ज्ञान प्रसाद, प्रकाश गौतम, तिलक राम चौहान, सबीना बानो, सुनीता देवी, जाबिर त्यागी, हेमंत यादव, संजय दलित, जाहिदा, रामकली, रमेश जायसवाल, सरवन कुमार प्रजापति, ध्रुपद शर्मा, रईस भाई, वकील अहमद, अकरम अली, जावेद अली, अनवर अली समेत कई सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

समाजवादी पार्टी और पीडीए मिलकर बाबा साहब के सपनों का भारत बनाएंगे। 2024-25 में भाजपा सरकार को हटाना और अखिलेश यादव जी को मुख्यमंत्री बनाना हमारा लक्ष्य है।

## मौन धारण कर याद किये गये अमर सेनानी

**जन एक्सप्रेस । बहराइच।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्य तिथि के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की स्मृति एवं सम्मान में कलेक्ट्रेट सभागार में 02 मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी आदि मौजूद रहे।

## अब तक 2762.74 करोड़ लागत के 164 एमओयूजीबीसी के लिए तैयार

- जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने किया विभागीय कार्यों का मूल्यांकन

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**



उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति व व्यापारिक सुरक्षा फोरम तथा एम.ओ.यू..क्रियान्वयन इकाई की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी मोनिका रानी ने की।एम.ओ.यू. क्रियान्वयन की समीक्षा के दौरान उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा ने बताया कि ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2023 में जनपद बहराइच हेतु निवेशकों द्वारा कुल 224 एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित हुए हैं, जिसके सापेक्ष इन्वेस्ट यू.पी. द्वारा निवेश सारथी पोर्टल पर अब तक 2762.74 करोड़ लागत के 164 एम.ओ.यू. जी.बी.सी. हेतु रेडी किये जा चुके हैं।

श्री वर्मा ने बताया कि ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी हेतु जनपद को आवंटित लक्ष्य 2500 करोड़ के सापेक्ष अब तक रु. 2762.74 करोड़ के एमओयू ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार हो गये हैं, जो लक्ष्य का 110 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि 116 इकाइयां क्रियाशील हैं। डीएम मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि सम्बन्धित विभाग से समन्वय कर अवशेष को ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार करें और जो एमओयू रेडी हैं, उनका क्रियान्वयन शीघ्र कराया जाय।

निवेश मित्र पोर्टल अन्तर्गत 3063 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसके सापेक्ष 2774 आवेदन स्वीकृत हुए। उद्योग विभाग द्वारा संचालित स्वरोज़गार योजनाओं पीएमईजीपी, मुख्यमंत्री युवा स्वरोज़गार व ओडीओपी वित्त पोषण योजना तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान व पीएमईजीपी अन्तर्गत कोई लक्ष्य प्राप्त नहीं हुआ। मुख्यमंत्री युवा स्वरोज़गार अन्तर्गत वार्षिक लक्ष्य 138 के सापेक्ष 97 स्वीकृत व 95 का वितरण किया गया है। इसी प्रकार ओडीओपी वित्त पोषण योजना के वार्षिक लक्ष्य 100 के सापेक्ष स्वीकृत 44 व 39 का वितरण किया गया है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान अंतर्गत वार्षिक लक्ष्य 1000 के सापेक्ष प्रेषण 104 स्वीकृत व 14 का वितरण किया गया है। डीएम ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत वितरण प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया और बैठक में उपस्थित एल.डी.एम. तथा अन्य बैंकों के जिला समन्वयकों को वितरण बढ़ाने हेतु निर्देशित किया। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा ने किया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, सिटी मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.संजय कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच, एसडीएम सदर पूजा चौधरी, ईओ प्रमिता सिंह, सीवीओ डॉ. राजेश उपाध्याय व उद्यमी गौरी शंकर भानीरामका, कूलभूषन अरोड़ा, बृजमोहन मातनहेलिया, अशोक मातनहेलिया, विजय केडिया, दीपक सोनी दाऊ जी, नवनीत अग्रवाल व आशीष कंछल आदि मौजूद रहे।

## स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के अन्तर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी**




स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के अन्तर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25, गार्बेज फ्री सिटी एवं ओ.डी.एफ. विषय पर शहनाई गेस्ट हाउस में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू व अधिशाषी अधिकारी सुरेन्द्र तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक विक्रांत वर्मा, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा, अवर अभियंता आदर्श मिश्र आदि मौजूद रहे।

कार्यशाला में प्रशिक्षण देने के लिए विशेष रुप से लखनऊ से विशेषज्ञ को बुलाया गया था, जिनके द्वारा घर-घर कचरा एकत्र करना, कचरा पृथक्करण, कम्पोस्टिंग, एकल प्रयोग वाली प्लास्टिक प्रयोग न करना आदि विषयों पर बहुत ही बारीकी व क्रमबद्ध तरीके से सफाई मित्रों को व्याख्यान दिया।

# गाजियाबाद पुलिस द्वारा थानों में रखे माल का निस्तारण

## थानों के कुल 240 अभियोगों से सम्बन्धित कुल 2232.266 किलो मादक पदार्थों जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 13.15 करोड़ का निपटान किया गया

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद



जनपद गाजियाबाद के थानों के मालखानों में काफी समय से काफी मात्रा में मादक पदार्थ चरस, गांजा, अफीम आदि जमा थे, जिनके निस्तारण करने के लिए 25 जनवरी 2025 से 31जनवरी 2025 तक एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा जोन स्तर पर तीनों पुलिस उपायुक्त के नेतृत्व में ड्रग डिस्पोजल कमेटियों गठित की गई थीं तथा तीनों ड्रग डिस्पोजल कमेंटिया व नारकोटिक्स सेल के अधिकारी एवं कर्मचारीयों के प्रयास से थानों के मालखानों में रखे मादक पदार्थों का निस्तारण किया गया। नगर जोन की ड्रग डिस्पोजल कमेटी के अध्यक्ष पुलिस उपायुक्त नगर अध्यक्ष, सहायक पुलिस आयुक्त अपराध सदस्य, तथा सहायक पुलिस आयुक्त महिला अपराध सदस्य द्वारा 239.546 किग्रा गांजा, 1.250 किग्रा चरस का डिस्पोजल किया गया। ग्रामीण जोन की ड्रग डिस्पोजल कमेटी के अध्यक्ष पुलिस उपायुक्त ग्रामीण अध्यक्ष), सहायक पुलिस आयुक्त अपराध सदस्य, तथा सहायक पुलिस आयुक्त महिला अपराध सदस्य द्वारा 922.799 किग्रा गांजा, 824.950 किग्रा डोडा, 22.820 किग्रा चरस, 0.130 किग्रा हैरोइन, डिस्पोजल किया गया तथा ट्रांसहिंण्डन जोन की ड्रग डिस्पोजल कमेटी के अध्यक्ष पुलिस उपायुक्त ट्रांसहिंण्डन अध्यक्ष, सहायक पुलिस आयुक्त अपराध सदस्य, तथा सहायक पुलिस आयुक्त महिला अपराध सदस्य द्वारा 187.295 किग्रा गांजा, 1.720 किग्रा चरस, 26.500 किग्रा डोडा, 0.027 किग्रा हेरोइन, तथा 3.089 किग्रा नशीला पाऊडर का डिस्पोजल किया गया। तथा ट्रांस हिंण्डन जोन के ड्रग डिस्पोजल कमेटी द्वारा 2.040 किग्रा अफीम को सरकारी अफीम व क्षारोद कारखाना नियन्त्रक गाजीपुर में जमा किया गया,जिसका प्रयोग दवाईयां बनाने में किया जाता है।

उक्त अभियान के तहत 30जनवरी 2025 को उपरोक्त सम्पूर्ण माल न्यायालय की अनुमति व विभागाध्यक्ष की अनुमति से तीनों ड्रग डिस्पोजल के अध्यक्ष व सदस्यों की मौजूदगी औद्योगिक क्षेत्र स्थिति निजी संस्था द्वारा सम्बन्धित थानों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण द्वारा सभी मानक पूर्ण करते हुए निस्तारण किया गया तीनों जोन द्वारा नष्ट किया गया कुल माल गांजा 1349.640 किग्रा जिसकी अनुमानित कीमत 6 करोड़ 74 लाख 82 हजार डोडा- 851.450 किग्रा जिसकी अनुमानित कीमत 2 कर9डी 12 लाख 86 हजार 250 रूपये , अफीम- 2.040 किग्रा जिसकी अनुमानित कीमत 40 लाख 80 हजार. चरस- 25.790 किग्रा जिसकी अनुमानित कीमत 2 करोड़ 57लाख 90 हजार हैरोइन समेत मादक पदार्थ - 157 ग्राम जिसकी अनुमानित कीमत 51 लाख 40 हजार, नशीला पाऊडर- 3.089 किग्रा जिसकी अनुमानित कीमत 77लाख 22 हजार 5 सौ आंकी गई। कुल मादक पदार्थ- 2232.266 किग्रा जिसका अनुमानित कीमत 13 करोड़ 15 लाख के लगभग का विनिष्टीकरण किया गया। इतने अधिक मात्रा में थानों में रखे माल -मादक पदार्थों के निस्तारण से थाना परिसर एवं मालखाना के साफ-सफाई में सकारात्मक सुधार स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ है।

# प्रमुख सचिव के निर्देश के बाद गाजियाबाद एवं नोएडा के अवैध निर्माणकर्ताओं में मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद




प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन मनोज कुमार सिंह द्वारा प्राधिकरण और आवास विकास परिषद क्षेत्र समेत अवैध निर्माण के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करने के 15 दिन पूर्व नोटिस तामिल किए जाने की अनिवार्यता के निर्देश के बाद गाजियाबाद में अवैध निर्माण करने वाले बिल्डरों और निजी कालोनाइजर में हड़कंप मच गया है। ज्ञात हो कि आवास विकास परिषद अथवा गाजियाबाद विकास प्राधिकरण क्षेत्र में हजारों अवैध निर्माण सरकारी फाइलों में दर्ज है। जिनमें नोटिस, सीलिंग और ध्वस्तीकरण समेत प्राथमिकी तक दर्ज है। इसके बावजूद सरकारी अधिकारियों की कृपा और विभागीय उच्चाधिकारियों के शह पर ऐसे निर्माण के खिलाफ संबंधित विभाग कोई कार्यवाही नहीं कर पा रहा है। लेकिन मुख्य सचिव द्वारा जारी निर्देश के बाद गाजियाबाद और नोएडा, ग्रेटर नोएडा के शहरी समेत ग्रामीण इलाकों में जारी अवैध निर्माण पर कार्यवाही को लेकर अंदर खाने रस्साकस्सी शुरू हो गई है।

### अवैध कमाई की आस में अवैध निर्माण विभागों की चुप्पी

गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा में वर्तमान में पैमाने पर निजी कालोनियां और मालती यूनिट का निर्माण जोर शोर से हो रहा है। प्राधिकरण और आवास विकास परिक्षेत्र में होने के बाद भी ग्रामीण इलाकों में मानचित्र स्वीकृति को दरकिनार करके जमकर अवैध कालोनी और निर्माण अधिकारियों के शह पर बदस्तूर जारी है। इंदिरापुरम, वैशाली, शालीमार गार्डेन, राजेंद्र नगर, लाजपत नगर, सिद्धार्थ विहार, वसुंधरा, छपरौला, लाल कुंआ, दादरी समेत अन्य इलाकों में धड़ल्ले से अवैध निर्माण कार्य जोर शोर से चल रहे हैं। जिसमें क्षेत्रीय छोटे से लेकर बड़े स्तर तक के अधिकारी की भूमिका संदिग्ध है। निजी स्वार्थ की पूर्ति और बंद आंखों के कारण अवैध निर्माण जोर शोर से हो रहा है।

# ड्रग डिस्पोजल कमेटी ने नष्ट किए मादक पदार्थ



जन एक्सप्रेस। महराजगंज

महराजगंज जनपद में विभिन्न स्थानों से बरामद अवैध नशीले पदार्थों के निस्तारण के लिए जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी ने गुरुवार को एक बड़ी कार्रवाई की है। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर गठित टीम ने प्रतिबंधित नारकोटिक्स ड्रग्स और मादक पदार्थ को प्रभावी निपटान नियम-2022 के तहत जब्त मादक पदार्थों को नष्ट किया। भारत नेपाल बार्डर के सीमावर्ती क्षेत्रों के विभिन्न थानों में एनडीपीएस एक्ट के तहत जब्त 52 मामलों में मादक पदार्थों को इस कार्रवाई में नष्ट किया गया। इनमें 223 ग्राम हेरोइन, 75 ग्राम स्मैक और 257 ग्राम कोकिन और 72.275 किलोग्राम गांजा, 26.950 किलोग्राम चरस शामिल हैं। इन्हें मेसर्स एवी बायोमेडिकल वेस्ट सर्विसेस ग्राम राजधानी थाना नौतनवा में इंसिनिरेटर के माध्यम से नष्ट किया गया। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष एसपी सोमेंद्र मीना, सदस्य अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी निचलौल अनुज कुमार सिंह मौजूद रहे। एसपी सोमेंद्र मीना ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और उनके दुष्प्रभाव को रोकना है। पुलिस प्रशासन द्वारा इस तरह की सख्त कार्रवाई से जिले में नशे के कारोबार पर रोक लगाने में मदद मिलेगी।

# नहीं रहे अंजनी कुमार



जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

प्रयागराज महाकुंभ मेले में ड्यूटी करने गए यूपी पुलिस के कई थानों में थाना प्रभारी रह चुके अंजनी कुमार राय भगदड़ में शहीद हो गए हैं। जब हादसा हुआ उस दौरान भगदड़ में अंजनी राय अन्य फंसे श्रद्धालुओं को बाहर निकाल रहे थे। ज्ञात हो कि मौनी अमावस्या के तड़के सुबह मची भगदड़ में भीड़ नियंत्रण हेतु अंजनी कुमार राय लगे थे ।

# नेपाल के पूर्व राजा खिचड़ी चढ़ाने गोरखपुर रवाना

- पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह का नेपाल के हिंदू संगठनों ने किया जोरदार स्वागत
- राजा शाह गोरखनाथ मंदिर में विशेष पूजा कर मुख्यमंत्री योगी से कर सकते है मुलाकात

जन एक्सप्रेस। महराजगंज



भारत से सटे मित्र राष्ट्र नेपाल के पूर्व राजा ज्ञानेंद्र विक्रम शाह गुरुवार की दोपहर भारत-नेपाल की सोनौली बार्डर से कड़ी सुरक्षा के बीच गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर के लिए रवाना हुए। सोनौली सीमा पर पहुंचने पर नेपाल हिन्दू संगठनों के लोगो ने उनका भव्य तरीके से जोरदार स्वागत किया। जमकर नारे लगाए गए और लोग खुशी से झूमते रहे। बताया गया है कि पूर्व राजा ज्ञानेंद्र विक्रम शाह गोरखनाथ मंदिर पहुंचेंगे और विशेष पूजा करेंगे। पूर्व राजा शाह के मीडिया सचिव फणीराज पाठक ने बताया कि पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह गुरुवार को गोरखपुर दौरे के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मुलाकात करेंगे। पूर्व राजा शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के बीच बैठक की तैयारी की जा रही है। गोरखनाथ मंदिर में नेपाल के पूर्व राजाओं द्वारा खिचड़ी चढ़ाने की परंपरा है। पूर्व राजा शाह उसी परंपरा को जारी रखते हुए गोरखपुर जा रहे हैं। इसके पहले सीमा के नेपाल गेट पर नेपाल शिव सेना रुपन्देही के अध्यक्ष शैलेन्द्र शाही व प्रवक्ता शिव वैश्याल के नेतृत्व में दर्जनों शिव सैनिकों ने नेपाल गेट पर पूर्व राजा और राजशाही के समर्थन में खूब नारे लगाए। इससे पहले पूर्व राजा तीन दिनों से रुपन्देही के अनेक मंदिरों का भ्रमण कर पूजा-पाठ किए।

### पूर्व राजा ज्ञानेन्द्र विक्रम शाह गोपालपुर मंदिर का किया था उद्घाटन

नेपाल राष्ट्र के पूर्व गृहराज्य मंत्री व केंद्रीय सदस्य देवेंद्रराज कंडेल ने बताया की उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद रहते हुए बीते वर्ष 2012 में पड़ोसी देश नेपाल के गोपालपुर में गुरु गोरखनाथ मंदिर का निर्माण कराया था। जिसका शिलान्यास नेपाल के पूर्व राजा ज्ञानेन्द्र विक्रम शाह द्वारा किया गया था। तब से लेकर आज तक उक्त मन्दिर मे भारतीय क्षेत्र सहित नेपाल के श्रद्वालु हर वर्ष यहां खिचड़ी चढ़ाने व दर्शन के लिए आते रहते है।

# डीएम ने तहसील का निरीक्षण कर दिया जरूरी निर्देश

- आगंतुकों के लिए दीवार पर सूचक चिन्हों का पेंट कराएं अधिकारी- डीएम

जन एक्सप्रेस। महराजगंज



जिलाधिकारी अनुनय झा ने तहसील परिसर का निरीक्षण किया है। इस दौरान जिलाधिकारी ने तहसील परिसर का हर कोने की हकीकत परखी। उन्होंने ने तहसील परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए संबंधित को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि इस कार्य में ढिलाई कत्तई स्वीकार्य नहीं होगी। जिलाधिकारी ने तहसील परिसर में एसडीएम कार्यालय, सीओ कार्यालय, तहसीलदार कार्यालय सहित नाजिर कक्ष, रिकॉर्ड रूम, पूर्ति निरीक्षक कक्ष आदि का अवलोकन किया। उन्होंने तहसील परिसर के सुंदरीकरण और मरम्मत को लेकर तहसीलदार सदर को जरूरी निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि तहसील कार्यालय और परिसर में सफाई जरूरी है। जिलाधिकारी ने कहा कि परिसर को स्वच्छ एवं सुन्दर रखें। विभिन्न अनुभागों को व्यवस्थित करें। विभिन्न कार्यालयों तक आगंतुकों की पहुंच को आसान बनाने के लिए सूचक चिन्हों को भी दीवारों पर पेंट करवाने का निर्देश दिया। फरियादी सूचक चिन्हों को देख कर फरियादी आसानी से जरूरी स्थानों पर पहुंच जाएगा। उन्होंने आगंतुकों के लिए प्रतीक्षालय बनवाने के लिए भी निर्देशित किया है। साथ ही तहसील परिसर में आने वाले आगंतुकों के लिए स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से कैंटीन भी शुरू करवाने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा, सीओ आभा सिंह, तहसीलदार सदर पंकज शाही, नायब तहसीलदार देशदीपक त्रिपाठी सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में एक आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

जन एक्सप्रेस। महराजगंज



जनपद की एक गांव में रहने वाली छह साल की किशोरी को बहला-फुसलाकर एक व्यक्ति द्वारा पास के खेत में स्थित झोपड़ी में ले जाकर दुष्कर्म करने सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित परिजन के नामजद तहरीर पर ठूठीबारी कोतवाली पुलिस प्रशासन ने आरोपित के विरुद्ध दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट कई अन्य मामला दर्ज कर एक आरोपित शख्स को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मिली जानकारी के मुताबिक जनपद के ठूठीबारी कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के मुकदमों में वांछित एक आरोपित पूर्णवाशी पुत्र श्रीकांत निवासी जमुई कला को गिरफ्तार कर न्यायलय चालन कर दिया है। उपरोक्त व्यक्ति पर आरोप है की एक गांव में रहने वाली छह साल की मासूम बच्ची को बहला फुसलाकर कर गांव के पास खेत में बनी अस्थाई झोपड़ी में ले जाकर दुष्कर्म किया है। मामला तब उजागर हुआ जब पीड़ित बच्ची घर पहुंच आप बीती अपने परिजनों को सुनाया तो मासूम बच्ची परिजनों के पैरों तले से जमीन खिसक गई। गांव के लोगो ने बताया कि आरोपी का आचरण खराब होने के कारण उसकी पत्नी उसे छोड़कर मायके में रहती है। वही पीड़ित लड़की के परिजन के तहरीर के आधार और किशोरी के ब्यान पर पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध बीएनएस की धारा 65(2), 115 (1) व 5 (द्व)/6 पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसएसआई प्रणव ओझा, नंदलाल यादव, अनूप यादव शामिल रहे है। इस संबंध में ठूठीबारी कोतवाली प्रभारी योगेन्द्र कुमार ने बताया की पीड़ित के तहरीर आधार पर दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायलय चालन कर दिया गया है।

## एक्सप्रेस-वे पर हादसा: गोरखपुर के सिकरीगंज के पास सड़क दुर्घटना

# तीन लोगों की मौत, पहचान नहीं हो सकी

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही सिकरीगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। शव को निकालकर पीएम के लिए भेज दिया है। मृतकों में एक महिला और दो पुरूष बताए जा रहे हैं।

गोरखपुर में बृहस्पतिवार को सुबह-सुबह सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है। इनकी पहचान नहीं हो सकी है। गाड़ी नंबर से ये तीनों लोग बिहार के बताए जा रहे हैं। गोरखपुर के सिकरीगंज से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर चढ़ने का रास्ता है। इसी रास्ते के लिंक एक्सप्रेस वे पर ये हादसा हुआ है। सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही सिकरीगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। शव को निकालकर पीएम के लिए भेज दिया है। मृतकों में एक महिला और दो पुरूष बताए जा रहे हैं।

# अवैध अतिक्रमण की जांच करने गए थे अधिकारी, मछली-मीट कारोबारियों ने किया पथराव-लाठीचार्ज

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

अभियान के दूसरे दिन बुधवार को स्टेशन रोड पर रेलवे की जमीन पर मछली बेच रहे लोगों से पुलिस ने अन्यत्र मछली बेचने की बात कही तो वे उलझ गए। महिलाओं ने रेलवे चौकी इंचार्ज व पुलिस कर्मियों को घेर लिया। पुलिस ने सख्ती की तो महिलाएं और मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। मछली और मीट विक्रेताओं की जांच के दौरान पुलिस से कहासुनी हो गई। बात इस कदर बिगड़ गई कि पथराव शुरू हो गया और पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। इससे अफरातफरी मच गई। पथराव में दो महिलाओं के घायल होने की बात कही जा रही है। शहर में इन दिनों नगर पालिका अभियान चलाकर बिना लाइसेंस व एनओसी के खुले में सड़क के किनारे खुले में मीट व मछली बेचने वाले व्यापारियों व विक्रेताओं पर नकेल कसा जा रहा है। पहले नगर पालिका के ईओ के नेतृत्व में स्टेशन रोड में खुले या फिर सड़क के किनारे मछली व मीट व्यापारियों के लाइसेंस की जांच की जा रही है।

अभियान के दूसरे दिन बुधवार को स्टेशन रोड पर रेलवे की जमीन पर मछली बेच रहे लोगों से पुलिस ने अन्यत्र मछली बेचने की बात कही तो वे उलझ गए। महिलाओं ने रेलवे चौकी इंचार्ज व पुलिस कर्मियों को घेर लिया। पुलिस ने सख्ती की तो महिलाएं और मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को लाठियां भांजनी पड़ीं। इसमें दो महिलाएं चोटिल हो गईं। पत्थरबाजी व लाठी भांजने की सूचना पर सीओ संजय कुमार रेड्डी व कोतवाल दिलीप सिंह मय फोर्स मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया।

इस दौरान घटनास्थल पूरी तरह से पुलिस छावनी में तब्दील हो गया।



नगर पालिका ने अवैध मछली, मीट बेचने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान मछली विक्रेताओं की तरफ से की गई रोड़ेबाजी व पुलिस की लाठीचार्ज के बाद मछली विक्रेता व उपस्थित भीड़ भाग खड़ी हुई है। घटनास्थल पूरी तरह से पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। भाग कर कुछ दूरी पर तमाशाबीन मछली विक्रेताओं ने कहा कि वह वर्षो से रेलवे की खाली पड़ी जमीन पर मछली बेचने का धंधा करते है। दो दिन से नगर पालिका अभियान चला रही है। वह नगर पालिका के दायरे से बाहर है। यही नहीं रेलवे की तरफ से उन्हें कोई नोटिस नहीं दिया गया था। बिना नोटिस पुलिस कर्मी मौके पर पहुंच दूसरे जगह दुकान लगाने की बात कह हटाने लगे।

ईओ ने कहा, अभियान के दौरान मछली विक्रेताओं ने पुलिस कर्मियों को घेरा। शहर के स्टेशन रोड पर मंगलवार को नगर पालिका अवैध मछली, मीट बेचने वालों के खिलाफ अभियान चला रही थी। ईओ संजय कुमार तिवारी ने कहा कि अभियान के दूसरे दिन भी मछली व मीट की दुकानों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान मछली बेच रहे दुकानदारों के पास कुछ पुलिस कर्मी पहुंचे तो उन्होंने घेर लिया।

इसके बाद पुलिस ने बल प्रयोग किया तो ईंट-पत्थर चलाने लगे। यह देख पुलिस को लाठी भांजनी पड़ी। ईओ ने बताया कि पहले दिन से ही मीट व मछली विक्रेता पुलिस के प्रति आक्रोशित थे। वह समय की ताक में थे और मछली मार्केट में घुसे पुलिस कर्मियों को घेर कर बदसलूकी भी करने लगे थे। बाध्य होकर पुलिस कर्मियों को लाठी भांजनी पड़ी।

# रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

## कुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

**कुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

### दिनांक 01.02.2025 (शनिवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04228 | अयोध्या धाम जं. | 16:45 | प्रयागराज जं. | 21:50 | अयोध्या कैंट, भरतकुण्ड, कूड़ेभार, सुल्तानपुर, चिलबिला जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ एवं फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04274 | जौनपुर जं. | 18:40 | फाफामऊ जं. | 22:20 | जफराबाद जं., मंड़ियाहूँ, जंघई जं एवं फूलपुर स्टेशन |
| 04292 | लखनऊ जं. | 14:00 | प्रयागराज जं. | 19:55 | उतरेटिया, मोहनलाल गंज, बछरावाँ, रायबरेली जं., ऊँचाहार जं., परियावाँ कालाकाँकर रोड, गढ़ी मानिकपुर, लालगोपालगंज एवं फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, चिलबिला, खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट,भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी, सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली, रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04065 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | राय बरेली जं., लखनऊ जं., हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़ एवं गाजियाबाद स्टेशन |
| 04408 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | गाजियाबाद, हापुड, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 02417 | सुबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूंडला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सुबेदारगंज | 19:40 | |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायन छपिया, मसकनवाँ, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., मसकनवाँ, स्वामी नारायन छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, मगहर एवं सहजनवा स्टेशन |
| 05078 | गोण्डा जं. | 21:40 | अयोध्या धाम जं. | 23:50 | बरुआ चक, मोतीगंज, झिलाही, मनकापुर जं., टिकरी, नवाबगंज गोंडा, कटरा एवं रामघाट हॉल्ट स्टेशन |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | सुल्तानपुर, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं., देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं. जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05312 | काठगोदाम | 13:50 | झूँसी जं. | 13:00 | हलद्वानी, लालकुआँ जं., किच्छा, बहेरी, भोजीपुरा जं., पीलीभीत जं., पूरनपुर, मैलानी, गोला गोकरननाथ, लखीमपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, भटनी जं., मऊ जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी एवं बनारस स्टेशन |
| 05314 | कासगंज | 19:50 | झूँसी जं. | 17:45 | सोरों शूकर क्षेत्र, उझानी, बदायूँ, बरेली जं., बरेली सिटी, इज्जतनगर जं., भोजीपुरा जं., पीलीभीत जं., पूरनपुर, मैलानी, गोला गोकरननाथ, लखीमपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, भटनी जं., मऊ जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी एवं बनारस स्टेशन |
| 05286 | झूँसी जं. | 17:45 | जयनगर | 10:15 | ज्ञानपुर रोड, वाराणसी, औंडिहार जं., गाज़ीपुर सिटी, बलिया, छपरा, दिघवारा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., ढोली, समस्तीपुर जं., दरभंगा जं., सकरी जं. एवं मधुबनी स्टेशन। |
| 05004 | गोरखपुर जं. | 21:30 | झूँसी जं. | 06:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |

### दिनांक 02.02.2025 (रविवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04222 | अयोध्या धाम जं. | 10:10 | प्रयागराज | 15:45 | अयोध्या कैंट, भरतकुंड, कूड़ेभार, सुल्तानपुर, चिलबिला जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ एवं फाफामऊ. स्टेशन |
| 04228 | अयोध्या धाम जं. | 16:45 | प्रयागराज | 21:50 | अयोध्या कैंट, भरतकुंड, कूड़ेभार, सुल्तानपुर, चिलबिला जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ एवं फाफामऊ. स्टेशन |
| 04274 | जौनपुर जं. | 18:40 | फाफामऊ जं. | 22:20 | जफराबाद जं., मंड़ियाहूँ, जंघई जं, एवं फूलपुर स्टेशन |
| 04292 | लखनऊ जं. | 14:00 | प्रयागराज जं. | 19:55 | उतरेटिया, मोहनलाल गंज, बछरावां, रायबरेली जं., ऊँचाहार जं., परियावाँ कालाकाँकर रोड, गढ़ी मानिकपुर, लालगोपालगंज एवं फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, चिलबिला, खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट,भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी, सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली, रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04407 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं. लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड एवं गाजियाबाद स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सुबेदारगंज | 19:40 | फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूंडला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायन छपिया, मसकनवाँ, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., मसकनवाँ, स्वामी नारायन छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, मगहर एवं सहजनवा स्टेशन |
| 05078 | गोण्डा जं. | 21:40 | अयोध्या धाम जं. | 23:50 | बरुआ चक, मोतीगंज, झिलाही, मनकापुर जं., टिकरी, नवाबगंज गोंडा, कटरा एवं रामघाट हॉल्ट स्टेशन |
| 05077 | अयोध्या धाम जं. | 00:45 | गोण्डा जं. | 03:30 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | सुल्तानपुर, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं., देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं. जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05177 | गोरखपुर जं. | 15:00 | झूँसी जं. | 01:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेल्थरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05179 | गोरखपुर जं. | 10:30 | झूँसी जं. | 19:50 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05180 | झूँसी जं. | 23:00 | गोरखपुर जं. | 08:30 | |
| 05185 | गोरखपुर जं. | 20:30 | प्रयागराज रामबाग | 05:30 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास एवं झूँसी स्टेशन |
| 05129 | छपरा | 18:30 | झूँसी जं. | 02:25 | सुरेमनपुर, सहतवार, बाँसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चित बड़ागांव, करीमुद्दीन पुर, यूसुफपुर, गाज़ीपुर सिटी, नंदगंज, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05163 | थावे जं. | 15:30 | झूँसी जं. | 02:45 | गोपालगंज, मांझागढ़, रतन सराय, सिधवलिया, दिघवा दुबौली, राजापट्टी, मसरख, शाम कौड़िया, मढ़ौरा, पटेरही, खैरा, छपरा कचहरी, छपरा, सुरेमनपुर, सहतवार, बांसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चित बड़ागांव, करीमुद्दीन पुर, यूसुफपुर, गाज़ीपुर सिटी, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं. बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन। |
| 05125 | छपरा | 10:05 | प्रयागराज रामबाग | 18:35 | सुरेमनपुर, सहतवार, बांसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चित बड़ागांव, करीमुद्दीन पुर, यूसुफपुर, गाज़ीपुर सिटी, नंदगंज, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास एवं झूसी जं. स्टेशन |
| 05126 | प्रयागराज रामबाग | 21:55 | छपरा | 06:30 | |
| 05121 | दोहरीघाट | 08:00 | प्रयागराज रामबाग | 16:45 | मुरादपुर (हॉल्ट), अमिला, घोसी, कोपागंज, इंदारा जं., मऊ जं., पनियरा, पिपरी डीह, नायक डीह, दुल्लहपुर, जखनियां, हुरमुजपुर हाल्ट, सादात, माहपुर, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास और झूसी स्टेशन |
| 05122 | प्रयागराज रामबाग | 21:45 | दोहरीघाट | 06:00 | |
| 05101 | आजमगढ़ | 22:45 | झूँसी जं. | 05:20 | सिधारी हॉल्ट, सठियांव, मुहम्मदाबाद, खुराहट, पलिगढ़, मऊ जं., पनियरा, पिपरी डीह, नायक डीह, दुल्लहपुर, जखनियां, हुरमुजपुर हॉल्ट, सादात, माहपुर, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05159 | भटनी जं. | 21:00 | झूँसी जं. | 03:30 | पिवकोल, सलेमपुर जं., लार रोड, तुरतीपार, बेलथरा रोड, गोबिंदपुर दुगली, कीड़िहरापुर, चकरा रोड, इंदारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, जखनियां, सादात, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और हंडिया खास स्टेशन |
| 05311 | झूँसी जं. | 15:00 | काठगोदाम | 13:55 | बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, मऊ जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर जं., लखीमपुर, गोला गोकरननाथ, मैलानी, पूरनपुर, पीलीभीत जं., भोजीपुरा जं., बहेरी , किच्छा, लालकुआँ जं. एवं हल्द्वानी स्टेशन |
| 05313 | झूँसी जं. | 19:45 | कासगंज | 18:00 | बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, मऊ जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर जं.,लखीमपुर, गोला गोकरननाथ, मैलानी, पूरनपुर, पीलीभीत जं., भोजीपुरा जं., इज्जतनगर जं., बरेली सिटी, बरेली जं., बदायूँ, उझानी एवं सोरों शूकर क्षेत्र स्टेशन |
| 05004 | गोरखपुर जं. | 21:30 | झूँसी जं. | 06:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05003 | झूँसी जं. | 07:45 | गोरखपुर जं. | 16:25 | |
| 07109 | नरसापुर | 06:00 | बनारस | 15:45 | भीमवरम जं., तणुकु, निडदवोलु जं., राजमंड्री, सामलकोट जं., अन्नवरम, एलमंचिली, अनकापल्ली, दुव्वाडा, उत्तर सिम्हाचलम, पेन्दुर्ति, कोत्तावलसा जं., विजयनगरम जं., बोब्बिलि जं., पार्वतीपुरम, रायगड़, मुनिगुड़ा, केसिंगा, टिटिलागढ जं., बलांगीर, बरगढ़ रोड, सम्बलपुर, झारसुगुड़ा जं., राउरकेला, हटिया, रांची, मूरी, बरकाकाना जं., टोरी, लातेहार, बरवाडीह जं., डालटनगंज, गढ़वा रोड जं, जपला, सोन नगर जं., डेहरी ऑनसोन, सासाराम, भभुआ रोड, चन्दौली मझवार, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., काशी एवं वाराणसी स्टेशन। |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिएरेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं के लिए अच्छी सुविधा उपलब्ध कराने का जिलाधिकारी ने दिया निर्देश



**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

जनपद के जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने महाकुम्भ प्रयागराज से मौनी अमावस्या स्नान कर वापस आ रहे श्रद्धालुओं के सुरक्षित एवं सुगम यातायात एवं आवागमन, भोजन और जलपान आदि व्यवस्थाओं को सुगमता के साथ उपलब्धता सुनिश्चित करने के दृष्टिगत जनपद के विभिन्न सीमाओं के मार्गों यथा पूर्वांचल एक्सप्रेस वे (दोस्तपुर), खंडौरा जलालपुर आदि का निरीक्षण करते हुए ड्यूटी/रुट डायवर्जन, भोजन एवं जलपान आदि व्यवस्थाओं में लगे अधिकारी/कर्मचारीगण एवं पुलिस के जवानों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने ड्यूटी पर लगे समस्त अधिकारियों को निरंतर सतर्क रहते हुए श्रद्धालुओं को बेहतर से बेहतर व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन के मंशानुसार यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी श्रद्धालु को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं को नियमित भोजन एवं अन्य व्यवस्थाएं निरंतर सुगमता से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉक्टर सदानंद गुप्ता उप जिलाधिकारी जलालपुर एसडीएम अकबरपुर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# नेहरू युवा केन्द्र द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक के लिए करें आवेदन

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालयए युवा कार्यक्रम विभाग के द्वारा राष्ट्रीय युवा कोर योजना के अन्तगर्त युवाओ को भारत सरकार के डिजिटल कृषि मिशन को क्रियान्वित करने तथा स्वयंसेवक समूहों में संगठित करके राष्ट्र निर्माण के लिए उनकी ऊर्जा एवं सामर्थ्य को सुदृढ़ करने में सहयोग करने हेतु युवाओं की सहभागिता करना चाहती है। जिसके लिए जनपद के युवाओ का राष्ट्रीय स्वयंसेवक के रुप में चयन हेतु नेहरू युवा केन्द्र,द्वारा आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। चयनित राष्ट्रीय स्वयंसेवक को स्वास्थ्य, शिक्षा, सफाई, लिंग भेद, अन्य सामाजिक विषयों पर आधारित अभियानों/जागरुकता कार्यक्रमों में प्रमुख भूमिका निभाने के लिए और विविध कार्यक्रमों के कार्यान्वयन अथवा आपातकाल में आवश्यकता पड़ने पर प्रशासन में सहयोग करने के लिए कहा जा सकता है। जिसके लिए अधिकतम तीन माह तथा न्यूनतम 15 दिन के लिए कुल मिलाकर रु. 5000/- प्रतिमाह की दर से मानदेय दिया जाएगा। यह न तो कोई वेतनभोगी रोजगार है और न ही इससे स्वयंसेवक विधिक रुप से सरकार से किसी प्रकार के रोजगार का दावा करने का अधिकारी नहीं होगा। नेहरू युवा केन्द्र की जिला युवा अधिकारी श्रीमती मीनू बोहरा द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक के लिए चयन हेतु युवा न्यूनतम शिक्षा कम से कम स्नातक की शिक्षा प्राप्त कर रहे हों या स्नातक या स्नातकोत्तर हो तथा आयु - 1 जनवरी 2025 को 18 से 29 वर्ष के बीच होने चाहिए। विभाग की वेबसाइट www.nyks.nic.in पर योजना का विवरण, आवेदन प्रपत्र दिया गया है तथा इच्छुक युवा नेहरू युवा केन्द्र कार्यालय में 08 फरवरी, 2025 तिथि तक आवेदन कर सकते है।

## मांगे पूरी न होने पर अभाविप करेगा आंदोलन–मानसी

**जन एक्सप्रेस/बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एमएलके पीजी कॉलेज में बृहस्पतिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कॉलेज इकाई ने 16 सूत्रीय मांगों एवं समस्याओं को लेकर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। जानकारी के अनुसार 30 जनवरी को एमएलके कॉलेज इकाई मंत्री मानसी चौहान ने कहा कि महाविद्यालय में पिछले छह महीने से सभी संकायों के शौचालय साफ नहीं हुए है। कई ऐसे शौचालय हैं जिसकी सीटें टूटी हुई हैं। कॉलेज इकाई अध्यक्ष शिवम दुबे ने कहा कि पुस्तकालय में सिलेबस से सम्बद्ध सम सेमेस्टर की पुस्तकें उचित संख्या में नहीं है। जिला संयोजक साध्वी द्विवेदी ने कहा कि एडमिशन फॉर्म का शुल्क 1100 रुपए लिया जाता है, जो कि बलरामपुर जैसे पिछड़े जनपद के विद्यार्थियो के लिए अधिक है। इस दौरान प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अम्बुज भार्गव, इकाई उपाध्यक्ष अनुपम, सौरभ, मनीष, इकाई सह मंत्री उमरा, योगिनी, जीनत, प्रियंजलि, अनुज, सचिन, आशीष, आकाश, बृजेश, अमित, विकास, अमित, समीर, दिलशाद, आफताब, गौरव, अमन, आदि अभाविप कार्यकर्ता सहित सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सेंट जेवियर्स स्कूल में मृत्युंजय योग फाउंडेशन द्वारा योग शिविर का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर में में मृत्युंजय योग फाउंडेशन द्वारा स्वस्थ बलरामपुर अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के क्रम में बृहस्पतिवार को शहर के सेंट जेवियर्स विद्यालय में योगाभ्यास कराया गया।

जानकारी के अनुसार 30 जनवरी को योग व मेडिटेशन कार्यक्रम द्वारा शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ होकर स्वस्थ बलरामपुर व विकसित बलरामपुर के निर्माण में योगाचार्य मधु मिश्रा ने मृत्यंजय योगा फाउंडेशन के बैनर तले सभी बच्चों को योग कराया तथा अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए शपथ भी दिलाया। कार्यक्रम में आन्या, केशवी, लिवलीन, सरित, वगीशा आरोही, रिधान, रुद्र ने योग आसनों का प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रधानाचार्या एमए रूमी, संयोजक रेखा ठाकुर, निधि सिंह, रीता शाह, पंपा बैग व अन्य शिक्षकों सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# विद्यालय में विश्व कुष्ठ रोग दिवस एवं शहीद दिवस का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के तहसील तुलसीपुर मुख्यालय स्थित आदि शक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल में गुरुवार को विश्व कुष्ठ रोग दिवस एवं शहीद दिवस का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार 30 जनवरी 2025 भवनियापुर तुलसीपुर में स्थित विद्यालय आदि शक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल में विश्व कुष्ठ रोग दिवस एवं शहीद दिवस मनाया गया। विद्यालय के कक्षा 9 के छात्र-छात्राओं द्वारा विश्व कुष्ठ रोग दिवस पर एक नाटक प्रस्तुत किया गया । नाटक के माध्यम से यह बताया गया कि कुष्ठ रोग कोई छुआछूत की बीमारी नहीं है। अगर समय रहते हुए इसका इलाज कराया जाए तो यह रोग मुक्त हो सकता है। कार्यक्रम में कुछ छात्र-छात्राओं के द्वारा भाषण भी दिया गया। आज ही के दिन ही कुछ वीर शहीदों ने देश के लिए अपनी जान को न्योछावर कर दिया था उन्हीं शहीदों को याद करते हुए विद्यालय के कक्षा 6 एवं 7 के बच्चों ने उन शहीदों को याद करते हुए एक नाटक प्रस्तुत किया।और शहीदों को श्रद्धा के साथ याद करते हुए आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणादायक संदेश दिया। आज के कार्यक्रम में गांधी जी के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी गई तथा सत्य और अहिंसा को जीवन में धारण करने का पाठ पढ़ाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर डीपी सिंह तथा उप प्रधानाचार्य के द्वारा बच्चों को कार्यक्रम के बारे में जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम की संयोजिका अनीता गुप्ता एवं पूनम शर्मा मंच संचालिका आकांक्षा कौशिक के द्वारा कार्यक्रम को कराया गया। आदित्यनाथ पांडे द्वारा इस प्रोग्राम को फेसबुक पर लाइव दिखाया गया। विद्यालय के शिक्षकों के सहयोग से इस कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

# विद्यालय में स्पर्श कुष्ठ रोग जागरूकता अभियान 2025 का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में गुरुवार को स्पर्श कुष्ठ रोग अभियान 2025 का आयोजन किया गया । जानकारी के अनुसार 30 जनवरी को शहर के अग्रेंजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान-2025 का आयोजन किया गया । विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एमपी तिवारी ने आये हुये मुख्य अतिथि डॉ0 मुकेश कुमार रस्तोगी मुख्य चिकित्साधिकारी, बलरामपुर तथा विशिष्ट अतिथि डॉ0 अनिल कुमार चैधरी जिला कुष्ठ अधिकारी को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अवनीन्द्र आनन्द दीक्षित एनएमएस, शैलेन्द्र कुमार तिवारी, बृजेश सिंह एमएमएस, राजकुमार, महेन्द्र दीक्षित, रामकुमार चैधरी एलटी, अरविन्द मिश्रा, राम बहोर तिवारी नाटक नुक्कड़ दल के नेता एवं विश्व मोद कुमार शर्मा मुख्य कलाकार उपस्थित रहे । नाटक नुक्कड़ दल के नेता राम बहोर तवारी ने विश्व मोद कुमार शर्मा मुख्य कलाकार ने संगीत के द्वारा कुष्ठ जागरूकता के अभियान में बच्चों को जागरूक करते हुए बताया कि कुष्ठ रोग कोई असाध्य रोग नहीं है। साथ ही अनिल कुमार चैधरी जिला कुष्ठ अधिकारी ने कुष्ठ रोग क्या है, कुष्ठ रोग के लक्षण क्या, कुष्ठ रोग का उपचार क्या है आदि के बारे में छात्र-छात्राओं को विस्तृत रूप से समझाया और कहा कि बच्चों हम सभी को मिलकर के इस जागरूकता को समाज में फैलायें, भ्रान्तियों को दूर भगायें ताकि कुष्ठ प्रभावित रोगी कोई पीछे छूट न जाये। जिलाधिकारी के मार्ग निर्देशन में मुख्य अतिथि एवं सम्मानित अतिथियों की संरक्षता में विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक ने समस्त अध्यापक अध्यापिकाओं एवं समस्त छात्र-छात्राओं को कुष्ठ रोग के बारे में सरकार द्वारा चलायी गयी अभियान का शपथ ग्रहण करवाया। अन्त में 'स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान-2025 के अवसर पर विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक ने समस्त अध्यापक अध्यापिकाओं एवं समस्त छात्र-छात्राओं को बताया कि कुष्ठ रोग का समस्त परामर्श व उपचार सभी जनपदों के समस्त चिकित्सालयों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों पर निशुल्क उपलब्ध है है जो कि सरकार के द्वारा प्राप्त है। इस अवसर विद्यालय के उप प्रधानाचार्या प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय, राघवेन्द्र त्रिपाठी सहित समस्त अध्यापक अध्यापिकायें उपस्थित रहे।

# किसान पर हमले के बाद से गन्ने के खेतों में डेरा जमाए है तेंदुआ



### डूंडा में बाघ की लोकेशन ट्रेस करने के लिए लगाए कैमरे

घुंघचाई क्षेत्र के गांव डूंडा के निकट बीते एक सप्ताह से बाघ की चहलकदमी बनी हुई है। माला रेंज के जंगल से निकाला बाघ आबादी के आसपास चहलकदमी कर रहा है। बाघ की लोकेशन ट्रेस करने के हरदोई ब्रांच नहर के डूंडा पुल के पास डब्ल्यूडब्ल्यूएफ की ओर से दो कैमरे लगाए गए हैं। एक सप्ताह बाद भी कैमरों में बाघ की लोकेशन ट्रेस नहीं हो हुई है।बाघ के मूवमेंट से ग्रामीणों में दहशत में।

> घायल ग्रामीण को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। टीम तेंदुआ की निगरानी कर रही है। डूंडा पुल के पास लगाए गए कैमरों में बाघ की कोई लोकेशन ट्रेस नहीं हुई है।
> **रोहित जोशी, प्रभारी रेंजर पूरनपुर।**

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

खेत में मटर तोड़ रहे किसान पर हमले के बाद से तेंदुआ आबादी के निकट गन्ने के खेतों में डेरा जमाए हुए हैं। देर शाम तक वन कर्मियों को तेंदुआ की लोकेशन नहीं मिली। वन विभाग की टीम निगरानी में लगी हुई है। मौके पर पहुंचे भाकियू के कार्यकर्ताओं ने उच्चाधिकारियों से वार्ता कर शीघ्र तेंदुआ को पकड़वाने की मांग की।

पूरनपुर क्षेत्र का गांव लाह पीटीआर की हरीपुर रेंज के जंगल से चार कि.मी दूर बसा है। जंगल के किनारे जाल फेंसिंग न होने के कारण अक्सर हिंसक वन्य जीव शिकार का पीछा करते हुए बाहर निकल आते हैं। बुधवार गांव लाह निवासी ओमप्रकाश खेत में मटर तोड़ रहा था।गन्ने के खेत में छुपे तेंदुआ ने हमला कर घायल कर दिया था। ग्रामीण की हालत गंभीर बनी हुई है। गुरुवार मौके पर पहुंचे भाकियू (टिकैत) मंडल अध्यक्ष लालू मिश्रा ने उच्चाधिकारियों से वार्ता की। जानकारी पर वन क्षेत्राधिकार वीरेंद्र सिंह रावत मौके पर पहुंच गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों से वार्ता की। ग्रामीणों को सतर्क रहने को जागरूक किया। ग्रामीण का आरोप है कि वन विभाग की टीम निगरानी का दावा कर रही है। तेंदुआ लगातार आबादी के आसपास चहल कदमी कर रहा है। ग्रामीणों ने शीघ्र तेंदुआ को पकड़वाने की मांग की है।

देर शाम तक वन विभाग की टीम निगरानी में लगी रही। टीम में फॉरेस्ट गार्ड सुरजीत कुमार, निपेंद्र कुमार, हर्षित मिश्रा, आकाश शर्मा, कंधई, सुरेश, रामभजन आदि वनकर्मी मौजूद रहे।

## पीलीभीत टाइगर रिजर्व में डब्लू.सी.सी.बी. के द्वारा अलर्ट जारी

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

तराई क्षेत्र में बाघों के शिकार के दृष्टिगत वन्यजीव अपराध नियंत्रण (डब्लू.सी.सी.बी.) द्वारा जारी अलर्ट के सम्बन्ध में पीलीभीत टाइगर रिजर्व द्वारा गश्त तथा खुफिया जानकारी बढा दी गयी है। प्रभाग स्तर पर संधारित वन अपराधियों के ऊपर वन विभाग तथा अन्य सुरक्षा एजेंसियों द्वारा पैनी नजर रखी जा रही है तथा डब्लू0सी0सी0बी0 के द्वारा संदिग्धों के मोबाईल सर्विलांस पर रखे गये है। पूर्व में जो गांव वन्य अपराध की घटनाओं के लिये कुख्यात थें, उन गांवो मे इस कार्य के लिये डब्लू0 सी0सी0बी0 व बाघ मित्रों की सहायता ली जा रही है तथा कुछ विशेषज्ञ गुप्तचर भी लगाये गये हैं। महाराष्ट्र मे हाल में बाघों की मृत्यु के उपरान्त डब्लू0सी0सी0बी0 द्वारा बाघों की सुरक्षा के दृष्टिगत यह अलर्ट जारी किया गया है। इसके लिये प्रभाग स्तर पर प्रभागीय वनाधिकारी के अधीन उप प्रभागीय वनाधिकारियों एवं क्षेत्रीय वनाधिकारियों की कमेटी गठित की गयी है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नार्को कोर्डिनेशन मैनेजमेंट के तहत गठित जिला स्तरीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न



- जनपद को नशे के अवैध कारोबार से पूर्णतः मुक्त करने के लिए अधिकारीगण अभियान चलाकर प्रवर्तन कार्रवाई करें सुनिश्चित
- जनपद के समस्त कॉलेज, सार्वजनिक स्थान,पर बैनर पोस्टर आदि के माध्यम से तीव्र जन जागरूकता अभियान चलाया जाए
- स्कूल/कॉलेज में टीम गठन कर युवाओं में नशे पर अंकुश लगाने हेतु व्यापक जागरूकता कार्यक्रम चलाएं-जिलाधिकारी

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

जनपद में नशे के अवैध कारोबार पर पूर्णतः अंकुश लगाने एवं युवा पीढ़ी को नशे के विरुद्ध जागरूक करने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नार्को कोर्डिनेशन मैनेजमेंट के तहत गठित जिला स्तरीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में समस्त विभागीय अधिकारियों ने पिछली बैठक के आधार पर की गई कार्रवाई से जिलाधिकारी को अवगत कराया।

जिलाधिकारी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जन सामान्य एवं छात्रों को नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराए जाने के लिए समस्त विभागों द्वारा व्यापक स्तर पर अधिक तीव्रता से प्रचार प्रसार करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि अधिक से अधिक युवा पीढ़ी को नशे के विरुद्ध जागरूक बनाया जा सके और नशे के अवैध व्यापार पर अंकुश लगाया जा सके। जिलाधिकारी ने बैठक में बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि जनपद के सभी स्कूल/कॉलेजों में ड्रग्स की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाय और कार्यवाही नार्को कोऑर्डिनेशन मैनेजमेंट समिति की बैठक के सम्मुख प्रस्तुत करें। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे औषधि निरीक्षक को यथावश्यक सहयोग करे एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों से समन्वय कर नशे के अवैध कारोबार पर पूर्णतया अंकुश लगाए। जिलाधिकारी ने समस्त विभागों को निर्देशित किया कि सूचना तंत्र को और विकसित कर निरंतर प्रवर्तन कार्रवाई की जाए, ताकि जनपद को नशे के अवैध कारोबार से पूर्णतः मुक्त किया जाए सके। बैठक का सफल संचालन जिला आबकारी अधिकारी कल्पनाथ रजक द्वारा किया गया।

नार्को कोऑर्डिनेशन मैनेजमेंट कमेटी की बैठक में पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी वि/रा, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, औषधि निरीक्षक एवं आबकारी विभाग से निरीक्षकगण उपस्थित रहे।

# बालश्रम विभाग की छापेमारी से हड़कंप, 5 नाबालिग बच्चों को छुड़ाया



**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

आज बीसलपुर नगर में बालश्रम विभाग की टीम ने छापेमारी कर विभिन्न दुकानों पर काम कर रहे 5 नाबालिग बच्चों को पकड़ा। अधिकारियों ने दुकानदारों और बच्चों के परिजनों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर दोबारा बच्चों से काम कराया गया तो सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बालश्रम विभाग की इस छापेमारी ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए सख्त कार्रवाई की जरूरत है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि प्रशासन इस अभियान को कितनी गंभीरता से आगे बढ़ाता है और बालश्रम रोकने के लिए कितनी कड़ी निगरानी रखी जाती है।

### छापेमारी में कौन-कौन रहा शामिल

बालश्रम रोकथाम अभियान के तहत यह कार्रवाई श्रम प्रवर्तन अधिकारी भूरेलाल और शशिकला के नेतृत्व में की गई। उनके साथ थाना एएचटी की महिला उपनिरीक्षक रमाकांति, कांस्टेबल भानु प्रताप गंगवार और अमित कुमार भी शामिल रहे।

### किन दुकानों पर की गई छापेमारी

टीम ने नगर की कपड़े की दुकानों, चाय की दुकानों, होटलों और चरचूनी दुकानों पर छापा मारा, जहां कई नाबालिग बच्चों को काम करते हुए पाया गया।

### परिजनों को दी गई चेतावनी

अधिकारियों ने सभी 5 नाबालिग बच्चों को हिरासत में लेकर चीनीमिल चौकी पहुंचाया। वहां उनके परिजनों को बुलाकर कड़ी चेतावनी दी गई कि बच्चों की उम्र पढ़ने की है, उन्हें काम पर न भेजें। अगर दोबारा ये बच्चे काम करते मिले तो परिजनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### नगर में मचा हड़कंप

बालश्रम विभाग की इस कार्रवाई से नगर के व्यापारियों और दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कई लोगों ने जल्दबाजी में अपने यहां काम कर रहे बच्चों को हटा दिया।

### क्या कहते हैं कानून

भारत में बालश्रम निषेध और नियमन अधिनियम, 1986 के त0हत 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से काम करवाना दंडनीय अपराध है। अगर कोई दुकानदार या फैक्ट्री मालिक नाबालिग बच्चों से काम कराते पाया जाता है तो उसे सजा और जुर्माना दोनों हो सकता है।

# गन्ने में कीट एवं खरपतवार प्रबंधन उनमें प्रयोग होने वाली दवाओं पर चर्चा



**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

सहकारी गन्ना मिल बीसलपुर के परिसर में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में गन्ना सहकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव के मुख्य आथित्य एवं वरिष्ठ गन्ना विकास सहायक मनोज कुमार साहू बीसलपुर की अध्यक्षता में कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में इफको उप महाप्रबंधक बृजवीर सिंह गन्ना सचिव राजेश कुमार उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान उप महाप्रबंधक के द्वारा नैनो यूरिया प्लस नैनो डी0ए0पी0, सागरिका तरल एवं दानेदार तथा इफको के अन्य सभी उत्पादों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी तथा इससे गन्ना समिति व समिति सचिव को मिलने वाले लाभ से अवगत कराते हुए अधिक से अधिक नैनो उर्वरकों की बिक्री के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने गन्ना मिल बिसलपुर एवं गन्ना समिति के समस्त पर्यवेक्षकों को नैनो डीएपी द्वारा गन्ने की बुवाई के समय आसान विधि कूड़ में गन्ने पर नैनो डीएपी का कृषि रसायन के साथ छिड़काव को बताया और पहले यूरिया के डाले जाने के बाद नैनो डीएपी का एक छिड़काव करके बुआई की खाद को आधा करके बचत का तरीका किसानो को समझाने के लिए विस्तार से बताया कार्यक्रम में इफको एमसी से मोहित गंगवार के द्वारा गन्ने में कीट एवं खरपतवार प्रबंधन एवं उनमे प्रयोग होने वाले दवाओं पर चर्चा की गई।कार्यक्रम में बीसलपुर गन्ना समिति के समस्त गन्ना पर्यवेक्षक एसएफए अंकुर कुमार ऐक्चा एग्री एम डी ई धर्मपाल वर्मा के साथ साथ 50 से अधिक लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

### दो लुटेरे गिरफ्तार, चोरी की बाइक, नौ मोबाइल फोन व 16 सिमकार्ड बरामद

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर । शाहगंज।** खुटहन थाना अंतर्गत 30 जनवरी रामनगर बाजार के पास से बुधवार की रात पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने दो लुटेरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की बाइक,नौ स्मार्टफोन और सोलह सिमकार्ड बरामद किया है। आवश्यक लिखापढ़ी के बाद दोनों आरोपितों को चलान न्यायालय भेज दिया गया।

थानाध्यक्ष दिव्य प्रकाश सिंह ने बताया कि उक्त बाजार के तिराहे पर रात लगभग सवा ग्यारह बजे गश्त पर थे। तभी बदलापुर की तरफ से पल्सर बाइक पर सवार दो युवक आते दिखाई दिए। टार्च की रोशनी देकर उन्हें रुकने का इशारा किया गया तो वे पुलिस की टीम देख बाइक पीछे की तरफ घुमाने लगे। सक होने पर उन्हें दौड़ाकर पकड़ लिया गया।

तलाशी में उनके पास से नौ स्मार्टफोन,16 सिमकार्ड तथा जांच पड़ताल में पल्सर बाइक भी चोरी की निकली। पूछताछ में एक ने अपना नाम अभिषेक यादव निवासी गांव मई थाना बक्सा स्वीकार किया, तथा दूसरा सराय ख्वाजा अंतर्गत कोइरीडीहा गांव के तिवारी का पुरवा निवासी बब्लू उर्फ शशिकांत यादव निकाला। आवश्यक कार्रवाई के बाद दोनों को चलान न्यायालय भेज दिया गया।

## एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने चेकिंग के दौरान ओवर स्पीडिंग के खिलाफ की सख्त कार्यवाही



**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

गुरुवार को जिलाधिकारी के निर्देश के अनुपालन में एआरटीओ वीरेंद्र सिंह द्वारा जनपद के पूरनपुर मार्ग एवं बीसलपुर मार्ग पर ओवर स्पीडिंग कर रहे वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें इंटरसेप्टर द्वारा मार्ग पर दौड़ रहे ओवर स्पीड वाहनों की जांच की गई। चेकिंग के दौरान 71 वाहन निर्धारित गति सीमा से अधिक गति से संचालित होते पाए गए। जिस पर उनके विरुद्ध चालान की कार्रवाई अमल में लाई गई। एआरटीओ द्वारा अवगत कराया की व्यावसायिक वाहनों के लिए अधिकतम निर्धारित गति 60 किलोमीटर प्रति घंटा जबकि निजी वाहनों के लिए 80 किलोमीटर प्रति घंटा की अधिकतम गति निर्धारित है। उन्होंने बताया कि विगत दिनों ओवर स्पीडिंग के कारण सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि हुई है। जिसको नियंत्रित करने के उद्देश्य से ओवर स्पीडिंग कर रहे वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की गई जोकि निरंतर चालू रहेगी। सड़क दुर्घटना का प्रमुख कारण ओवर स्पीडिंग है जिसमें वाहन चालक अपनी वाहन को नियंत्रित न कर पाने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं एवं स्वयं के साथ-साथ अन्य वाहनों व राहगीरों को भी नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने समस्त वाहन चालकों से अपील की कि निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाएं, ताकि सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंच सके।

# महिला को घसीटकर घर से बाहर निकालने का वीडियो हुआ वायरल

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

केराकत। केंद्र व प्रदेश सरकार नारी सशक्तिकरण के लिए क्या कुछ नहीं कर रही है लेकिन कभी-कभी कुछ ऐसी तस्वीरें सामने आती है जो विचलित कर देती है। ताजा मामला केराकत कोतवाली क्षेत्र का है। यहां पर एक महिला को पुलिस द्वारा जमीन पर घसीटते हुए ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। इसका वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो केराकत कोतवाली अंतर्गत औरी गांव का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कैसे महिला सिपाही के साथ महिला का हाथ पकड़कर घर से बाहर घसीटते हुए निकाल रही है। कह रहे है कि तुम्हारी नौटंकी भुलवा देंगे। साथ ही महिला द्वारा ईंट से मारने की बात कही जा रही है जिस पर महिला कह रही है कि हम ईंट से नहीं मारे हैं। ये लोग गालियां देते हुए मारने के दौड़े रहे थे,मगर सिपाही द्वारा बार-बार ईंट से मारने का आरोप महिला पर लगाते सुना जा सकता है जिस पर महिला ईंट से मारने की बात को नकार रही है और अपने बच्चों की कसम भी खाते दिखाई पड़ रही है। जमीन पर घसीटती हुए महिला की साड़ी का पल्लू नीचे गिर गया बाबजूद इसके भी महिला को पुलिस द्वारा घसीटा जा रहा था। भीड़ में खड़े किसी ने घटना का वीडियो बना लिया जो सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है। वायरल को लेकर एक बार फिर केराकत पुलिस की जमकर किरकिरी हो रही है।हालंकि वायरल वीडियो की पुष्टि हम नहीं कर रहे हैं।

### भूमि विवाद का मामला

क्षेत्र ने औरी गांव निवासी पारसनाथ यादव व मेवालाल यादव के बीच काफी समय से भूमि विवाद चला आ रहा है, जिसकी दर्जनों शिकायतें दर्ज होने के बाद नायब तहसीलदार अमित सरोज के नेतृत्व में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम में घूर व गड्ढा खाते की भूमि पर कब्जा हटवाने गई थी। इसी दौरान घटी घटना का वीडियो है जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

### महिला सिपाही पर मारने पीटने का आरोप

औरी गांव निवासी मीना देवी पत्नी हीरालाल यादव ने बताया कि विवादित जमीन की नापी करने के लिए टीम आई थी तो हमारे घर कोई नहीं है इसीलिए नापी करने से मना कर रहे थे जिस पर मौजूद नायब तहसीलदार हमें मौके से भाग जाने की बात कहे जिसके बाद मैं घर में चली गई। कहासुनी हो रही थी इतने ने मिथलेश सिपाही महिला सिपाही के साथ घर में घुस मारपीट करते हुए घर से बाहर घसीटते हुए थाने लाकर न्यायालय भेज दिया गया जिसके बाद मंगलवार को मुख्य चिकित्साधिकारी से मेडिकल कराने को लेकर पत्रक सौंपा गया गया।

### डीएम से मिला न्याय का आश्वासन

दिव्यांग हरिश्चंद्र यादव ने बताया कि मेरे सामने ही मेरी मां को मिथलेश सिपाही द्वारा मारा पीटा गया। मैं चीखता चिल्लाता रहा जब मेरी मां को जमीन पर घसीटते हुए बाहर लाया गया तो हर कोई वीडियो बनाने लगा, जिसके बाद मेरी मां को थाने लाकर न्यायालय भेज दिया गया, जिसके बाद जिलाधिकारी के पास पहुंच पत्रक सौंप न्याय की गुहार लगाई गई जिस पर जिलाधिकारी द्वारा न्याय आश्वासन दिया गया।

महिला को घर से बाहर घसीटते हुए लाना गलत है

वायरल वीडियो को लेकर औरी गांव के पूर्व प्रधान राजेश सिंह ने कहा कि नायब तहसीलदार के नेतृत्व में जो टीम मौके पर पहुंच नापी कर बुलडोजर चलाया गया वह गलत है जिस काम के टीम वहां पर गई थी वह काम न कर के मेवालाल के कब्जे में जो जमीन थी उसे ही हटवा दी।साथ ही जिस तरह एक महिला को उसके घर से घसीटते हुए बाहर लाया गया वह सभ्य समाज व कानून के रूप में गलत है ऐसा नहीं होना चाहिए था।

## रश्मि बनी एक दिन की खण्ड शिक्षा अधिकारी

**जन एक्सप्रेस । बीसलपुर**

मिशन शक्ति फेज 5 कार्यक्रम के अंतर्गत कम्पोजिट विद्यालय चुर्रासकतपुर बीसलपुर की कक्षा 7 की छात्रा रश्मि को एक दिन की खण्ड शिक्षा अधिकारी बनाया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी बनी छात्र रश्मि ने बीआरसी परिसर में स्थित बीआरसी कार्यालय एवं परिषदीय विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उसने पटल सहायकों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं से वार्तालाप की और उनकी समस्याओं को सुनकर निराकरण का आश्वासन दिया। खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ हर्षित शर्मा ने कहा कि छात्राएं ऐसे कार्यक्रमो से प्रेरणा लेकर मन लगाकर पढ़ें ताकि वो अधिकारी बन सकें। इस अवसर पर वरिष्ठ एआरपी मुईन अहमद खाँ, मृदुला गंगवार, दीपांशु सक्सेना, गोपाल, मनोज कुमार धनञ्जय, हरिओम, अवधेश कुमार आदि अध्यापक एवं पटल सहायक उपस्थित रहे।

# प्रतिबंध के बावजूद जारी है शहर में चाइनीज मांझे की बिक्री, प्रशासन बेबस या लापरवाह

- हर साल होती है औपचारिक कार्रवाई, चोरी छुपे जारी है चाईनीज मांझे की बिक्री

**जन एक्सप्रेस । मुकेश कुमार**

**पीलीभीत।** चाइनीज मांझा पहले से ही प्रतिबंधित है। लेकिन इसकी बिक्री हर साल शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक जारी रहती है। प्रशासन द्वारा सिर्फ छिटपुट कार्रवाई कर खानापूर्ति कर दी जाती है, जबकि जिम्मेदार अधिकारी आंकड़ों तक सीमित रहते हैं। लेकिन? बसंत पंचमी पर बढ़ी मांग, दुकानों पर नहीं, फिर भी मिल रहा हैं मांझा। पीलीभीत में बसंत पंचमी पर पतंगबाजी की परंपरा है। इस बार भी चाइनीज मांझा पतंगबाजों की पहली पसंद बना हुआ है। आश्चर्यजनक बात यह है कि दुकानों पर मांझा नहीं मिल रहा, फिर भी आसमान में उड़ती ज्यादातर पतंगें इसी खतरनाक धागे से बंधी नजर आ रही हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि इसकी बिक्री चोरी-छिपे जारी है। अगर प्रशासन अब भी सख्त कदम नहीं उठाता, तो आने वाले दिनों में यह मौत की डोर और अधिक जानलेवा साबित हो सकती है। बसंत पंचमी के अवसर पर पतंगबाजी का उत्साह कहीं किसी की जिंदगी पर भारी न पड़ जाए, इसके लिए प्रशासन को तत्काल कड़े फैसले लेने होंगे।

### मौत की डोर बनी चाइनीज मांझा, फिर भी प्रशासन उदासीन

पड़ोसी जिले शाहजहांपुर में बीते महीने एक सिपाही की जान चाइनीज मांझे की चपेट में आकर चली गई थी। जनपद में भी कई लोग इस घातक धागे से घायल हो चुके हैं। अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं ने भी प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद सिटी मजिस्ट्रेट ने पतंग दुकानों पर जांच की, लेकिन मांझा बरामद नहीं हुआ। अधिकारियों ने सिर्फ चेतावनी देकर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर ली।

### बिक्री पर कोई असर नहीं, ब्लैक मार्केट में महंगे दामों पर स्टॉक

सुनगढ़ी पुलिस ने हाल ही में एक युवक को चाइनीज मांझे के साथ गिरफ्तार किया था, जिससे यह साफ हो गया कि इसकी बिक्री गुप्त रूप से जारी है। कार्रवाई के नाम पर सिर्फ एक-दो गिरफ्तारियां की गईं, लेकिन बड़े कारोबारियों पर कोई शिकंजा नहीं कसा गया। बसंत पंचमी के चार दिन शेष होने के चलते कई व्यापारियों ने इसका स्टॉक मंगवा लिया है, और अब इसे गोदामों और घरों से ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है।

### बेबस प्रशासन या मिलीभगत का खेल

प्रशासन खुद स्वीकार कर रहा है कि चाइनीज मांझा बेचा जा रहा है, लेकिन इसे रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। अधिकारियों ने एक बार छापेमारी कर चेतावनी दी और फिर पीछे हट गए। न तो दुकानों की नियमित निगरानी हो रही है, न ही ब्लैक मार्केटिंग पर कोई नजर रखी जा रही है। सवाल यह उठता है कि यह सिर्फ प्रशासन की बेबसी है या कहीं न कहीं मिलीभगत भी शामिल है? इतना ही नहीं सख्त छापेमारी अभियान- केवल दुकानों तक सीमित न रहकर गोदामों और गुप्त ठिकानों पर भी कार्रवाई हो। जुर्माना और सजा बढ़ाई जाए- पकड़े जाने पर भारी दंड लगाया जाए, जिससे बिक्री पर रोक लगे। जन जागरूकता- लोगों को समझाया जाए कि यह मांझा कितना खतरनाक है और इसका उपयोग न करें। स्थानीय हेल्पलाइन- चाइनीज मांझा बेचने या खरीदने की सूचना देने के लिए हेल्पलाइन शुरू की जाए।

# स्नानार्थियों की कार और रोडवेज बस में हुई आमने-सामने की भिड़ंत: तीन की मौत-तीन की हालत नाजुक

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



बादशाहपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के जौनपुर रायबरेली हाईवे पर सतहरिया पुलिस चौकी के पास बीती भोर में करीब साढ़े चार बजे स्नान करके वापस घर जाते समय एक बैगन आर कार की प्रयागराज जा रही रोडवेज बस से हुई आमने सामने की भिड़ंत में जहां कार सवार महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई, वही तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतहरिया में भर्ती कराया। गंभीर हालत देख चिकित्सक ने तीनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही में जुटी है। महराजगंज जिले के थाना समदेऊआ गांव धनहानायक निवासी 45 वर्षीय संजय सिंह पुत्र रामधवन सिंह व 43 वर्षीय संजय सिंह की पत्नी विद्यावती सिंह, गोरखपुर जिले के खोरावर गांव निवासी 40 वर्षीय बिंदु सिंह पत्नी राजकुमार सिंह, गोरखपुर जिले के झगहा गांव निवासी 50 वर्षीय विमला देवी पत्नी सुभाष सिंह, महराजगंज जिले के समदेऊआ थाना क्षेत्र के धनहानायक गांव निवासी 52 वर्षीय महेश तिवारी पुत्र स्व 0 बच्चा तिवारी, व महेश तिवारी की 47 वर्षीय पत्नी किरन देवी तिवारी एक वैगन आर कार से प्रयागराज महाकुंभ से स्नान कर वापस अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही इनकी कार जौनपुर रायबरेली हाईवे पर सतहरिया पुलिस चौकी के पास पहुंची सामने से तेज रफ्तार आ रही एक रोडवेज की बस से जोरदार भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि जहां कार के परखच्चे उड़ गए, वहीं आस पास के लोग तक जग गए। मौके पर पहुंची चौकी पुलिस ने लोगो की मदद से कार सभी सवार स्नानार्थियों को बाहर निकवाया। जिसमें संजय सिंह, बिंदु सिंह व बिमला देवी की जहां मौके पर ही मौत हो गई। वहीं महेश तिवारी, विद्यावती सिंह व किरन देवी तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटनास्थल पर मौजूद चौकी प्रभारी गंगा सागर मिश्र ने सभी घायलों को इलाज हेतु एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतहरिया में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर हालत देख चिकित्सक ने तीनों घायलों को बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस सभी शवों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही में जुटी है। इस सम्बन्ध में चौकी प्रभारी गंगा सागर मिश्र ने बताया कि जहां दोनो गाड़ियां पुलिस के कब्जे में है वहीं बस चालक फरार हो गया।

सभी मृतक और घायलों के परिजनों को उनके घर मोबाइल फोन के जरिए सूचना दे दी गई है।

वहीं दूसरी ओर बस में कोई सवारी नही थी जिससे और बड़ा हादसा होने से बच गया।

# अनियंत्रित तेज रफ्तार कंटेनर ने वृद्धा को रौंदा इलाज के दौरान मौत, परिजनों का बुरा हाल

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

बांगरमऊ। लखनऊ रोड पर रोड के किनारे खड़ी एक वृद्धा को लखनऊ की ओर से तेज गति से आ रहे कंटेनर ने रौंद दिया। इस हादसे में वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस घायल वृद्धा को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। जहां चिकित्सकों ने वृद्धा को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कंटेनर को कब्जे में लेकर उसे सीज कर दिया। प्राप्त विवरण के अनुसार हरदोई जिले के बिलग्राम थानाक्षेत्र अंतर्गत ग्राम अल्मापुर निवासी नसीर करीब चार दिनों पूर्व अपनी पत्नी सफीकन 60 वर्ष के साथ अपनी बेटी शहनाज़ की ससुराल बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुरसेनी आए थे। दोनों बुजुर्ग पति-पत्नी आज




गुरुवार को ग्राम सुरसेनी से ई-रिक्शा से अपने गांव जाने के लिए निकले थे। दोपहर के समय नगर के लखनऊ मार्ग तिराहा पर दोनों पति-पत्नी ई-रिक्शा से उतरे। जिसके बाद पति नसीर तो पैदल सड़क पार कर निकल गया। किंतु पत्नी सफीकन चौराहे पर किनारे खड़ी रही। इसी दौरान लखनऊ की ओर से तेज गति आए कंटेनर ने रोड के मोड़ पर खड़ी वृद्धा सफीकन को रौंद दिया। हादसे में वृद्धा लहूलुहान हो गई। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस घायल वृद्धा को आनन- फानन नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। खबर मिलते ही कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजेश पाठक पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और कंटेनर को कब्जे में लेकर उसे सीज कर दिया। पुलिस ने विधिक कार्यवाही कर वृद्धा का शव पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया।

वृद्धा के दुर्घटना में घायल होने की जानकारी उस समय सड़क के उसपार खड़े पति नसीर को नहीं हो सकी। घटना से अनजान नसीर अपनी पत्नी को ढूंढने वापस अपनी बेटी के घर जा पहुंचा। बाद में नसीर के साथ उसकी बेटी के ससुर हाजी अली मोहम्मद सरकारी अस्पताल पहुंचे। तब जाकर मृतका की शिनाख्त हो सकी। मृतका की बेटी के ससुर हाजी अली मोहम्मद ने बताया कि उसका बेटा मोहम्मद अहमद चेन्नई में गमले का कारोबार करता है। कुछ दिनों पूर्व वह यहां अपने घर आया था। बीते बुधवार को उसे चेन्नई के लिए रवाना होना था। इसलिए चार दिनों पहले बेटे मोहम्मद अहमद की सास सफीकन और ससुर नसीर उसके घर आए थे। आज बेटे के सास-ससुर दोनों अपने घर वापस जा रहे थे। तभी रास्ते में दुर्घटना हो गई। मृतका के दो विवाहित पुत्र रहीस और मुनीस तथा दो विवाहित पुत्रियां शहनाज़ और जफरूना हैं। खबर मिलते ही मृतका की बेटी शहनाज़ अस्पताल पहुंची और अपनी मां का शव देखते ही दहाड़े मारकर रोने लगी। मौत की खबर से वृद्धा के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## कटखने बंदरों के आतंक से लोगों में दहशत का माहौल

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



**शुक्लागंज।** गंगाघाट कोतवाली के नगर पालिका क्षेत्र के बिंदानगर चौकी अंतर्गत कई मोहल्लें मंशा खेड़ा, राम नगर, आदर्श नगर, सर्वोदय नगर समेत अन्य मोहल्ले में कटखने बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। बीते कुछ दिनों में इन बंदरों ने दो दर्जन से अधिक बच्चों, महिलाओं और पुरुषों को काटकर घायल कर दिया है, जिससे स्थानीय लोग दहशत में हैं। खासतौर पर छोटे बच्चों को निशाना बना रहे इन बंदरों से बचाव के लिए मोहल्ले के निवासियों ने नगर पालिका प्रशासन को पत्र देकर तत्काल बंदरों को पकड़वाने की मांग की है। वहीं मंशा खेड़ा और रामनगर मोहल्ले में बीते दो दिनों से विशेष रूप से आक्रामक बंदर ने कई बच्चों पर हमला किया है। इसके शिकार बने तनवीर अली की ढाई साल की बेटी दुआ, जाकिर की 7 वर्षीय अहाना, ललित की 6 वर्षीय बिट्टो, सुखदेव की 12 वर्षीय खुशी, प्रदीप की 8 वर्षीय आरोही और विजय की 6 वर्षीय बेटी सीवी। बंदर के काटने से सभी बच्चे घायल हो गए, जिससे स्थानीय लोग बच्चों को घर से बाहर भेजने से डर रहे हैं।

कटखने बंदरों से परेशान होकर मोहल्ले के राहुल वर्मा, अमरनाथ, अनुराग, मोहित, भगवान लाल, फैसल, सलमान समेत कई लोगों ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को शिकायती पत्र दिया है। शिकायत में बताया गया है कि यह बंदर अब तक 20 से 25 लोगों को काट चुका है, लेकिन नगर पालिका प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। मोहल्ले के निवासी बंदरों के आतंक से इस कदर परेशान हैं कि उन्होंने बच्चों को बाहर खेलने तक से रोक दिया है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले सर्वोदयनगर में भी एक कटखने बंदर ने कई लोगों को घायल कर दिया था। तब भी स्थानीय लोगों ने शिकायत की थी, लेकिन प्रशासन ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की थी। अब मंशा खेड़ा और राम नगर में बढ़ते हमलों से लोगों की चिंता और नाराजगी दोनों बढ़ गई हैं। स्थानीय निवासियों ने नगर पालिका से जल्द से जल्द बंदरों को पकड़ने और प्रभावित क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द कोई समाधान नहीं किया गया तो वे उग्र प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे। फिलहाल, बंदरों के आतंक से लोगों में दहशत बनी हुई है और वे नगर पालिका प्रशासन की ओर से किसी सार्थक कार्रवाई की आस लगाए हुए है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव



जन एक्सप्रेस । उन्नाव

मौरावां। मौरावां थाना क्षेत्र में एक विवाहिता ने फाँसी के फंदे में लटक कर अपनी जान दे दी। घटना की जानकारी होते ही स्वजनो में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बछौरा गांव निवासी राखी पत्नी सोनू ने अपने घर के कमरे की छत पर लगे छल्ले में दुपट्टे के सहारे फाँसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। सुबह दरवाजा न खुलने पर स्वजनो ने देखा तो वह कमरे में फाँसी के फंदे पर लटकी

> ग्रामीणों में दबी जुबान में सुगबुगाहट रही कि दिवंगत के पति सोनू का किसी और महिला से अवैध सम्बन्ध थे जिससे दोनों में आए दिन झगड़ा हुआ करता था, और बीती रात दोनों में जमकर तकरार हुई थी जिससे आहत होकर दिवंगत ने ऐसा कदम उठाया।

मिली। शव देखते ही स्वजनों में कोहराम मच गया।घटना में मृतका के एक पुत्री आराध्या 9 वर्ष व पुत्र रंगा 7 वर्ष का रो रो कर बुरा हाल रहा। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## सूखी झील में पड़ा मिला लापता युवक का शव बुधवार देर शाम घर से बिना बताये गायब था युवक





जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**नवाबगंज।** बुधवार देर शाम से लापता युवक का शव घर से कुछ दूर एक खेत में पड़ा देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा। मृतक के पिता ने बेटे के गायब होने की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के झलोतर गांव निवासी अर्सलान उर्फ अमन 24 वर्ष पुत्र माशूम उर्फ कुल्लन बुधवार देर शाम से लापता था। परिजन जिसकी तलाश कर रहे थे। जिसका शव गुरुवार सुबह घर से करीब सात सौ मीटर दूर सूखी झील में पड़ा देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह ने घटनास्थल पर जांच की। जिसमें मृतक की जेब में एक आई फोन, एक की-पैड फोन व ईयर बड्र्स सहित मसाला मिला। जिसको पुलिस ने अपने कब्जे में लिया है। मृतक के पिता कुल्लन ने बताया कि बेटा बुधवार को रात घर से खाना खाने के बाद बगैर बताए कही चला गया था। बड़े बेटे फिरोज ने फोन मिलाया तो फोन बंद बता रहा था। रात को काफी खोजबीन के बाद भी कही कुछ पता नहीं चला। सुबह शव पड़ा होने की जानकारी हुई। घटना स्थल पर चर्चा रही कि मृतक युवक की 22 दिन पूर्व पड़ोसी गांव निवासी एक युवती के पिता ने राजाबाग चौकी में शिकायत की थी। जिसपर पुलिस ने मृतक युवक का शान्ति भंग में चलान किया था। कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह ने बताया कि मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

## डीएम-एसपी ने डायवर्जन प्वाइंट का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



जन एक्सप्रेस । बस्ती

जिलाधिकारी बस्ती रवीश गुप्ता व पुलिस अधीक्षक बस्ती अभिनन्दन द्वारा पवित्र मौनी अमावस्या स्नान उपरान्त जनपद अयोध्या से आने वाली भारी भीड़ व यातायात प्रभावित होने के दृष्टिगत जनपद बस्ती में लगाये गये विभिन्न रूट डायवर्जन का निरीक्षण किया। डीएम, एसपी ने डायवर्जन प्वाइंट- थाना नगर के फुटहिया ओवरब्रिज, थाना कप्तानगंज के हाइवे, थाना हरैया से बभनान मार्ग, राम जानकी तिराहा थाना छावनी, चौकी घघौवा लोलपुर आदि का निरीक्षण किया।

तथा ड्यूटी में लगे अधिकारी कर्मचारीगण को शान्ति व कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती ओमप्रकाश सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर सत्येन्द्र भूषण तिवारी व यातायात प्रभारी अवधेश तिवारी भी मौजूद रहे।

## दुनिया की सबसे बड़ी ताकत हैं महात्मा गांधी : गोप

- बापू की याद में गांधीवादियों ने शुरू किया गांधी स्मृति दिवस, रेठ नदी में किया दीपदान

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

गांधी आज भी दुनिया की सबसे बड़ी ताकत है। वह अपने जीवनकाल से ज्यादा वर्तमान में प्रासंगिक हैं। गांधी को कोई भी गोली से नही मार सकता। वह आज भी हमारे दिलों में गांधी जिंदा है। आप गांधी को जितना जी सकते हो, जी कर देखो। यही उनके प्रति सबसे सच्ची श्रद्धांजलि होगी। यह बात गांधी भवन में गुरूवार को गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट द्वारा महात्मा गांधी के 77वें बलिदान दिवस पर आयोजित गांधी स्मृति कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप ने कही। वहीं सायंकाल आलापुर स्थित रेठ नदी पर दीपदान करके महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गुरूवार को गांधी भवन में कार्यक्रम की शुरूआत गांधी भजन से हुई। इसके उपरान्त पूर्व मंत्री अरविन्द सिंह गोप, नगर पालिका परिषद के चेयरमैन प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह वर्मा,



पूर्व विधायक सरवर अली खान, गांधीवादी राजनाथ शर्मा और पूर्व मंत्री हाजी फरीद महफूज किदवई समेत अन्य लोगों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पूर्व मंत्री फरीद महफूज किदवई ने चरखा चलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार एवं लोकतंत्र रक्षक सेनानी धीरेन्द्र नाथ श्रीवास्तव ने कहा कि महात्मा गांधी जाउम्र सद्भाव के लिए लड़ते रहे। हमें अपने मन में गांधी को जिन्दा रखना है। ताकि हमें नफ़रत से लड़ने की ताकत मिल सके। पूर्व मंत्री फरीद महफूज किदवई ने कहा कि जब महात्मा गांधी ने विदेशी वस्त्रों के बहिस्कार का आन्दोलन चलाया तब मेरे मरहूम चचा सफी अहमद किदवई की बेगम अनीस किदवई ने बापू के आह्वान पर लंदन से बनकर आया बेशकीमती शादी का जोड़ा आग के हवाले कर दिया। यह उनकी गांधी के प्रति आस्था थी। गांधीवादी राजनाथ शर्मा ने कहा कि देश में दो विचारधाराएं चल रही है। इन विचारधाराओं में हमें संवेदना, मानवता, एकता, बंधुत्व और प्रेम की विचारधारा को अपनाना है। जो हमारी आने वाली नस्ल को सवांर सके। पूर्व विधायक सरवर अली खान ने कहा कि जिस शरीर से कुछ लोग घबराते थे, उस विचार से उनके वंशज आज भी डरते घबराते हैं। गाँधी हमें हमारे दिलों से डर निकालने का नाम हैं। गाँधी उस विस्तार का नाम हैं, जो हमेशा बढ़ता जाएगा, जिसका दायरा हमेशा फैलेगा।

पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेन्द्र सिंह वर्मा ने कहा कि गांधी के विचारों से हमें प्रेरणा मिलती है। गांधी के बिना देश की आजादी का संभव नहीं थी। उन्होंने देशवासियों को जगाने और अन्याया, शोषण और अत्याचार के खिलाफ लड़ने का अहिंसक हथियार दिया।

स्मृति सभा का संचालन पाटेष्वरी प्रसाद ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता हुमायूं नईम खान, मो उमैर किदवई, बहराइच के पूर्व सपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मी यादव, वीरेन्द्र प्रधान, मृत्युंजय शर्मा, शरद मिश्राा, सलाउद्दीन किदवई, मोहम्मद सबाह, हसमत अली, विनय कुमार सिंह, प्रहलाद यादव, जाहिद हुसैन, अशोक शुक्ला, सभासद मोहम्मद फैसल, विनोद भारती, भागीरथ गौतम, राफिया, सभासद अष्वनी शर्मा, अहमद किदवई, नसीम खान आदि कई लोग मौजूद रहे।

## राजस्व निरीक्षक सुनील शुक्ला ने बांटे कंबल



जन एक्सप्रेस । बराबंकी

**जैदपुर।** नवाबगंज तहसील द्वारा जैदपुर क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण कराए गए हैं। सरकार द्वारा दिए गए कंबल पाने से जरूरतमंद लोगों को सर्दी से बचने में काफी राहत मिलेगी। कंबल देने के लिए राजस्व निरीक्षक सुनील कुमार शुक्ला स्वयं पात्रों के घर घर जाकर कंबल दिए हैं। राजस्व निरीक्षक सुनील कुमार शुक्ला ने बताया की तहसील द्वारा क्षेत्र के 30 लोगों को कंबल वितरण करने के लिए मिले थे। जिनको जरूरी व पात्र समझा गया उनके घर कंबल जाकर दिए गए हैं। जिससे हर जरूरतमंद को कंबल मिल जाए और सर्दी से वह अपना बचाव कर पाए। इस अवसर पर लेखपाल पंकज कुमार मिश्रा, लक्ष्मी नारयण सगीर अंसारी आदि थे।

## कार्यालय देर से आने वाले कर्मियों के डीएम ने कसे पेच, दी सख्त चेतावनी

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

गुरुवार को ज़िलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट परिसर के विभिन्न अनुभागों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सभी कर्मचारी ससमय कार्यालय पहुँचे और समयांतर्गत अपने कार्यो का संपादन करें। किसी भी दशा में कार्य पेंडिंग न होने पाए। गुरुवार की प्रातः 10 बजे कलेक्ट्रेट परिसर पहुँचे जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कई विभागों के रजिस्टर अपने कार्यालय में मंगवा लिए यह देखने के लिये कि कौन-कौन कर्मचारी देर से आते है, इसके बाद देर से आने वाले कर्मचारियों को उनकी वास्तविक उपस्थित का समय डलवाते हुए कड़ी नसीहत के साथ रजिस्टर पर हस्ताक्षर करवाये और नियमित समय से कार्यालय आने की सख्त चेतावनी दी।

इसके बाद जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर के कई अनुभागों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ई-डिस्ट्रिक्ट कार्यालय की व्यवस्थाओं को देखा और ई- डिस्ट्रिक्ट प्रभारी को



आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग और खनन विभाग का निरीक्षण किया रजिस्टर और पत्रावलियों का अवलोकन किया। परिसर में बने शौचालयों को नियमित साफ और स्वच्छ रखने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। इसके बाद जिलाधिकारी ने एडीएम कोर्ट सहित अतरिक्त मजिस्ट्रेट प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ कोर्ट कार्यालय व परिसर का निरीक्षण किया पत्रावलियों को देखा और रख-रखाव के आवश्यक निर्देश दिये। इसके अलावा कई अन्य अनुभागों का भी डीएम ने औचक निरीक्षण कर कर्मचारियों की कार्यशैली को देखा और समय से कार्यालय आने की नसीहत देते हुए सम्बंधित को कार्यालय और परिसर को स्वच्छ रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने डीपीआरओ और ईओ नगरपालिका को निर्देशित करते हुए कहा कि रविवार को विशेष अभियान चलाकर कार्यालयों और परिसर की साफ-सफाई कराई जाए। उन्होंने कहा कि साफ़ सफ़ाई के प्रति सभी कर्मियों को सदैव सजग रहना चाहिए। इस अवसर पर उनके साथ अपर जिलाधिकारी इन्द्रसेन और प्रशासनिक अधिकारी गुरू सहाय निगम सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अधिवक्ताओं ने एसडीएम को सौंपा सात सूत्रीय मांगपत्र

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

**फतेहपुर।** तहसील परिसर में स्थित न्यायालयों में एक महीने से भी ज्यादा समय बीतने को है। आनलाइन विक्रय-पत्रों का वाद दर्ज नही हो पा रहा है। जिसको लेकर बार संघ द्वारा एसडीएम को एक सात सूत्रीय मांगपत्र भेजकर अविलम्ब व्यवस्था को सुधार किये जाने की मांग की है। मालुम हो कि फतेहपुर तहसील में तीन नायब तहसीलदार एक तहसीलदार एवं तहसीलदार तथा उपजिलाधिकारी न्यायालय व उपजिलाधिकारी का न्यायालय संचालित है। जिसमें आये दिन व्यवस्थाओं के सुधार के लिए बार बेन्च द्वारा लगातार प्रयास किये जाते रहे है। इधर बीते दो माह से विक्रय-पत्रों का आनलाइन वाद न्यायिक अधिकारियों के यहां दर्ज नही हो पा रहा है। ना ही समय से इश्तिहार नोटिस तामीला का ही कार्य हो पा रहा है। अधिवक्ता प्रवीण कुमार पटेल, नियाज वारिस, प्रिन्स कुमार, प्रेम राजपूत अशोक यादव आदि का कहना है कि कागज दुरूस्ती के दर्जनों वादों की समस्त कार्यवाही पूर्ण है किन्तु एसडीएम के न्यायालय से आदेश के लिए महीनों से पेन्डिंग है। हालत ये है कि न्यायिक अधिकारी बहस तो सुन लेते लेकिन नियमानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्दर आदेश पारित नही कर पाते है जिसके चलते वादकारियों अधिक समय तक कचेहरी दौडना पड रहा है। तहसीलदार न्यायिक ने जो करीब डेढ माह पूर्व जिन पत्रावलियों में बहस सुनी थी उसमें अभी तक आदेश नही पारित कर पायी है। कई अधिवक्ताओं का यहां तक कहना है कि तहसीलदार न्यायिक डेढ माह से कचेहरी ही नही आयी है, और तमाम वाद जो विवादित व अविवादित है उनमें कोई आदेश पारित नही हो पा रहा है। अधिवक्ता अपने वादकारियों को समझा बुझाकर उनके वापस कर रहे है। इस सम्बन्ध में पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद वर्मा का कहना है कि तहसीलदार न्यायिक का अतिरिक्त कार्यभार तहसीलदार न्यायालय को दे दिया जाये तो आम जनता को महीनों से कार्यवाही के लिए तरस रही फाइलों में उन्हे परिणाम मिल जाये। इस सम्बन्ध में बार संघ अध्यक्ष प्रदीप कुमार निगम से बात की गयी तो उन्होने बताया कि 25 जनवरी को एसडीएम को पत्र भेजा गया था जिसके माध्यम से यूपीआरसी 2006 की धारा 36 के अन्तर्गत प्रपत्र 13 उपनिबन्धक से तहसीलदार फतेहपुर को भेजवाने के निर्देश देने का आग्रह किया गया था किन्तु अभी समाधान की सूचना नही मिली है। इस सम्बन्ध में एसडीएम राजेश कुमार विष्वकर्मा ने बात की गयी तो उन्होने बताया, कि हमने जिला स्तर पर उच्चाधिकारियों को वाद न दर्ज होने की स्थिति को अवगत करा दिया है। जिला स्तर ने राजस्व परिषद् को अवगत करा दिया है। जल्द ही इस समस्या का समाधान निकल आयेगा।

## चेयरमैन ने असहायों को बांटे कंबल, सर्दी में कंबल बना सहारा

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

**फतेहपुर।** नगर क्षेत्र के एक मैरिज लान में कमर फाउंडेशन के तत्वाधान में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गरीब व असहाय 1200 लोगों को चेयरमैन व कमर फाउंडेशन अध्यक्ष इरशाद अहमद कमर ने गरीबों को सर्दी से राहत देने के लिए कंबल वितरित किए।मालूम हो गुरुवार को नगर फतेहपुर क्षेत्र के मोहल्ला नालापार दक्षिणी स्थित एक मैरिज लान में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सपा के कद्दावर नेता अरविंद सिंह गोप के पुत्र अविरल सिंह गोप का चेयरमैन इरशाद अहमद कमर ने माला पहना उनका स्वागत किया। इस दौरान नगर पंचायत के सभी सभासदों की मौजूदगी में नगर के 19 वार्डों से आए बड़ी संख्या में गरीब महिला व पुरुषों को बारह सौ कंबल वितरित कर सर्दी से राहत देने



का प्रयास किया गया। कंबल पाते ही लोगों के चेहरे खिलने के साथ साथ उनके होठों पर मुस्कान दौड़ गई। वहीं कंबल पाने वाले गरीब लोगों ने चेयरमैन को भरे मन आशीर्वाद व दुआऐं दे रहे थे। इस दौरान चेयरमैन ने अपनी बात पत्रकारों से रखते हुए कहा, कि नगर में जहां भी सर्दी से परेशान गरीब लोगों की जानकारी मिले उन्हें तत्काल इसकी सूचना उपलब्ध करायी जाए। ताकि उन लोगों को भी कंबल उपलब्ध कराया जा सके। इस मौके पर निजामुद्दीन, गुफरान, रिजवान खान, अकील, मोहम्मद हसीब, रिजवान अहमद, फाइल सिद्दीकी, जावेद अख्तर, डॉ फहीम शाहिद बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

### निकला अजगर, फैलायी दहशत, किया रेस्क्यू

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी। तहसील क्षेत्र के पूरे स्वयंवर मजरे मेंडुवा गांव के किनारे खेत में एक अजगर देखे जाने के बाद हड़कंप मच गया घटना की जानकारी वन विभाग को मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तथा घंटो कड़ी मेहनत के बाद दो अजगर सांपों का रेस्क्यू किया। आपको बता दे कि तहसील रामसनेहीघाट क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मेडूवा गांव निवासी राकेश कुमार सिंह के खेत के पास स्थित खाई पर गुरुवार की सुबह खेत गए लोगों ने अजगर देखा इसके बाद हड़कंप मच गया, घटना की जानकारी तत्काल ग्रामीणों ने समाजसेवी व वरिष्ठ पत्रकार रामनारायण मिश्र को दी, श्री मिश्रा ने मौके की स्थिति को देखते हुए मामले की जानकारी वन विभाग रामसनेहीघाट को दी सूचना मिलने के बाद वन विभाग विभाग रामसनेहीघाट के वीट प्रभारी ऋषभ अपने अन्य सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंचे।

## परचून के गोदाम में आग लगने से 60 लाख का नुकसान

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

बड़ेल चौकी क्षेत्र के सतरिख बाराबंकी मार्ग स्थित दरामनगर चौराहा पर बुधवार देर रात शॉर्ट सर्किट से परचून की गोदाम में आग फैल गई। इसकी सूचना पर दमकलकर्मियों के घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान आफिस का फर्नीचर व गोदाम में रखी करीब 60 लाख रूपये की खाद्य सामग्री जलकर नष्ट हो गई।नगर कोतवाली क्षेत्र के श्रीराम कॉलोनी निवासी यशराज जायसवाल पुत्र स्व. राजकुमार जायसवाल की क्षेत्र के ही सतरिख बाराबंकी संपर्क मार्ग स्थित दरामनगर चौराहा पर यशराज एजेंसी नाम से परचून की खाद्य सामग्री का गोदाम व आफिस है। वह रोज की तरह बुधवार को गोदाम व आफिस बंद करके घर चले गए। मगर देर रात करीब साढ़े ग्यारह बजे उनके पड़ोसियों द्वारा गोदाम के अंदर से उठ रहे धुएं की सूचना उन्हें दी गई। वह मौके पर पहुंचे तो अंदर खाद्य सामग्री के गत्तों व बोरो से आग की लपेट उठ रही थी।

इसकी सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड कर्मियों के घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान यहां रखा फर्नीचर, शैंपू, सिगरेट, पान मसाला व दाल आदि खाद्य सामग्री बोरा व गत्ता जलकर नष्ट हो गए। पीड़ित यशराज जायसवाल ने बताया कि करीब 60 लाख रुपए का नुकसान है।


उसके मुताबिक शार्ट सर्किट से आग लगी है।

# आप का मतलब झूठ, फरेब, धोखा

## दिल्ली में गरजे अमित शाह, बोले, इस काम में नंबर 1 हैं केजरीवाल, अब बना रहे बहाने

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को रोहिणी की रैली में कहा कि केजरीवाल कहते थे कि यमुना के पानी को लंदन की थेम्स नदी जैसा बना देंगे और वे खुद उसमें डुबकी लगाएंगे। लेकिन केजरीवाल ने आज तक डुबकी क्यों नहीं लगाई? शाह ने कहा कि आप का मतलब है झूठ, फरेब और धोखा। केजरीवाल ने यमुना को प्रदूषित करके दिल्ली वालों को प्रदूषित पानी पीने के लिए मजबूर किया है। जल बोर्ड के साफ पानी देने के सारे पैसे आप ने भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिए हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल चुनाव जीतने के लिए झूठ बोलना बंद करो। ये कहते हैं कि भाजपा वालों ने दिल्ली के लोगों को परेशान करने के लिए हरियाणा से यमुना में जहर मिलाया है। शाह ने कहा- केजरीवाल बताएं कौनसा जहर मिलाया है, कौनसी लेबोरेटरी में टेस्ट कराया है, उसका नाम बताइए। केजरीवाल चुनाव में अपनी हार को जान गए हैं इसलिए इतनी हल्की राजनीति कर रहे हैं।



### रिहायशी इलाकों से शराब की दुकान बंद करेंगे

इन्होंने कहा था कि हम रिहायशी इलाकों से शराब की दुकान बंद करेंगे। केजरीवाल जी, रिहायशी इलाके तो छोड़िए आपने तो स्कूल और मंदिरों के पास भी शराब की दुकानें खोलने का काम किया। हजारों करोड़ का शराब घोटाला किया। इन्होंने (केजरीवाल ने) कहा था कि हम यमुना के पानी को लंदन की थेम्स नदी जैसा बना देंगे, मैं आकर डुबकी लगाऊंगा। केजरीवाल जी, आज तक आपने डुबकी क्यों नहीं लगाई? इन्होंने कहा था कि अस्पताल के कमरे दोगुना करेंगे। कमरा तो एक भी नहीं बढ़ा, लेकिन इन्होंने दिल्ली वालों का 5 लाख तक का फ्री इलाज भी (जो मोदी जी देते हैं) रोकने का काम किया। दिल्ली वालों आप भाजपा की सरकार बना दो, पहली कैबिनेट में दिल्ली वालों का 10 लाख तक का ऑपरेशन सहित मुफ्त इलाज करवाने का काम भाजपा करेगी।

### केजरीवाल बताएं यमुना में कौन सा जहर?

मैं केजरीवाल से कहना चाहता हूं कि चुनाव जीतने के लिए झूठ बोलना बंद करो। ये कहते हैं कि भाजपा वालों ने दिल्ली वालों को परेशान करने के लिए हरियाणा से यमुना जी के जल में जहर मिलाया है। अरे, केजरीवाल जी कौनसा जहर मिलाया है, कौनसी लेबोरेटरी में आपने टेस्ट कराया है, उसका नाम बताइए। आप कह रहे हैं कि जहर मिलाया हुआ पानी आपने रोक दिया। अरे, यमुना का पानी रुकता है तो गांवों में बाढ़ आती है। लेकिन, आप बताइए दिल्ली के किसी गांव में बाढ़ आई है क्या? दिल्ली में हजारों करोड़ रुपये का घोटाला हुआ। 5 तारीख को दिल्ली की जनता के सामने आप को हटाकर मोदी जी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनाने का मौका है।

### 'केजरीवाल के शीश महल के शीशे टूट जाएं'

अमित शाह ने आगे कहा कि दिल्ली की जनता को कमल के निशान पर बटन दबाना है और भाजपा सरकार बनानी है। बटन इतने जोर से दबाना है कि केजरीवाल के शीश महल के शीशे टूट जाएं। हमारी सरकार बनी तो दिल्ली सुंदर बनेगी, कूड़े के पहाड़ खत्म हो जाएंगे, दिल्ली को भ्रष्टाचार से मुक्त करेंगे, सड़कों और गलियों की शानदार सफाई भी करेंगे और साथ में जल प्रबंधन भी हम करेंगे।

### होली-दिवाली पर एक-एक सिलेंडर मुफ्त देंगे

हमने तय किया है कि भाजपा सरकार बनने के बाद, हर महीने की 5 तारीख से पहले हर माता-बहन को 2,500 रुपये सीधे उनके बैंक खाते में देने का काम करेंगे। हर गर्भवती महिला को हमारी सरकार 21,000 रुपये देगी। 500 रुपये में एलपीजी सिलेंडर मिलेगा और दीपावली एवं होली में एक-एक सिलेंडर मुफ्त मिलेगा।

# राजनीतिक हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं करेंगे

## अजित पवार ने बीड में पार्टी कार्यकर्ताओं को चेताया

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र के बीड जिले में जबरन वसूली मामले में हुई सरपंच देशमुख की हत्या ने राज्यभर की राजनीति को गर्म कर रखा है। इसी बीच महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने गुरुवार को बीड जिला का दौरा किया। जहां एनसीपी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे विकास परियोजनाओं में जबरन वसूली के प्रयासों में शामिल न हों और हमेशा स्वच्छ चरित्र बनाए रखें। बता दें कि अजित पवार के ये बयान भी सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले के संदर्भ में आया, जिसमें एनसीपी के मंत्री धनंजय मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मिक कराड को गिरफ्तार किया गया था।

### पार्टी कार्यकर्ताओं को चेताया

पवार ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि प्रशासन में किसी भी तरह का राजनीतिक हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और किसी को भी विकास कार्यों में जबरन वसूली करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर उन्हें इस तरह की गतिविधियों के बारे में पता चलता है, तो वे



कड़ी कार्रवाई करेंगे, जिसमें मकोका के तहत कठोर सजा भी शामिल होगी।

### हथियार लहराने वालों को भी चेताया

उपमुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि यदि कोई सार्वजनिक जगह पर हथियार लहराता हुआ पाया गया तो उसका लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बदलाव लाने के लिए कानून सबके लिए समान होना चाहिए। साथ ही बीड जिले के विकास के बारे में पवार ने कहा कि वे अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले मामलों पर निर्णय लेंगे और मुख्यमंत्री के साथ मिलकर उन मुद्दों पर चर्चा करेंगे, जिन पर उनका अधिकार नहीं है। पवार ने बताया कि वे जनप्रतिनिधियों और मंत्रियों से सलाह भी लेंगे।

# श्रीलंका की जेल से रिहा हुए तमिलनाडु के छह मछुआरे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तमिलनाडु**

श्रीलंका की जेल से रिहा किए गए तमिलनाडु के रामेश्वरम जिले के छह मछुआरे चेन्नई पहुंच गए हैं। चेन्नई हवाई अड्डे पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि केंद्र और राज्य सरकार के हस्तक्षेप से उनकी रिहाई संभव हो सकी है। कोलंबो से विमान पर सवार होकर बुधवार रात छह लोग यहां हवाई अड्डे पर पहुंचे। राज्य के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया और सड़क मार्ग से उनके गृह जिले तक उन्हें पहुंचाने में मदद की। श्रीलंकाई तटरक्षक बल ने इन मछुआरों को उस समय गिरफ्तार कर लिया था, जब ये 12 जनवरी को मछली पकड़ने निकले थे। कथित तौर पर समुद्री सीमा पार करने के बाद इन मछुआरों की नौका भी जब्त कर ली गई थी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर को पत्र लिखकर गिरफ्तार लोगों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए केंद्र से तत्काल हस्तक्षेप किए जाने की मांग की थी।

# अमेरिका में हादसा: सैन्य हेलीकॉप्टर से टकराया विमान, सभी 67 लोगों के मारे जाने की आशंका



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। वॉशिंगटन**

वाशिंगटन के निकट रोनाल्ड रीगन राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते समय बुधवार को एक यात्री विमान सेना के एक हेलीकॉप्टर से टकरा गया। हादसे में किसी के भी बचने की संभावना कम ही बताई जा रही है। टक्कर के बाद दोनों विमान और हेलीकॉप्टर का मलबा पोटोमैक नदी में डूब गया। हादसे के बाद निकटवर्ती पोटोमैक नदी में बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू किया गया है। फिलहाल 18 शवों के बरामद किए जाने की बात सामने आ रही है। विमानन कंपनी 'अमेरिकन एयरलाइंस' के मुताबिक, विमान में 60 यात्री और चालक दल के चार सदस्य सवार थे। हवाई अड्डे पर विमान परिचालन रोक दिया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि यात्री विमान से टकराए सैन्य हेलीकॉप्टर ने प्रशिक्षण के लिए उड़ान भरी थी। इसमें तीन जवान सवार थे, जिनके मरने की पुष्टि हो चुकी है। कानून प्रवर्तन एजेंसियों के हेलीकॉप्टर जीवित लोगों की तलाश एवं बचाव के लिए घटनास्थल के हवाई क्षेत्र में उड़ान भर रहे हैं। हवाई अड्डे के ठीक उत्तर में जॉर्ज वॉशिंगटन पार्कवे के पास स्थित एक स्थान से बचाव नौकाओं को पोटोमैक नदी में उतारा गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्हें रीगन राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुई भयावह दुर्घटना के बारे में जानकारी दी गई है।

### दोनों विमान नदी में गिरे

वाशिंगटन डीसी मेयर म्यूरियल बोसर ने कहा कि हम अमेरिकन एयरलाइंस के साथ मिलकर काम करना जारी रखेंगे, ताकि जितनी जल्दी हो सके आपके साथ जानकारी साझा की जा सके। दोनों विमान नदी में गिर गए हैं। हमारा ध्यान लोगों को बचाने पर है। हमारे सभी कर्मचारी इसी पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हम केवल यह पुष्टि कर सकते हैं कि प्रत्येक विमान में कितने लोग सवार थे। अमेरिकन एयरलाइंस के विमान में 64 लोग और सैन्य हेलीकॉप्टर में 3 लोग। चीफ डीसी फायर और ईएमएस चीफ जॉन डोनेली ने कहा कि चुनौतियां बहुत ज्यादा हैं। हम जिस पानी में काम कर रहे हैं, वह लगभग 80 फीट गहरा है। वहां हवा और बर्फ के टुकड़े हैं। यह खतरनाक है और इसमें काम करना मुश्किल है। पानी गहरा और गंदा है और गोताखोरों के लिए इसमें गोता लगाना बहुत मुश्किल है।

### सैन्य 'ब्लैकहॉक' हेलीकॉप्टर से टकरा गया विमान

इस बीच अमेरिकी गृह मंत्री ने कहा कि दुर्घटना के बाद राहत एवं बचाव कार्य के लिए तटरक्षक बल सभी उपलब्ध संसाधनों का इस्तेमाल कर रहा है। संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने बताया कि यह टक्कर पूर्वी मानक समयानुसार रात लगभग नौ बजे हुई, जब कंसास के विचिटा से उड़ान भरने वाला एक क्षेत्रीय विमान हवाई अड्डे के रनवे पर पहुंचते समय एक सैन्य 'ब्लैकहॉक' हेलीकॉप्टर से टकरा गया।

### राहत एवं बचाव कार्य जारी

विमानन कंपनी 'अमेरिकन एयरलाइंस' ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि उसे इन खबरों की जानकारी है कि उसका एक विमान इस दुर्घटना में शामिल है। आपातकालीन कर्मचारी विमान दुर्घटना के बाद राहत एवं बचाव कार्य कर रहे हैं।

# कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना, कहा महज दिखावा बनकर रह गई संसदीय समितियां

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक संबंधी संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) के कामकाज के तरीके को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। समितियों के कामकाज के तरीकों लेकर विपक्षी नेताओं ने सर्वदलीय बैठक में अपना विरोध दर्ज कराया। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने आरोप भी लगाया कि वर्तमान सरकार में संसदीय समितियां महज एक दिखावा बनकर रह गई हैं। सर्वदलीय बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा कि संसद सत्र शुरू होने से पहले पारंपरिक रूप से होने वाली सर्वदलीय बैठक में आज सुबह सभी विपक्षी नेताओं ने वक्फ संशोधन विधेयक संबंधी जेपीसी के कामकाज के तरीके पर कड़े शब्दों में अपना विरोध व्यक्त किया है। उन्होंने आरोप लगाया, सभी संसदीय परंपराओं और प्रथाओं का पूरी तरह से मजाक बना दिया गया है।









































स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (राज्य ब्यूरो प्रमुख- संतोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)